रीति की नपी तुली रेखाओं में न बंधने के कारण बिहारी में नायिकाओं की विशेष अवस्थाओं (मुग्धा, मध्या आदि) के चित्र कम मिलेंगे। मतिराम ने इस तरह की अवस्थाओं के चित्रोल्लेखन का सुन्दर प्रयास किया है। मुग्धा खंडिता का एक मनोरम चित्र देखिए—

लिखे कर के नख सों पग को नख, सीस नवाय के नीचे ही जोवै।
बाल नवेली न रूसनों जानति, भीतर भौन मसूसनि रोवै॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


हाथ के नख से पैर के नख को कुरेदना, सिर झुका कर नीचे देखना, मसोस मसोस कर रोना—एक पूर्ण चित्र की संयोजक रेखाएँ हैं। इस चित्र में नायिका के मुग्धत्व और क्षोभ का सुन्दर अंकन हुआ है, और इसमें अभिव्यक्त कवि की भावानुभूति के साथ पाठकों का सहज तादात्म्य हो जाता है। इस चित्र का निर्माण बिहारी के चित्रों की भाँति हावों द्वारा न होकर अनुभावों द्वारा हुआ है। हाव चेष्टाएँ आयासजन्य होने के कारण बहुत कुछ कृत्रिम प्रतीत होती हैं, लेकिन अनुभाव मन पर पड़े हुए बाह्य प्रभावों से प्रेरित होने के कारण अन्तःकरण के सुख दुख के व्यंजक होते हैं। उक्त चित्र में प्रिय के अनौचित्यपूर्ण आचरण के प्रति नायिका का विरोध बहुत प्रभावशाली बन पड़ा है।

एक अभिसारिका की प्रसन्न मुद्रा देखिए—

प्यारे कह्यो हँसि आइहि सेजहि, प्यारी की ज्योति बिलासनि जागी।
नैन नवाय रही मुसकाय कै, हार हिये को सँवारन लागी।।

लज्जासंवलित प्रसन्नता को कितनी सफाई से व्यक्त किया गया है। नयनों का नीचा करना तथा हार सँवारना इन दो रेखाओं के बीच मुसकान का रंग इस चित्र को भावसंवलित बना देता है।

उपर्युक्त दोनों रचनाओं में क्रमशः मुग्धा खंडिता तथा मध्याभिसारिका नायिकाओं की शालीनता (माडेस्टी) व्यक्त करने के लिये कितने प्रभावोत्पादक व्यापारों का कुशलता-पूर्वक चयन हुआ है।

नायिका की उत्कंठा, चकपकाहट, ग्लानि, आश्चर्य आदि को रूप देने में देव ने अपनी दृष्टि का परिचय दिया है। मनोरम प्राकृतिक पृष्ठिभूमि, नायिका के विविध क्रिया कलाप और छाया प्रकाश के आनुपातिक संयोग को देव ने एक ही चित्र में बड़े आकर्षक ढंग से अनुस्यूत किया है—

खरी दुपहरी हरी भरी फरी कुंज मंजु,
गुंज अलि पुंजन की देव हियो हरि जाति।
सीरे नद नीर तरु सीतल गहरी छांह सोवैं,
परे पथिक पुकारैं पिकी करि जाति।।
ऐसे में किसोरी भोरी कोरी कुम्हिलाने मुख,
पंकज से पाय धरा धीरज सों धरि जाति।
सौहें धाम स्याम मग हेरति हँथेरी ओट,
ऊँचे धाम बाम चढ़ि आवति उतरि जाति।।

प्रथम दो पंक्तियों में तीन दृश्य हैं—खरी दुपहरी, हरे भरे सुन्दर कुंज और अलियों की गूँज। 'खरी' विशेषण दुपहरी की चिलचिलाहट को पूर्ण रूप से प्रत्यक्ष कर देता है। दूसरी दो पंक्तियों में चार दृश्य हैं—नदियों का शीतल जल, तरुओं की गहरी शीतल छाया, सोए हुए पथिक और कोकिल की पुकार। इन पंक्तियों में 'सीरे' और 'गहरी' विशेषण चित्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



को गंभीरता और ताजगी से परिपूर्ण कर देते हैं। ज्येष्ठ के प्रकाश में छाया की गहनता और भी अधिक हो जाती है। दो विरोधी रंगों (छाया प्रकाश) के कारण चित्र की प्रभावोत्पादकता और बढ़ गई है, यह हुई चित्र की पृष्ठभूमि। इस सन्नाटे में उत्कंठिता नायिका ऊँचे धाम की ऊपरी छत से हथेली द्वारा सामने की धूप का निवारण करती हुई श्याम की बाट जोहती है, फिर नीचे उतर आती है। यह उतरना चढ़ना बराबर लगा रहता है। इस चित्र में प्राकृतिक पृष्ठिभूमि का केवल चित्र की दृष्टि से ही महत्व नहीं है, बल्कि उसका प्रतीकात्मक (सिम्बालिकल) अर्थ भी है। ज्येष्ठ की दुपहरी का वातावरण मिलन की दृष्टि से अत्यंत निरापद है, क्योंकि तरुओं की छाया में यात्री निश्चिन्ततापूर्वक सो रहे हैं। लेकिन इस चिलचिलाती धूप में भी उत्कंठा का आतिशय्य नायिका को घर के ऊपर नीचे चढ़ने उतरने के लिये बाध्य करता है। इस चित्र में शब्द, रूप, रस, स्पर्श और गंध सभी का न्यूनाधिक मात्रा में समावेश हुआ है।

संकेत स्थल पर प्रिय को न पाकर नायिका की स्तब्धता और किंकर्तव्यविमूढ़ता का एक अत्यंत मनोरम चित्र खींचते हुए देव ने लिखा है—

देव कछू रद बीरी दबी सु हाथ की हाथ रही मुख की मुख।

अनुभावों द्वारा चित्रयोजना में देव बेजोड़ हैं। अनुभाव का संबंध मन से होने के कारण इनके द्वारा अंकित चित्रों में मन की विविध दशाएं स्वतः अभिव्यक्त हो उठती हैं। देव की कविता में इस तरह के अनुभाव निर्मित चित्र अधिक हैं। यहां अनुभावों द्वारा निर्मित एक दूसरी सजीव चित्र कल्पना भी देखने ही योग्य है—

सुख दै बुलाइबन सूनौ दुख दूनो दियो,<br>
एकै बार उससे सरोस सांस सरकनि।<br>
औंचक उचकि चित चकित चितौत चहूँ,<br>
मुकरतहरानि थहरानि कुच थरकनि।<br>
रूप भरे भारे वे अनूप अनियारे दृग—<br>
कोरनि डरारे कजरारे बूंद ढरकनि॥<br>
देव अरुनई अरु नई रिसि छवि सुधा<br>
मधुर अधर सुधा मधुर की फरकनि॥

इस चित्र में ऊर्ध्व निःश्वास भरना, चकित होकर चतुर्दिक देखना, आंखों से कजरारी बूंदों का ढलना वियोग वेदना के द्योतक हैं। 'मुकुतहरानि थहरानि कुच थरकन' में देव ने कुच के प्रकंप से मुक्ताहल के हिलने का जो दृश्य अंकित किया है वह चित्र की मार्मिकता, प्रभावोत्पादकता और शोभा को द्विगुणित कर देता है। अनुभावों से प्रभावित जिस स्वाभाविक व्यापार पर कवि की दृष्टि गई है, वह पाठकों के मन में भी एक रागोद्रेक उत्पन्न करने में समर्थ है। नायिका की स्वाभाविक ललाई नए क्रोध से मिश्रित होने पर उसके लावण्य को और भी शोभन बना देती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


मतिराम के सरस और देव के भावोन्मेषपूर्ण चित्रों में भी प्रधानता बाह्य रेखाओं की ही है लेकिन इनमें खीझ व्यथा, उत्कंठा आदि मानसिक दशाओं को इस प्रकार अंकित किया कि शब्द, स्पर्श, गंध आदि का उनमें संनिवेश हो गया है। इनकी नायिकाओं के बाह्य क्रियाकलाप उनके सचेष्ट व्यापार नहीं हैं, वे विशेष मानसिक दशाओं के सूचक हैं। इसके परिणाम स्वरूप ये चित्र इंद्रियसंवेद्य हो गए हैं। किंतु जहां रूप सौंदर्य का चित्र उपस्थित किया गया है वहां ऐंद्रिय उत्तेजना की झलक साफ दिखाई पड़ती है।

जहां तक संश्लिष्ट चित्र कल्पना का संबंध है, इस काल में 'पद्माकर' का विशेष महत्व है। संश्लिष्ट चित्र उपस्थित करने में वे ब्योरों पर उतना ध्यान नहीं देते जितना प्रभावान्विति पर। होली से संबद्ध अनेक चित्रों में केवल रेखाओं की सफाई में ही चित्र कल्पना का उत्कर्ष देखने वाले आलोचकों, घनत्व, ताजगी और भावोत्तेजक क्षमता ढूंढने वाले अभ्यासियों और रूप, रस और गंध की खोज करने वाले काव्य रसिकों को समान रूप से मनस्तोष मिलेगा। इनका एक अति प्रसिद्ध कवित्त देखिए—

आई खेलि होरी घरै नवल किशोरी कहूँ,
बोरी गई रंग में सुगंधनि झकोरे है।
कहै पदमाकर इकंत चलि चौकी चढ़ि,
हारन के बारन तें फंद बंद छोरे है॥
घाघरे की घूमनि सु उरून दुबीचे दाबि,
आंगी हूँ उतारि सुकुमारि मुख मोरे है।
दंतनि अधर दाबि दूनरि भई सी चापि,
चौवर पंचौवर कै चूनरि निचोरे है॥

पद्माकर का यह चित्र अत्यंत शोभन और ऐंद्रिय है। एकांत स्थान में चूनर निचोड़ती हुई नायिका की स्वाभाविक भंगिमाएं अपने आप में अत्यधिक आकर्षक तो हैं ही, ये पाठकों के मन में भी भावात्मक अनुकूलत्व (इमोशनल रिस्पोन्स) उत्पन्न करने में पूर्ण समर्थ है।

**वर्ण चित्र**—काव्य में जहां नपी तुली बाह्य रेखाओं द्वारा चित्र निर्मित किए जाते हैं, वहां वर्णों द्वारा भी उनका निर्माण होता है। वर्ण योजना में कवि का अभिप्रेत केवल वर्ण योजना नहीं है, बल्कि इसके द्वारा अभीप्सित भावों की अभिव्यक्ति करना तथा इन्हें पाठकों तक प्रेषणीय बनाना है।

रीतिकालीन कवियों ने रंगों का चुनाव मुख्यतः तीन क्षेत्रों से किया है—

(१) प्रकृति के क्षेत्र से, (२) वस्त्राभूषणों के क्षेत्र से तथा, (३) पावक और दीप शिखा के क्षेत्र से। प्राकृतिक उपकरणों को दो कोटियों में रखा जा सकता है—आकाशस्थित (सूर्य, चन्द, नक्षत्र, बादल, बिजली आदि) तथा लता, पुष्प, पल्लव आदि (मालती, मल्लिका, कुंज, गुलाब, सोनजुही, बंधूक, जपा, बंधूक, गुल्लाला, कुंदकली, नवकिसलय, कमलपत्र इत्यादि)। वस्त्राभूषणों में रंगीन और कामदार साड़ियाँ, अंगिया,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


चुनरी तथा विविध आभूषण, मणि माणिक्य, विद्रुम, मुक्ता आदि संनिविष्ट हैं। पावक और दीपशिखा की ज्योति अंगद्युति को प्रकाशित करने के लिए ले आई गई है। इन समस्त उपादानों का उपयोग चित्र को आकर्षक और भावोद्दीपक बनाने के लिए किया गया है। उनका महत्व अपने आप में न होकर रंग के प्रभाव को आकर्षक और मादक बनाने में है। सच तो यह है कि रंग तो गिने गिनाए रहते हैं, चित्रकार की सफलता उनके आनुपातिक मिश्रण और औचित्यपूर्ण चुनाव पर निर्भर करती है। रीति काव्यों में वर्ण योजना के प्रायः पाँच प्रकार मिलते हैं—

१—नायिका का आंगिक वर्ण

२—अनुरूप वर्ण योजना (मैचिंग कलर)

३—वर्णों का मिश्रण (कांबिनेशन आफ कलर)

४—प्रतिरूपवर्ण योजना (कांस्ट्रास्टिग कलर)

५—वर्ण परिवर्तन (चेंज आफ कलर)

नायिका के अवयवों के रंग निर्देश के निमित्त जिन उपकरणों का उपयोग किया गया है वे बहुत कुछ वर्णनात्मक हो गए हैं। ऐसी स्थिति में वे ऐंद्रिय अनुभूति जागरित करने में अशक्त हैं। उन्हें रूढियों के अंतर्गत ही समझना चाहिए। कंचन, केसर, सोनजुही, बिजली आदि के रंगों द्वारा नायिका के शरीर का जो रंग निर्देश किया गया है वह परंपरा-भुक्त परिपाटी पर आधारित है। उदाहरणार्थ चरणों के लिये यह कहना कि 'विद्रुम और वंधूक जपा गुललाला गुलाब की आभा लजावति', तथा 'कौहर कौंल जपा दल विद्रुम का जितनी जो वंधूक में होती हैं' परिगणन परिपाटी के द्योतक हैं।

जड़ वर्णों को जब कवि अपने प्रयोग से जीवंत बना देता है तब कविता भी प्राणवान हो उठती है। रीतिकाल के कुछ कवियों ने रंगों में इस तरह की प्राणप्रतिष्ठा कर नायिका के लावण्य को अत्यंत प्रभावोत्पादक ढंग से मूर्तिमान किया है। यहाँ कुछ उदाहरण दिए जाते हैं—

पाँव धरै अलि ठौर जहाँ तेहिं ओर ते रंग की धार सी धावति।

—सुन्दरी तिलक, छं० ५

भीतर भौन ते बाहिर लौं द्विजदेव जुन्हाई की धार सी धावति।

—वही, छं० ११

इन पंक्तियों में अलग दो रंगों का चुनाव किया गया है—लाल और श्वेत। पाँव की प्रकृत ललाई के लिये रंग की लाली और शरीर की द्युति के लिये ज्योत्सना की तरलता उपस्थित की गई है। नायिका जहाँ पैर रखती है वहाँ से रंग की धारा सी दौड़ पड़ती है। दौड़ती हुई रंग की धारा हमारे संमुख जो चित्र उपस्थित करती है उसमें पैरों की सुकुमारता कोमलता और ललाई का जो भावात्मक ऐंद्रिय बोध होता है उससे नायिका के समस्त सौंदर्य की भी एक मनोरम कल्पित झांकी मिल जाती है। दूसरा चित्र पहले की अपेक्षा अधिक ऐंद्रिय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और सौंदर्यबोधात्मक है। 'जुन्हाई की धार' 'रंग की धार' की अपेक्षा मूर्त प्रत्यक्षीकरण में अधिक समर्थ है, क्योंकि हमारे दैनिक जीवन से इस का गहरा लगाव है। ज्योत्सना में स्वयं एक प्रवाह होता है, जो अपने आप रंग में ही नहीं होता। 'जुन्हाई की धार' पद हमारे सामने शुभ वर्णी, तन्वंगी, ज्योति की तरंगों पर तैरती हुई सी एक अशेष सुकुमार सुन्दरी का भावोद्रेक पूर्ण चित्र प्रत्यक्ष करता है। घर के भीतर से बाहर तक (जहां तक नायिका आती है) चांदनी की दौड़ती हुई धारा उसके असाधारण सौंदर्य और अंग ज्योति की सूचना देती है।

**अनुरूप वर्ण योजना**—अनुरूप वर्ण योजना के अंतर्गत वे चित्र आते हैं जिनमें बहुत कुछ मिलते जुलते रंगों (मैचिंग कलर्स) का प्रयोग इस ढंग से होता है कि सौंदर्य में एक नवीन आकर्षण आ जाय। कुछ उदाहरण देखिए—

सहज सेत पचतोरिया, पहिरे अति छबि होति।
जल चादर के दीप लौं जगमागाति तन जोति॥

बिहारी

अंगन में चंदन चढ़ाय घनसार संग,
सारी छीर की सी आभा उफनाति है।

मतिराम

दास पग पग दूनो देह दुति दगदग,
जग जग ह्वै रही कपूर धूर सारी पर।

भिखारीदास

इन तीनों चित्रों में श्वेत रंग की साड़ी और गोरे रंग के शरीर में रंग की एकरूपता ले आई गई है। इस वर्ण योजना का प्रयोजन है अनुकूलवेश विन्यास द्वारा नायिका की रूपानुभूति का भावात्मक चित्रण। श्वेत साड़ी के प्रभाव से तीनों कवियों की नायिकाओं की अंगदुति एक नई ज्योति से जगमगाती हुई दिखाई दे रही है। अनुरूप वर्ण योजना के सहारे नायिका को ऐंद्रिय आकर्षण का केंद्र बताते हुए उसके वैभव विलास को भी अंकित किया गया है।

**वर्णों का मिश्रण (कांबिनेशन आफ कलर)**—वर्णों के मिश्रण में कवि को दुहरे दायित्व का निर्वाह करना पड़ता है। एक ओर उसे चित्र विशेष के अनुकूल रंगों का चुनाव करना पड़ता है दूसरी ओर रंगों के आनुपातिक मिश्रण पर भी ध्यान देना पड़ता है। विहारी और देव में विविध रंगों के मिश्रण की कला विशेष रूप से दिखाई पड़ती है। इन दोनों में भी रंगों की छायाओं (शेड्स आफ कलर) की अद्भुत पकड़ में बिहारी की दृष्टि अधिक अचूक है।

बिहारी का रंग परिज्ञान तथा उचित रंगों के मेल की क्षमता "सतसई" के प्रथम दोहे से ही परिलक्षित होने लगती है। राधिका के पीतवर्ण की छाया में श्री कृष्ण का श्यामवर्ण हरा हो जाता है। इस दोहे में राधिका की शोभा, सौंदर्य और अंगद्युति की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


अलौकिकता को उभार कर सामने रखना ही कवि का मुख्य प्रयोजन है। इसी तरह कई रंगों के मेल से बांसुरी की इंद्रधनुषी शोभा देखिए—

अधर धरत हरि के परत ओठ डीठि पट जोति ।
हरित बांस की बांसुरी, इन्द्र धनुष छबि होति ।।

मूलवर्ण केवल पांच होते हैं—श्वेत, रक्त, पीत, कृष्ण ओर हरित । "श्वेतो रक्तास्तथा पीतः कृष्णो हरितमेव च मूलवर्णाः तमाख्याताः पंच पार्थिव सत्तम् ।" बांसुरी के हरे रंग पर आंखों के श्वेत कृष्ण रंग, ओठ के लाल रंग और पीतांबर के पीत वर्ण की छाया पड़ती है, इनके संमिश्रण से वंशी इन्द्र धनुष के रंग की हो जाती है। यहां पर वर्ण तरंगों से श्रीकृष्ण की एक अत्यंत मोहक भंगिमा की व्यंजना भी हो जाती है।

वयः संधि की अवस्था को बिहारी ने "धूपछांह" के रंग में देखा है—

छुटी न सिसुता की झलक, झलक्यो जोबन अंग ।
दीपति देह दुहून मिलि, दिपत ताफता रंग ।।

"धूपछांह" के रंग संकेत से वयःसंधि की रेशमी शोभा कितनी भावपूर्ण हो गई है !

देव के वर्ण चित्रों में कई रंगों के मिश्रण प्रायः कम दिखाई पड़ते हैं। इन्होंने प्रायः एक रंग से ही चमत्कार प्रदर्शन का प्रयास किया है, इनके चित्रों में रंगों का वैभव तो दिखाई पड़ता है, किन्तु उनके मिश्रण द्वारा नए भावात्मक चित्र खड़े करने में उनका मन नहीं रम सका है। एक उदाहरण है—

मांग गुही मोतिन भुअंग ऐसी बेनी उर ,
उरज उतंग औ मतंग गति गौन की ।
अंगना अनंग कैसी पहिरे सुरंग सारी ,
तरल तुरंग दृग, चाली मृग दौन की ।
रूप की तरंगनि बरंगनि के अंगनि से ,
सोधें की अरंग लौं तरंग उठे पौन की ।
सखी संग रंग में कुरंग नैनी आवै तोलौं ,
कैयो रंगमई भूमि भई रंग भौन की ।।

आइये पहले इस पर "रूप भेद" की दृष्टि से विचार करें। "रूप भेद" के अनुसार केवल रूपाधायक अंगों को ही अंकित करना चाहिए, लेकिन प्रारंभिक पंक्तियों में कवि ने नखशिख वर्णन की परंपरा के अनुसार रूढ़ अंगों का भी उल्लेख किया है। आवश्यकतानुसार इसमें हल्के गहरे रंगों का स्पर्श भी नहीं दिखाई पड़ता है, इसलिये "प्रमाण" की दृष्टि से इस चित्र का औचित्य नहीं ठहराया जा सकता। रंगों की तड़क भड़क ने चित्र के सौंदर्य को बहुत कुछ विकृत कर दिया है। भाव योजना की दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व नहीं आंका जा सकता। हां, कुछ पंक्तियों में लावण्य की सुष्ठु योजना की गई है। सादृश्य और "वर्णिका भंग" की दृष्टि से भी इस चित्र को महत्वपूर्ण नहीं कहा जा सकता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


इस चित्र में नायिका के रंग रूप द्वारा बहुरंगी रंगभूमि की कल्पना को साकार करने का प्रयास तो अवश्य किया गया है किन्तु इसमें स्वयं रंगों का महत्व इतना अधिक हो गया है कि ऐंद्रिय अनुभूति (सेंसुअस फालिंग) की अपेक्षित अन्विति नहीं हो पाई है।

तीन रंगों के मेल से पद्माकर ने जो चित्र खींचा है उसमें जो ताजगी (फ्रेशनेस) और वातावरण निर्माण की क्षमता है वह कम चित्रों में दिखाई पड़ती है—

जाहिरै जागति सी जमुना जब बूड बहै उमहै वह बेनी।
त्यों पदमाकर हीर के हारनि गंग तरंगन को सुखदेनी॥
पांयन के रंग सों रंगि जाति सी भांति ही भांति सरस्वति सेनी।
पैरै जहां ही जहां वह बाल तहां तहां ताल में होत त्रिबेनी।

इस चित्र में कहीं हल्के कहीं गहरे रंग स्पर्श से नायिका की छवि अंकित की गई है। 'बूड़ बहै उमहै' शब्दों से गतिशील यमुना का दृश्य आंखों के संमुख उपस्थित हो जाता है हीरे के हार के स्पर्श से गंगा की तरंगों की भांति ताल का जल भी शुभ्र हो जाता है। पांवों का रंग जल को सरस्वती के रंग में रंग देता है। यहां पर नायिका का सौंदर्य रेखाओं में नहीं बल्कि रंगों में बांधा गया है। चित्र की दृष्टि से यह 'वर्णिका-भंग' का श्रेष्ठ उदाहरण है। वास्तव में कवि यहां पर एक अत्यधिक सुंदरी नायिका का रूप खड़ा करना चाहता है। विविध रंगों के मेल से सौंदर्य संगम का नयनाभिराम दृश्य उपस्थित करने में उसे यहां पूर्ण सफलता मिली है, इसमें संदेह नहीं।

बिहारी नायिका की अंगुली का वर्णन करते हुए त्रिवेणी का दृश्य उपस्थित करते हैं।

गोरी छिगुनी नख अरुन छला स्याम छबि देय,
लहत मुकुति, रति पलक यह नैन त्रिबेनी सेय।

एक चित्र में अंगुली की गुराई, नख की ललाई और उसमें पहने हुए लोहे के छल्ले को एक स्थान पर एकत्र कर देने मात्र से रगों को एकान्वित नहीं किया जा सकता। इससे न तो कोई मूर्त प्रत्यक्षीकरण हो पाता है, और न प्रभावोत्पादन की क्षमता ही व्यक्त हो पाती है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि विविध रंगों के मिश्रण से नायक अथवा नायिका का जो रूप चित्रण रीति काव्य में किया गया है उसके मूल में कवि का उसे मोहक बनाने का ही दृष्टिकोण निहित है। इस रंग मिश्रण के द्वारा भी नायिका के वैभव और रूप श्री दोनों को अभिव्यक्त किया गया है।

**विरोधी वर्ण योजना (कांट्रस्टआफ कलर)**—विरोधी रंगों का प्रयोग यद्यपि इस काल के कवियों ने कम किया है फिर भी कुछ स्थलों में इनके द्वारा नायिका की जगमगाती छवि के बड़े ही आकर्षक चित्र अंकित किए गए हैं।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


इस कला में भी बिहारी सबसे प्रवीण हैं। इस तरह के उनके दो चित्र दिए जाते हैं—

छप्पो छबीलो मुख लसै गीले आंचर चीर।
मनौ कलानिधि झलमलै, कालिंदी के नीर।
सोनजुही सी जगमगै, अंग अंग जोबन जोति।
सुरंग कुसुंमी चूनरी, दुरंग देह दुति होति।

पहले दोहे में नीले और श्वेत रंग का विरोध है और दूसरे में पीले और लाल का। एक में उक्त विषया-वस्तुत्प्रेक्षा और दूसर में पूर्णोपमा अलंकार द्वारा चित्र को अच्छी तरह निखार दिया गया है। पहले में रूपाधायक अंश मुख्य है दूसरे में संपूर्ण अंग की कांति। इस तरह नायिका की जगर मगर करती हुई अंग ज्योति के वर्णन द्वारा उसका संपूर्ण सौंदर्य प्रतिभासित हो उठा है।

लेकिन जहाँ पर बिहारी ने चमत्कार प्रदर्शन के निमित्त गोरे मुख में चंदन की विंदी को मद की लाली की पृष्ठभूमि में उभार दिया है अथवा नीलमणि जटित लौंग को चंपा कली पर बैठा हुआ भौंरा कह कर पीले और काले दो विरोधी रंगों द्वारा चित्र को रूप देने का प्रयास किया है वहाँ न तो काव्य सौंदर्य प्रस्फुटित हो पाया है और न कोई रूप ही संमूर्तित हो सका है।

**वर्ण परिवर्तन**—वर्ण परिवर्तन मानवीय भावों का बैरोमीटर तथा मनःस्थितियों का प्रकाशक व्यापार है। इसकी गणना सात्विक अनुभावों के अंतर्गत होनी चाहिए। पश्चिम के कवियों ने चेहरे में लज्जा की ललाई (ब्लश) का प्रचुर वर्णन किया है। रीति कवि गिने गिनाए अनुभावों के चतुर्दिक चक्कर लगाने के कारण स्वतंत्र रूप से अनुभावों की अभिव्यक्ति प्रायः नहीं कर सके हैं। लेकिन ढूँढने पर वर्ण परिवर्तन के कुछ अच्छे उदाहरण मिल जाते हैं।

नायक ने मौलश्री की माला सखी द्वारा नायिका के पास भेजी है। सखी नायिका को माला पहना कर आई है और नायक से नायिका की दशा का वर्णन करती है—

पहिरत ही गोरे गरें, यों दौरी दुति लाल।
मनौ परसि पुलकित भई, मौलसिरी की माल।।
—बिहारी

मौलश्री के स्पर्श से उसे नायक के स्पर्श का अनुभव हुआ, अतः उसका सारा शरीर रोमांचित हो उठा। यहीं नहीं माला गले में पड़ते ही उसकी अंगदीप्ति में ललाई दिखाई देने लगी। गोरेपन का सहसा बदलकर ईषत् लाल हो जाना नायक के प्रति उसके प्रेम की अभिव्यक्ति ही है।

लज्जा के कारण लाल होने का एक दूसरा चित्र देखिए—

ज्यौं ज्यौं परसत लाल तन, त्यों त्यों राखे गोय।
नवल बधू डर लाज तें, इंद्रबधू सी होय।।
—मतिराम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


यह नवोढ़ा नायिका का उदाहरण है। प्रिय के स्पर्शमात्र से वह डर और लज्जा के कारण संकुचित होती जाती है और उसका रंग इंद्रबधू के रंग का हो जाता है। 'इंद्रबधू' शब्द हमारे सामने केवल वर्णपरक परिवर्तन ही नहीं उपस्थित करता, बल्कि अपने में सिमटती हुई अत्यन्त सुकुमार बधू का प्रत्यक्षीकरण भी कराता है। इंद्रबधू भी स्पर्श से ही संकुचित हो जाती है।

शरीर के रंग की छाया से नायिका की माला का रंग बदल गया है, किन्तु अज्ञात यौवना होने के कारण उसे इसका पता नहीं चलता। इस वर्ण परिवर्तन का एक अत्यंत मार्मिक चित्र उपस्थित करते हुए 'बेनी प्रवीन' ने लिखा है—

काल्हई गूंथि बबाकि सौं मैं, गजमोतिन की पहिरी अति आला।
आई कहां ते इहां पुखराज की, संग गई यमुना तट बाला॥
न्हात उतारी हौं "बेनी प्रवीन" हंसै सुनि बैनन नैन रसाला।
जानत ना अंग की बदली, सब सों बदली बदली कहै माला॥

बाबा की शपथ खाकर मैं सच कहती हूँ कि अभी तो कल ही मैंने गजमोतियों की माला गूँथ कर पहनी थी। यह पुखराज की माला कहां से आ गई? क्या यमुना तट पर स्नान करते समय किसी की माला से बदल तो नहीं गई?

उस बेचारी मुग्धा नायिका को क्या पता कि शरीर की पीताभ छाया के कारण गजमुक्ताओं की श्वेत माला का रंग कुछ इस प्रकार बदल गया है कि उससे पुष्पराग मणियों की माला की भ्रान्ति होती है। यहां पर वर्ण परिवर्तन के सहारे नायिका के सौंदर्य की जो व्यंजना की गई है वह अतिशय मनोरम और हृदयग्राही है।

बिहारी के उपर्युक्त दोहे में कोई दूती नायक से नायिका की प्रेमानुभूति का चित्र खींचकर नायक के मन की ललक को और भी अधिक बढ़ा देने का उपक्रम कर रही है। मतिराम के दोहे में नायिका को विशेष परिस्थिति में डालकर उसे छुई मुई दिखाने का अभिप्राय उसके प्रति नायक के आकर्षण को और भी तीव्र बना देना है। बेनी प्रबीन का वर्ण परिवर्तन द्वारा नायिका के सौंदर्य के अंकन का उद्देश्य भी इससे भिन्न नहीं है। चाहे अनुरूप वर्ण योजना हो चाहे प्रतिरूप वर्ण योजना सभी वर्ण योजनाओं द्वारा मुख्य रूप से नायिका के सौंदर्य को आकर्षणमूलक और उन्मादक बनाने का प्रयास किया गया है। कवि के चेतन मन का निर्माण उसकी सम-सामयिक परिस्थितियों द्वारा होता है। सामंतीय वातावरण में इसी तरह के रूप लावण्य और वैभव समन्वित नायिकाओं के वर्णन की आवश्यकता भी थी।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# कला और उसका रूप

## रामचन्द्र शुक्ल, का० हि० वि० वि०

कला पर अनेक विद्वानों ने आदि काल से असंख्य विचार व्यक्त किये हैं और अभी भी इसमें कमी नहीं हुई है। हर एक विद्वान कला पर बिना अपने विचार व्यक्त किये नहीं रहता और प्रत्येक विद्वान कुछ नई बात कहने का प्रयास करता है और उसे ही सत्य समझता है। अर्थात् कला पर "जितने मुंह उतनी बातें" वाली कहावत पूर्णतया चरितार्थ होती है। यह कहना अगर असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है कि कभी इसका अन्त होगा या कोई निश्चित परिभाषा बन सकेगी। इससे तो यही व्यक्त होता है, कि कला की कोई निश्चित परिभाषा न आज तक बनी है, न बन सकेगी। या हम यूँ कहें, कला प्रगतिशील है, नये रूप रखकर प्रत्येक बार सामने आती है और प्रत्येक बार उसकी नई परिभाषा बनती है। आज तक बनी हुई सभी परिभाषायें हमारे सन्मुख हैं। अक्सर इन्हीं में से किसी एक को हम चुन लेते हैं और कुछ नये शब्दों में उसे रख कर हम समझते हैं कि हमने एक नई परिभाषा बना ली है, पर यह किसी से अधिक समय तक छिपा नहीं रहता। सच बात तो यह है, कि कला के बारे में अब तक इतना अधिक सोचा जा चुका है कि कोई नई बात कहने का प्रयास करना खतरे से खाली नहीं। मैं तो यहां केवल यही विचार करना चाहता हूं, कि आज का कलाकार रचना करने में अपने सन्मुख क्या ध्येय रख सकता है, जो आज के तथा भावी समाज के हित में हो और मानव संस्कृति को उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर ले जा सके।

आइये विचार करें कि चित्रकार किस प्रकार के चित्र बना सकता है। साधारणतया सब से सरल तो यही है, कि जो चीजें हम देखते हैं, उनका चित्र हम सरलता से बना सकते हैं। दूसरा प्रयास यह हो सकता है कि चीजों को अपने मन के अनुसार सजा कर तब उसका चित्रण करें। तृतीय यह कि चीजों को अपनी इच्छानुसार सुधार कर बनायें। चतुर्थ यह कि अपनी कल्पना से उसमें कुछ और जोड़ें। पंचम यह कि आखों देखी चीजों को न चित्रित कर केवल काल्पनिक वस्तुओं का चित्रण करें और अन्तिम यह कि बिना सोचे विचारे अपनी तूलिका को कागज पर अनायास चलने दें और जो कुछ बन जाय बनने दें। इसके अतिरिक्त और जो कुछ भी हो सकता है, वह यही कि किसी कवि की कविता, किसी कथा या किसी प्रकार के अन्य कथागत साहित्य के सहारे चित्र रचना की जाय। इस प्रकार सम्भवतः इन्हीं सात प्रकार के चित्र रचना की हम कल्पना कर सकते हैं और आज तक बने संसार के सभी चित्र इनमें से किसी न किसी कोटि में रक्खे जा सकते हैं। अभी तक सबसे अधिक चित्र रचना कविता, कथा तथा अन्य साहित्यिक रचनाओं के आधार पर ही हुई है और आज भी यह होती जा रही है। वैसे संसार के कलागत इतिहास में उपरोक्त सभी प्रकार के चित्र, कम चाहे अधिक, कभी न कभी अवश्य बनते रहे हैं और साधारणतया इनसे बाहर निकलना मुश्किल है। तो आज का कलाकार क्या करे ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


दो बातें इस दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं—कलाकार चित्र क्यों बनाता है और किसके लिये बनाता है। सृष्टि के आदि काल से ही मनुष्य कला के कार्यों में रुचि लेता आया है और इसी आधार पर हमारी आज की संस्कृति तथा सभ्यता का निर्माण हुआ है। हम यही कह सकते हैं कि रचना मनुष्य की एक जन्म जात स्वाभाविक प्रवृत्ति है। किसी न किसी रूप में यह सभी में विद्यमान रहती हैं। रचना करने के अनेक माध्यम हैं, और चित्रकला भी उनमें से एक है। अक्सर देखा जाता है, छोटे बालकों में आरम्भ से ही यह प्रवृत्ति विद्यमान रहती है। यही प्रवृत्ति किसी किसी में प्रधान रूप से शक्तिशाली हो पड़ती है और ऐसा ही व्यक्ति कलाकार हो जाता है। इसी बात को दूसरी तरह से भी कहा जा सकता है कि प्रत्येक मनुष्य को रचना के कार्य में आनन्द की प्राप्ति होती है और इसी मूल प्रवृत्ति के कारण वह अनेक प्रकार के कार्य करता है। सुख और आनन्द ही मनुष्य का चरम लक्ष्य है, जीवन में और उसके प्रत्येक कार्य में यह ध्येय किसी-न-किसी रूप में विद्यमान रहता है।

दूसरी बात यह है कि मनुष्य मस्तिष्क का स्वामी होने के कारण सदैव से अपने को बचाये रहने के लिये नाना प्रकार के प्रयोजन करता रहा है। इसके लिये उसने नाना प्रकार के उपकरणों का आविष्कार किया और आज भी करता जा रहा है। कलाओं का भी इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। कला भी मनुष्य के समाज को बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। कलाओं के द्वारा मनुष्य निरन्तर प्रगति करता जा रहा है और जंगली जीवन से ऊपर उठकर आज महत्वपूर्ण मानसिक तथा आध्यात्मिक जीवन व्यतीत कर रहा है, जो जानवरों को उपलब्ध नहीं। कितने जानवर सृष्टि से सदा के लिये गायब हो गये पर मनुष्य अपने मस्तिष्क के सहारे आज भी उसी प्रकार विद्यमान है।

इन्हीं दो स्वाभाविक प्रवृत्ति के कारण कला मनुष्य के जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग बन गई है और उसे विकसित करने में आज भी पूर्णतया समर्थ है। यही प्रवृत्ति मनुष्य को कला के पथ पर अग्रसर करती है और अनायास वह कलाकार बन जाता है, यद्यपि कलाकार यह नहीं जान पाता कि वह इस कार्य में क्यों रुचि लेता है। वह तो इतना ही जानता है कि उसे इस कार्य को करने में सुख मिलता है, मज़ा आता है या आनन्द प्राप्त होता है। कभी कभी तो उसे इसका भी बोध नहीं होता और वह अनायास रचना के कार्य में संलग्न हो जाता है। इसकी उसे एक स्वाभाविक आदत सी बन जाती है और बिना किसी विशेष ध्येय के वह कला का कार्य करता जाता है। वह यह जान ही नहीं पाता है कि अपनी रचनाओं को दूसरों के सन्मुख रखने की भी उसकी इच्छा होती है और कभी कभी तो यह बहुत ही बलवान होती है। ऐसा वह क्यों चाहता है ?

प्रशंसा मनुष्य का वह महत्वपूर्ण गुण है, जो उसे पुनः कार्य करने के लिए और भी अधिक शक्ति के साथ प्रेरित करता है। जैसे किसी मशीन में तेल पड़ने से वह और भी सरलता तथा तीव्रता से चलने लग जाती है, वही महत्व है प्रशंसा का, मनुष्य को प्रगतिशील बनाए रखने में। कलाकार योगी की भांति समाधिस्थ होकर अपनी पूरी शक्ति केन्द्रित कर कला की रचना करता है और उसके पश्चात् वह एकाएक अपने को खाली और शक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


से क्षीण पाता है। ऐसे समय उसे पुनः अपनी शक्ति को बटोरने की आवश्यकता होती है और प्रशंसा यहां महत्वपूर्ण कार्य करती है। कलाकार प्रशंसा का भूखा रहता है और जब समाज से उसे यह भी नहीं प्राप्त होता तभी वह कला का कार्य छोड़ देता है। इससे उसकी इतनी हाँनि नहीं होती जितना उस समाज का जिसमें वह रहता है। यही कारण है कि प्रगतिशील समाज या देश कभी कलाकार को इससे निराश नहीं करता और कुछ न दे सकने पर इतना तो अवश्य देता है। जो समाज कलाकार को इससे वंचित करता है वह स्वयं नष्ट हो जाता है, काल कवलित हो जाता है। आलोचना का केवल यही महत्व है कि वह कलाकार को अवगत करावे उसकी रचना शक्ति से और उसका मार्ग और भी प्रशस्त करे। इसके अतिरिक्त कला के क्षेत्र में आलोचना का कुछ भी महत्व नहीं।

कलाकार स्वाभाविक प्रवृत्ति के कारण चित्र-रचना में संलग्न होता है और इससे उसे सुख, मजा या आनन्द प्राप्त होता है। प्रशंसा से उसे प्रेरणा मिलती है अपने कार्य को प्रगतिशील बनाने में। समाज उसे प्रशंसा देकर अपने जीवन को और भी अधिक प्रगतिशील सुखी तथा समृद्ध बनाता है। कलाकार को प्रशंसा देकर वह अपना कर्तव्य करता है और वह भी अपने ही लिये। कलाकार समाज की एक निधि है और इसीलिये इतना महत्वपूर्ण है। कलाकार अपने को तो सुखी करता ही है समाज भी सुख प्राप्त करता है।

पर कलाकार की कैसी रचना से सुख, आनन्द तथा प्रगति प्राप्त होती है यह और भी विचारणीय है। कलाकार स्वयं यह कभी भी सोच नहीं पाता कि उसे कैसी रचना में सबसे अधिक सुख या आनन्द मिलता है। वह तो जब जब रचना के कार्य में संलग्न होता है उसे सुख मिलता है। रचना मात्र ही उसके सुख की वृद्धि करता है। शायद सबसे अधिक सुख उसे उस समय ही प्राप्त होता है जब उसका अन्तः तथा बाह्य चित्र में पूर्ण एकता प्राप्त करते हैं, अर्थात् जब उसका चित्र उसके अन्तर में उपजे चित्र का प्रतिरूप बन पाता है, पर ऐसा अक्सर कम होता है, क्योंकि यदि एक बार भी कलाकार पूर्ण रूप से ऐसा चित्र बनापाता तो शायद आगे उसे चित्र बनाने की आवश्यकता न पड़ती। वह बार बार चित्र बनाता है, पर कुछ न कुछ बाकी रह जाता है, जो उसके अन्तः में मौजूद है, अर्थात् चित्र के माध्यम द्वारा वह अपने अन्तः का प्रत्यक्ष रूप देखना चाहता है, इसी को हम आत्म-दर्शन, या आत्म ज्ञान कह सकते हैं। यही कलाकार का चरम लक्ष्य होता है। और बातें तो केवल इसी एक लक्ष्य के विकार मात्र ही हैं। इसलिये हम यह कह सकते हैं, कि कलाकार आत्म-दर्शन के हेतु चित्र के रूप में अपनी अभिव्यक्ति करता है। यद्यपि यह बात कलाकार सोच कर नहीं करता यह भी एक स्वाभाविक प्रवृत्ति ही है और इससे उसे अत्यन्त आनन्द का लाभ होता है। यह कहना कठिन है कि क्यों। शायद यहीं ही रहस्य शब्द चारितार्थ होता है और प्रश्न उठता है अन्तर क्या वस्तु है, जिसका उत्तर आज तक कोई निश्चित रूप में नहीं दे सका है। अन्तर क्या है, क्या चाहता है, कहना कठिन है, पर उसका प्रभाव तो साफ है। प्रत्येक कलाकार इसका अनुभव करता है यदि सचमुच उसे कला के कार्य में आनन्द आता है तो। अन्तर क्या है यह कहना कठिन है, पर कला उसको प्रगट करने का स्वयं एक माध्यम है। कलाकार की कला उसके अन्तर का एक रूप है, प्रतीक है, जिसे प्रत्यक्ष देखकर हम जान सकते हैं कलाकार का अन्तर कितना विशाल है या

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चित्र—'गाँव की ओर' कलाकार—स्वे तोस्लाफ रोरिक

( २ )

चित्र—'एकान्त माझी'
कलाकार—स्वर्गीय
एल० एम० सेन

( १ )

चित्र—'धृतराष्ट्र और गांधारी'
कलाकार—नन्दलाल बसु

( ३ )

चित्र—कुआं
कलाकार—बी० दास गुप्त

( ४ )

चित्र—'आकार रचना'
कलाकार—रामचन्द्र शुक्ल

( ६ )

चित्र—'चकराती दूनिया'
कलाकार—रामचन्द्र शुक्ल

( ५ )

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

कैसा है, इसलिये अन्तर पूर्णतया रहस्यमय हो यह भी कहना उचित नहीं क्यों कि कला, साहित्य तथा संगीत इत्यादि कितनी ही कलायें हमारे सन्मुख हैं और आदिकाल से कलाकार अपने अन्तः को व्यक्त करता आ रहा है, और उसकी कृतियां हमारे सन्मुख हैं, फिर हम कैसे कह सकते हैं कि अन्तर रहस्यमय है।

कलाकार आत्म-अभिव्यक्ति के हेतु कला के कार्य में संलग्न होता है। इसलिये यह प्रश्न कि कलाकार कैसी रचना में संलग्न हो, उठता ही नहीं। फिर भी आज के विक्षिप्त सामाजिक ढाँचे में अक्सर यह प्रश्न आलोचकों द्वारा या सामाजिक नेताओं द्वारा उठाया जाता है और वह मनमाने ढंग से कलाकार को आदेश देते हैं कि वह अमुक प्रकार के चित्र बनायें या न बनायें। इस प्रकार के दबाव में सच्ची कला कभी भी नहीं पनप सकती। कला की साधना एक प्रकार की पूजा है और जिस प्रकार हम आज यह नहीं कह सकते कि पूजा करने का यही एक तरीका है या लक्ष्य है, उसी प्रकार कलाकार को भी हम उसके पूजा करने के तरीके से वंचित नहीं कर सकते हैं। कम से कम धर्मनिरपेक्ष राज्य में तो इसकी पूर्ण सुविधा तथा प्रोत्साहन होना ही चाहिए। यह बात भी सही है कि सभी का न तो अन्तः ही इतना विशाल होता है न उसकी कृति ही, पर यह भी सही है कि अपने अपने पैमाने के अनुसार ही मनुष्य काम कर सकता है। उसमें किसी को हतोत्साह करने की आवश्यकता नहीं और यह भी सही है कि समाज जिस रचना में अधिक विशालता देखेगा उसे अधिक समीप रक्खेगा, उसकी अधिक चर्चा करेगा पर आलोचना की कहीं भी गुंजाइश नहीं है। समाज का केवल इतना ही कर्तव्य है कि वह कलाकारों को प्रोत्साहित करे ताकि वह अपनी अभिव्यक्ति में पूर्णतया सफल होने का प्रयास करता रहे।

हमने आरम्भ में ही इस पर विचार किया है कि कलाकार किस प्रकार के चित्र बना सकता है और क्रमानुसार वे हैं—

१—आंखों देखी वस्तुओं का चित्रण
२—चीज़ों को अपने मन के अनुसार सजाकर चित्रण करें
३—चीजों को अपनी इच्छानुसार सुधार कर चित्रित करें
४—चीजों को अपनी कल्पना से कुछ और जोड़कर चित्रित करें
५—आंखों देखी चीजों को न चित्रित कर केवल कल्पना की वस्तुओं का चित्रण करें
६—बिना सोचे विचारे अनायास तूलिका को कागज पर चलने दें
७—किसी कथा, कविता या साहित्य के आधार पर रचना करें।

आत्म अभिव्यक्ति की दृष्टि से इनमें से कौन अधिक श्रेयस्कर है विचारणीय है।

## आँखों देखी वस्तु चित्रण

यह रचना प्रणाली सब से सरल है। इस में सूझ बूझ या कल्पना की कोई आवश्यकता नहीं है। जो वस्तु अपने को सुन्दर लगे उसे ही रंगों के माध्यम से कागज पर उतार देना है, जहाँ तक हो सके बिलकुल वैसा जैसा दिखलाई पड़ता है। इस प्रणाली में आत्म-अभिव्यक्ति की कहाँ तक गुंजाइश है, प्रत्यक्ष है, पर यह प्रणाली काफी प्रचलित हुई और कला में रुचि लेने के प्रचार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, पर आत्म-अभिव्यक्ति इस में उतना प्रधान नहीं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि आत्म-अभिव्यक्ति इस में बिलकुल नहीं होती, क्योंकि ऐसी प्रणाली में रुचि के आधार पर ही हम प्राकृतिक वस्तुओं का चित्रण करने को उद्यत होते हैं और रुचि का दिग्दर्शन कुछ हद तक अन्तर ही करता है। इसलिये आत्मा की अभिव्यक्ति एक माने में इस से भी होती है, पर सीमित, क्योंकि जो वस्तु दिखाई पड़ती है उसी में से चुन चुन कर हम चित्र रचना करते हैं और अक्सर हमारा क्षेत्र संकुचित रह जाता है। हम बार बार एक ही प्रकार के दृश्यों को दुहराने लग जाते हैं। अक्सर तो यही होता है कि जो भी चीज सामने पड़ जाती है उसी का चित्र हम उतार देते हैं। दूसरी बात यह कि जब प्राकृतिक दृश्य ही हमारे सामने प्रत्यक्ष है तो उसका चित्र बनाने की क्या आवश्यकता। उसे केवल देखकर ही हम अपने अन्तर को उस से भर सकते हैं, या उस का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकते हैं। तीसरे यह कि यदि किसी कारण उस दृश्य को अंकित ही करना हो तो कैमरा उस के लिये काफी है।

## चीजों को सज़ाकर चित्रित करना

यह प्रणाली आत्म-अभिव्यक्ति में कुछ अधिक सहायक है। इसमें कलाकार अपनी रुचि, संस्कार तथा श्रद्धा के अनुसार प्राकृतिक अस्तुओं में कुछ हेर फेर उत्पन्न कर अपनी आत्मा का परिचय देता है, अर्थात वह अपनी परिमार्जित रुचि की अभिव्यक्ति करता है, जिस से उस के व्यक्तित्व की झलक कुछ और अधिक निखरती है। पर यह मान लेना कि हमारे अन्तर की इतनी ही विशालता है या यही उस की सीमा है कुछ उचित नहीं मालुम पड़ता और यही कारण है कि इस से भी कलाकार सन्तुष्ट न हुआ और उसने प्राकृतिक स्वरूपों को अपने आदर्श तथा विचार के आधार पर सुधार कर चित्रित करना आरम्भ किया ताकि उसकी आत्मअभिव्यक्ति कुछ और प्रशस्त हो।

## चीजों में सुधार करना

इस प्रणाली में कलाकार का मस्तिष्क मन तथा कल्पना कुछ अधिक खुल कर काम करती हैं। कलाकार अपना लक्ष्य निश्चित करता है, आदर्श बनाता है और उसी की अभिव्यक्ति के हेतु अपनी रचना प्रणाली निश्चित करता है। वह वस्तुओं के स्वाभाविक रूपों से सन्तुष्ट नहीं होता, उनको अपने आदर्श के सांचे में ढालकर तब चित्रित करता है। ऐसे चित्रों में जब वह इन आदर्श रूपों को अंकित करने में सफल होता है तो उसे आनन्दानुभूति होती है। इस प्रकार वह चीजों का एक परिमार्जित रूप चित्र में उपस्थित करने में अपने व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति करता है। यह आदर्श चित्रकार का अपना आदर्श होता है, और यह आवश्यक नहीं, कि अन्य व्यक्ति भी इसे अपना आदर्श माने, और यही कारण है कि ऐसे चित्र सार्वभौमिकता से समृद्ध नहीं हो पाते फिर भी सीमित रह जाते हैं। अक्सर इस प्रकार के कलाकारों की कड़ी आलोचना होती है और समयान्तर में ऐसे चित्रों का मूल्य घट जाता है नये आदर्शों की उत्पत्ति होती है।

## कल्पना से जोड़ कर चित्रण

इस प्रणाली में कलाकर स्वाभाविक रूपों को कल्पना से परिवर्तित करके ही नहीं बनाता, बल्कि पूर्णतया काल्पनिक नये स्वरूपों को भी चित्र में स्थान देता है। ऐसे चित्रों



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


में कुछ वस्तुयें तो जानी सुनी पहिचानी सी लगती है, कुछ विलकुल नवीन, अनजानी, अनुसूनी सी। जानी सुनी देखी वस्तुओं के आधार पर कलाकार नवीन स्वरूपों की सृष्टि करके अपनी आत्म अभिव्यक्ति करता है। यहां कलाकार का प्रयास होता है, कि वह प्रकृति के अध्ययन पर आधारित नवीन स्वरूपों को गढ़ता चले। ऐसा करने पर वह अपने को प्राकृतिक आधारों पर चलता पाता है और यह अभ्यास उसे प्रकृति के बराबरी में चलने का अवसर देता है : कलाकार प्राकृतिक वस्तुओं को केवल वाह्य रूप में देखता ही नहीं बल्कि उसकी शक्ति को पहिचानने का प्रयत्न करता है, और उसी आधार पर अपने चित्र में शक्ति की अभिव्यक्ति करता है, और जो अन्तर का विशेष गुण है।

## काल्पनिक चित्रांकन

यहां पर कलाकर शुद्ध रूप से अन्तर में जीवित शक्ति को मूर्तवत करने का प्रयत्न करता है। वाह्य प्राकृतिक वस्तुओं में भी इसी शक्ति को वह देखता है, पर उसे आनन्द तब होता है, जब वह अपने अन्तः की शक्ति को उसका अपना रूप प्रदान करने में सफल होता है। कलाकार अपने को प्रकृति का ही एक माध्यम मानकर स्वयं सृष्टिकार बन जाता है। प्रकृति और उसकी रचना में तनिक भी अन्तर नहीं रह जाता। प्रकृति के मूलभूत आधारों पर पूर्णतः चल कर वह प्रकृति के रचना का स्वयं एक माध्यम बन जाता है और अपार शक्ति का अनुभव करता है, उसका प्रत्यक्ष रूप अपने चित्रों में देखता है। इस प्रकार उसका चित्र पूर्णतया उसके अन्तः का प्रतिबिम्व बन जाता है और वह आनन्द मय हो उठता है।

## अनायास तूलिका को चलने देना

काल्पनिक चित्रांकन में फिर भी कलाकार चेतन रूप में कला-सृष्टि करता है और उसके 'अन्तर' तथा बाहर में कुछ भेद बना रहता है, क्योंकि उसका चित्र कल्पना का सहारा खोजता है किन्तु सत्य तथा कल्पना को एक नहीं कहा जा सकता। जब कलाकार अपनी तूलिका को अनायास कागज पर बहने देता है तो उसके अन्तर और चित्र में बिलकुल एक सी गतिमयता आती है और इतनी साधना से वह कार्य करता है, कि जरा सा भी विकार नहीं आने देता। आत्मा एक होकर, उसके मन तथा चित्र दोनों से होकर एक प्रकार से गतिमान हो उठता है। यह विधि साधारण कोटि के कलाकारों के लिए बिलकुल नहीं है। इसका प्रयोग वही कर सकता है, जिसने तन्मयता पर सिद्धि पाली हो और जिसकी तूलिका चलाने पर ही न चलती हो, बल्कि अपने आप गतिमान हो उठती हो। आत्म अभिव्यक्ति यदि पूर्ण-रूपेण किसी प्रकार कला में हो सकती है तो इसी प्रकार अन्यथा वाह्य उपकरणों में फंसने पर तो बात कुछ और ही हो जाती है।

कथा या अन्य साहित्य के आधार पर रचना करना बिलकुल वैसा ही है जैसा आंखों देखी वस्तुओं का चित्रण या कहिये उससे भी सरल जिसमें अपनी आंख का भी प्रयोग नहीं होता।

संक्षेप में उपरोक्त बातें कलाकारों के लिये विचारणीय हैं और काफी दूर तक सहायक हो सकती है हमें, अपना पथ ढूढ निकालने में।

---

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# कपिलवस्तु की खोज पर

हर्षवर्धन नैथानी (रानीखेत)

सन् १८७४–७५ में जनरल कनिघंम ने श्री कारलाइल को कपिलवस्तु का पता चलाने के लिये बस्ती जिले में इस नगर की खोज का आदेश दिया था। उनकी उस समय की राय के अनुसार वस्तीनगर से करीब छः मील दक्षिण में चन्दो ताल के किनारे पाए जाने वाले प्राचीन ध्वंसावशेष इस विषय पर विशेष महत्व रखते थे। श्री कारलाइल ने बस्ती जिले में आकर जो पूछ ताछ की तथा और सब बातों का पता चलाया तो उन्हें चन्दो ताल के किनारे पाए जाने वाले (नगर खास) के ध्वंसावशेषों को कपिलवस्तु के शेष चिन्ह नहीं माना। उन्होंने इस विषय पर जो खोज की उसके आधार पर चन्दो ताल से करीब पंद्रह मील उत्तर-पश्चिम भुइला ताल के किनारे भुइला डीह नाम से पुकारे जाने वाले खण्डहरों को ही कपिलवस्तु के अवशेष साबित करने का घोर तथा विद्वत्तापूर्ण प्रयत्न किया। आश्चर्य है कि भुइला डीह में कारलाइल महोदय को फाहियान तथा ह्वानच्वांग द्वारा वर्णित कपिलवस्तु के प्रत्येक चिह्न ही नहीं वरन् भगवान बुद्ध की माता माया देवी का शयनागार भी मिल गया। गलत रास्ते पर पड़ जाने तथा मस्तिष्क का किसी ओर अत्यधिक झुकाव हो जाने के कारण विद्वत्ता कितना बड़ा धोखा खा सकती है इसका ऐसा ज्वलंत उदाहरण और शायद ही कहीं मिलेगा। इन कारलाइल महोदय ने भुइला को तो कपिलवस्तु बतलाया ही, उसके निकट अपनी कल्पना द्वारा और भी कितने ही ऐसे प्राचीन स्थानों को ढूंढ निकालने की घोषणा की जो कि अब बिल्कुल निराधार साबित हो चुके हैं। उन्होंने भुइला के निकट ही और जिन स्थानों की स्थिति को प्रमाणित करने का प्रयत्न किया वे थे:—

(१) कर्कचण्ड बुद्ध का जन्म-स्थान नाभिका।

(२) शोभावती नाम का प्राचीन नगर जो कि कनक मुनि बुद्ध का जन्म स्थान था।

(३) कपिलवस्तु के निकट वह स्थान जहाँ विरुद्धक ने अगणित शाक्यों का वध किया था और जहां चीनी यात्रियों के मतानुसार अनेकों स्तूप वर्तमान थे।

(४) वह स्तूप जहां पर शाक्य-सिंह कभी न मिटने वाली अपनी छाया छोड़ गए थे।

(५) सरकूप नाम का वह जलाशय जिसकी उत्पत्ति पृथ्वी पर सिद्धार्थ के बाण द्वारा हुई थी।

(६) वह सरिता जिसका कि नाम पुराने ग्रंथों में रोहिणी है और जिसके कि तट पर कपिलवस्तु बसा हुआ लिखा है।

(७) लुम्बनी वन वह स्थान जहां कि शाक्य मुनि पैदा हुए थे। ज्ञात हो कि उस स्थान का पता अब पूर्णरूपेण चल चुका है। यह स्थान श्री कारलाइल के बतलाए हुए स्थान से करीब पचासी मील उत्तर में स्थित है और इस बात की साक्षी देने वाला अशोक का एक स्तंभ भी वहां खड़ा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


(८) तैल सरित नाम की एक नदी जो लुम्बनी के निकट बहती थी।

(९) कोली अथवा व्याघ्रपुर नाम का वह नगर जो कि श्री करलाइल के मतानुसार भगवान बुद्ध के नाना सुप्रबुद्ध की राजधानी थी।

(१०) न्यग्रोध नाम के एक प्राचीन विहार के अवशेष।

(११) क्षोभवती नाम की वह नगरी जो मेखला के राजा क्षेम की राजधानी थी।

(१२) रामग्राम नाम का वह विख्यात ग्राम जहां कि तथागत के चितावशेषों पर बनाया गया एक बहुत बड़ा स्तूप विद्यमान था।

(१३) मनय नाम का वह स्थान जहां पर महाभितिष्क्रमण के अवसर पर सिद्धार्थ ने अनोमा नाम की सरिता को पार किया था।

वस्तुतः बात ऐसी नहीं है कि जिन स्थानों का कारलाइल महोदय ने वर्णन किया वे कोई स्थान ही न रहे हों। इन सब स्थानों का वर्णन प्राचीन ग्रंथों में कई स्थानों में आया है और कुछ का निरीक्षण तो चीनी यात्री फाहियान और ह्वानच्वांग ने भी किया। मुझे तो श्री कारलाइल एक हठी प्रकृति के मनुष्य मालूम हुए। साथ ही ज्ञात नहीं क्यों उनके हृदय में हिन्दुओं के प्रति घोर वैमनस्य भी था। कपिलवस्तु की खोज के वर्णन में उन्होंने कई स्थानों पर हिन्दुओं तथा उनकी धारणाओं के प्रति ऐसे शब्दों का प्रयोग किया है जो एक विद्वान को कदापि शोभा नहीं देते। ऐसे मनुष्य जिस भी अनर्गल बात का प्रतिपादन न कर दें वह कम ही है। कपिलवस्तु के शाक्यों को इस विलक्षण बुद्धि वाले साहब ने शक ठहराया है और सूर्यवंश को भी खसों की ही एक शाखा। कनिंघम साहब ने (नगर खास) को यदि इस आधार पर कपिलवस्तु अनुमान करने का कुछ प्रयत्न किया कि वहाँ अब भी गौतम वंशीय क्षत्रियों का ही प्रभुत्व तथा बाहुल्य है तो कारलाइल महोदय ने अपने संस्कृत के विलक्षण ज्ञान के आधार पर कपिला, भूइला तथा गौतम रोहिणी को केवल पर्यायवाची शब्द समझ कर ऐसा वितण्डावाद खड़ा किया कि कपिलवस्तु तो क्या प्राचीन ग्रंथों में कहे गए उसके समीप पंद्रह, बीस कोस के अन्तर्गत पाए जाने वाले सब स्थानों को किसी न किसी ऊँचे नीचे स्थान के साथ भिड़ा दिया। ऐसी थी उनकी कल्पना शक्ति और विचित्र सूझ कि उनको प्राचीन काल में कपिलवस्तु से श्रावस्ती जाने वाले राजपथ के चिन्ह भी साफ साफ भुइलाभी के निकट दिखाई पड़ गए।

कपिलवस्तु के वास्तविक स्थान को निश्चय करने के लिए जो दूसरी सहायता मिल सकती है वह है चीनी यात्री फाहियान तथा ह्वानच्वांग का अपने भ्रमण में उसका वर्णन। यद्यपि यह दोनों यात्री अपनी यात्रा में कपिलवस्तु का वर्णन काफी विस्तार पूर्वक करते हैं तथापि या तो प्रतिलिपि की अशुद्धता से अथवा उनके यात्रा-वर्णन के अनुवादकों की गलती से दोनों कपिलवस्तु के विषय में एकमत नहीं दीखते। इन दो यात्रियों के मतभेद की बात तो एक ओर रही स्वयं फाहियान के दो अनुवादक कपिलवस्तु को एक ही स्थान से विपरीत दिशा में ही नहीं अलग अलग दूरी पर स्थित दरसाते हैं। यह सब मतभेद होते हुए भी हमें श्री कनिंघम और कारलाइल महोदय और फाहियान तथा ह्वानच्वांग ने कपिलवस्तु के विषय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


में जो कुछ लिखा उससे उसकी वास्तविक स्थिति का पता चलाने के लिए काफी सामग्री मिलती है। पुराणों में पूर्व कही हुई सब बातों से अधिक महत्व रखते हैं—

(१) लुम्बनी वन जहां कि शाक्य मुनि का जन्म हुआ था और जहां पर उस विषय का उल्लेख करने वाला शिला लेख अशोक के स्तंभ पर अब भी वर्तमान हैं।

(२) कनक मुनि बुद्ध का आश्रम (निगलेखवा) जहां पर अशोक का दूसरा स्तंभ तथा उस पर अंकित लेख वर्तमान हैं।

(३) पिपरह्वा के वे स्तूप जो कि शाक्यों ने तथागत के अवशेषों पर निर्माण किये थे और जिनमें उस समय के अंकित अस्थिपात्रों की प्राप्ति हुई है। रियासत बर्डपुर के स्वामी श्री पी पी ने मुझ से कहा है कि विद्वान् डाक्टर सिलवॉ लेवी ने भी इस विषय पर एक लेख लिखा है। ढूंढने पर भी दुःख है कि मुझे इस लेख की प्राप्ति न हो पाई। पी पी साहब ने जिनकी कि रियासत के अन्दर ही पिपरह्वा है मुझ से यह भी कहा कि डाक्टर लेबो के मतानुसार पिपरह्वा के निकट एक ऐसे नगर के ध्वंसावशेष मिलने चाहिए जिसे कि शाक्यों ने विरुद्धक द्वारा कपिलवस्तु के विनाश के बाद बसाया था। और उन्हें उसके कुछ चिह्न भी मिले हैं। आग्रह करने पर उन्होंने वह स्थान पिपरी बतलाया जो कि बर्डपुर से करीब पांच मील दक्षिण में है। सन् १९४१ ई० में पिपरी में एक जगह से गुप्तकालीन भगवान विष्णु की बहुत ही सुन्दर मूर्ति प्राप्त हुई थी और सुना है कि वह अब लखनऊ अजायब घर में विद्यमान है।

अच्छा तो अब हम कपिलवस्तु के स्थान को निश्चित करने वाली सामग्री का इस प्रकार वर्णन करते हैं।

## कपिलवस्तु का इतिहास

बौद्ध ग्रंथों के अनुसार शाक्य-वंशीय क्षत्रियों ने अयोध्या से चलकर इस नगर से बहुत उत्तर में कपिल मुनि के आश्रम के निकट ही एक नगर बसाया था। इन ग्रंथों का कहना यह है कि सूर्यवंश की इस शाखा को एक नई राजधानी बनाने के लिए चूंकि यह स्थान कपिल मुनि द्वारा प्राप्त हुआ इसलिए उन्होंने इसका नाम भी कपिलवस्तु रक्खा। कथा इस प्रकार है :

यहां पर यह विचार करना आवश्यक है कि बौद्ध ग्रंथों में कहे गये यह कपिल मुनि कौन थे ? क्या कदर्भ मुनि के पुत्र सांख्य के प्रवर्तक भगवान कपिल अथवा कोई दूसरे। मेरे विचार के अनुसार यह ऋषि भगवान कपिल ही थे जिनके कि आश्रम के निकट अथवा जिनके सम्मान के लिए शाक्यों ने अपने प्रमुख नगर का नाम कपिलवस्तु रक्खा। दो बातों से इस विचार की पुष्टि होती है। एक तो यह कि शाक्य मुनि की शिक्षा का आधार करीब करीब कपिल देव का सांख्य ही है। दूसरे श्रीमद्भागवत में भी हमें एक जगह ऐसा ही वर्णन मिलता है कि सप्तसिन्धु का राजा रहुगण भगवान् कपिल से सांख्य का उपदेश

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


लेने गया। मार्ग में उसे इक्षुमती नदी के किनारे जिसका ही कि दूसरा नाम अचिरावती अथवा राप्ती है, जडभरत मिले। इतना तो निश्चय है कि शाक्यों का देश तथा राजधानी कपिलवस्तु अचिरावती के उत्तर में तथा हिमालय के दक्षिण में स्थित थे। बौद्ध ग्रंथों में इसके कई प्रमाण मिलते हैं तथा पिपरहवा-स्तूप से प्राप्त अस्थिपात्रों पर अंकित लेख भी इसकी पुष्टि करते हैं। अच्छा तो, अब इतना निश्चय हो गया कि कपिलवस्तु को हमें इक्षुमती अथवा अचिरावती के उत्तर में स्थिति पाना चाहिए।

बौद्ध धर्मग्रंथों में अनेक स्थानों पर पाए गए श्रावस्ती तथा अयोध्या के वर्णन से ज्ञात होता है कि कपिलवस्तु श्रावस्ती के पूर्व में तथा अयोध्या के उत्तर में स्थित थी। इन्हीं ग्रंथों में उसे मल्लों के नगर कुसीनारा के पश्चिम में बतलाया है। वस्तुतः गणतंत्रवादी शाक्य राष्ट्र की सीमा बौद्ध ग्रंथों के अनुसार इस प्रकार विदित होती है—उत्तर हिमालय पर्वत में पाण्डव वंशीय क्षत्रियों का राज्य। एक स्थान में इसी विषय पर एक ऐसी कथा भी आई है कि यद्यपि शाक्य एक पत्नी व्रतधारी ही होते थे तथापि उत्तर के पाण्डव वंशीय क्षत्रियों के साथ युद्ध में विजय प्राप्त करने के उपलक्ष में उन्होंने अपने नेता शुद्धोधन को दो विवाह करने की आज्ञा दे दी थी। पश्चिम तथा दक्षिण में कोशल साम्राज्य और पूर्व में मल्ल तथा कोलिय क्षत्रियों के गणतंत्र राष्ट्र। इन वर्णनों में पाये गये संकेतों द्वारा हम शाक्य राष्ट्र तथा उसके प्रमुख नगर कपिलवस्तु की सीमा को और भी निश्चयात्मक रूप से निर्धारित कर लेते हैं।

कमेटी ने बस्ती जिले के गजेटियर तथा पुराने कागजातों से यह पता चलाने का भी प्रयत्न किया कि वस्ती जिले में जहां कि कपिलवस्तु का होना निर्विवाद है वहां इस नाम से मिलते जुलते कोई और भी स्थान है जहां कि कोई पुराने ध्वंसावशेष मिलें। श्री फूरर के द्वारा ऐसे दो स्थानों का पता चला। एक तो खोपवाडीह जो कि भुइला से करीब साढ़े छः मील पश्चिम में है और जिसे कारलाइल महोदय ने कनक मुनि बुद्ध का जन्मस्थान शोभावती नगर बतलाया था। मैं स्वयं यहां गया। यह स्थान एक प्राचीन ध्वंसावशेष अवश्य है किन्तु किसी बहुत महत्व का नहीं। मुझे यहां शोभावती नगर तथा कनक मुनि के आश्रम का कोई प्रमाण न मिला। दूसरा स्थान कपिलवस्तु से मिलते जुलते नाम का बस्ती जिले में कोषिया है। यह स्थान खलीलाबाद से करीब पांच मील उत्तर में है। मैं, श्री अमरनाथ शुक्ल तथा डाक्टर वासुदेव शरण अग्रवाल ने इसका निरीक्षण किया। यहां हमें बहुत से प्राचीन सिक्के मिट्टी की मूर्तियां और मनके मिले। डाक्टर वासुदेव शरण जी ने यहां पर एक बहुत ही पुराने समय के काँच बनाने की भट्टियों के चिन्ह भी पाये। उन्होंने कच्चे काँच से लेकर सुन्दरतम गुडियों के नमूनों की यहां प्राप्ति की। सिक्कों में जो महत्व पूर्ण सिक्के हमें प्राप्त हुए उनमें से अधिकतर तो अयोध्या के मित्र वंशीय राजाओं के थे। सब से महत्वपूर्ण सिक्का हमें वहां मिला वह था भगवान बुद्ध की मूर्ति से अंकित कुषण सम्राट कनिष्क का। यह सिक्का अन्य सिक्कों के साथ हमने डाक्टर साहब को लखनऊ अजायब घर में रखने के लिए दे दिया। उन्होंने हमको बताया कि यह सिक्का अपनी तरह का लखनऊ अजायब घर में अकेला ही है। कोषिया से जो मिट्टी की शुंग तथा गुप्त कालीन मूर्तियाँ प्राप्त हुई अब ये मूर्तियां बस्ती के कलाभवन में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


रक्खी हैं। कोषिया के पूर्व में एक लम्बा सरोवर है और उसके पश्चिमी तट पर एक ऊंचे स्थान पर भगवान शंकर का मंदिर है। हो सकता है कि शिव का यह मंदिर एक प्राचीन बौद्ध चैत्य रहा हो। कोषिया और वहां से प्राप्त वस्तुएं महत्वपूर्ण तो अवश्य थीं किन्तु कपिलवस्तु से हमें उनका कोई सम्बन्ध न मिला।

तिब्बती भाषा के बौद्ध महाग्रंथ कंजूर के अनुसार कपिलवस्तु कोसल राज्य के अन्तर्गत स्थित था। साथ ही उनका यह भी कहना है कि वह कैलाश के निकट भागीरथी गंगा तथा ऊपरी गंगा याने रोहिणी के तट पर स्थित था। संभव है कैलाश से उनका अभिप्राय हिमालय का हो और रोहिणी अथवा भागीरथी नाम से किसी ऐसी सरिता का संकेत हो जो वहाँ से निकलती हो। यह बात ध्यान रखने के योग्य है कि यह रोहिणी वह सरिता नहीं जो कि आज गण्डक की एक शाखा है।

भागवत पुराण के अनुसार कपिल मुनि का आश्रम भागीरथी के ही तट पर होना चाहिए। उसमें आई हुई कथा के अनुसार भागीरथी गंगा को महाराज भगीरथ लाए ही इसलिए थे कि वह उनके पूर्वजों की राख को जो कि कपिल मुनि के आश्रम के निकट पड़ी थी अपने जल द्वारा पवित्र कर दें।

फाहियान के यात्रा-वर्णन के अनुसार वह श्रावस्ती से बारह योजन दक्षिण दिशा में चल कर नाविका नगर में पहुंचा। नाविका नगर कर्क चण्ड बुद्ध का जन्म स्थान था। नाविका से एक योजन दक्षिण चलने पर वह उस नगर में आया जहां कनक मुनि बुद्ध ने जन्म लिया था। एक बौद्ध जनश्रुति के अनुसार कर्कचण्ड बुद्ध ने क्षोमवती नगर में जन्म लिय। तथा कनक मुनि ने शोभावती में। कनकमुनि के आश्रम से एक योजन पूर्व चलने पर फाहियान कपिलवस्तु पहुँचा था।

भारत के प्राचीन चीनी नक्शे में तथा जापानी इनसाइक्लोपिडिया के अनुसार कपिलवस्तु काशी तथा अयोध्या के उत्तर में बतलाई गई है।

हडसन साहब ने अपने एक लेख में कहा है कि कपिलवस्तु को गंगा सागर के निकट स्थित होना चाहिए।

राजावली के अनुसार कपिलवस्तु एक ऐसी सरिता के तट पर स्थित थी जिसमें कि व्यापारी बड़े अच्छी तरह से आ जा सकते थे।

इन विवरणों में जो कुछ भी मतभेद हो लुम्बनी तथा कनकमुनि के आश्रम निगलेहबा में पाए गए अशोक स्तम्भों पर अंकित लेखों द्वारा कपिलवस्तु की स्थिति का पता बहुत कुछ चल जाता है। भगवान बुद्ध की जन्म कथा के अनुसार उनका जन्म लुम्बनी वन में होने का कारण यह था कि उनकी माता उस समय अपनी ससुराल कपिलवस्तु से चल कर अपने पिता के नगर देवदह को जा रही थीं। रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा विदित हुई और भगवान का जन्म लुम्बनी में हो गया। इस कथा के अनुसार भगवान के स्थान लुम्बनी से कपिलवस्तु की दूरी करीब बीस-पच्चीस मील होनी चाहिए क्योंकि डोला सुबह कपिलवस्तु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


से चल कर शाम को लुम्बनी पहुंचा था। साथ ही यदि चीनी यात्रियों के वर्णन में यदि केवल दिशा की ही भूल है तो कपिलवस्तु कनकमुनि के आश्रम से सात मील पश्चिम में होना चाहिए।

लेखक श्री अमरनाथ तथा श्री शिवहर जी के साथ कपिलमुनि के आश्रम निगलेहवा गया। इस स्थान पर अशोक का एक स्तम्भ आधा स्थिर तथा आधा टूटकर पड़ा है। कपिलमुनि के आश्रम का नाम निगलेहवा कैसे पड़ा इसकी भी बड़ी रोचक कथा है। इस स्थान के निकट ग्रामवासियों की धारणा के अनुसार सम्राट अशोक का टूटा स्तम्भ पाण्डव भीम की वहां छोड़ी हुई वह निगाली है जिससे वे हुक्का पिया करते थे। इस प्रकार भीम की इस निगाली से निगलेहवा नाम की उत्पत्ति हुई। इतना भूल गए हैं हम अपने इतिहास को।

Of late we have seen many signs of indiscipline among students and in our considered opinion turbulence is the result of an all-round frustration, a sense of dissatisfaction arising out of lack of any social purpose in the whole scheme of University education. Universities go on producing degree-holders in mass scale without any care for the quality of the produce and the needs of the country. There should be overhaul planning for admission and guidance of students. Here merit not money should be the criterion of entry or summary rejection. There must be proper tutorial system with adequate provision for teaching and 'know-how.' The concept of examination has got also to be changed. As it is today the student facing examination after a pre-determined interval is inclined to be slack

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


in his work and to follow 'Made Easies' just a few days before his examination somehow to cross the bar of one test. As a result of this the student is neither doing justice to his curricula nor is he well-equipped to face life squarely. So we think, the student should be a full-time student and a whole-time examinee. Regular progress report of his work should be kept by the staff concerned and that is to be the basis for the assessment of his effort. And the weeding out of the misfit and incompetent as noted beforehand, has got to be done much earlier. Since right kind of talent will be drawn for right kind of study or research, it will be essential not to spare any sustained zeal in any effort once undertaken. The creation of eleven research institutions* by the National Government is a step in the right direction. Though they are not allied to universities as such but they necessitate technical skill which may be directly acquired from such institutes or from University laboratories. The point is that these institutions create an impetus in the educated youth to develop technical knowledge and training which is more and more in demand because of the growing awareness of the country for its material upliftment. In the field of Industry and Applied Sciences we have made some progress by having provision for laboratory work in institutions like Sindri Fertiliser, Chittaranjan Locomotive Works, Mandi Salt Works, Radar and Wireless Project' etc. But much has not been done in these fields if for reasons of finance, also, to a very great extent for the dearth of modern technical skill. To have an integrated and planned development of our national economy it is desirable that the requisite human skill should be supplied by the Universities. But the problem is to make an objective survey of the different sectors of employment—primary, secondary and cursory—of our national life and then to fit in the students in the appropriate setting. And for years to come we have no doubt in our mind that the services of University products

*1. The National Physical Laboratory, New Delhi
2. The National Chemical Laboratory, Poona.
3. The National Metallurgical Laboratory, Jamshedpur.
4. The Fuel Research Institute, Jealgora.
5. The Central Food Technological Research Institute, Mysore.
6. The Central Drug Research Institute, Lucknow.
7. The Central Glass and Ceramic Research Institute, Calcutta.
8. The Central Road Research Institute, Delhi.
9. The Central Building Research Institute, Roorkee.
10. The Central Leather Research Institute, Madras.
11. The Central Electric-Chemical Research Institute, Karaikudi.



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


will be utilized in the cursory and in some case secondary sectors of employment i.e. for the purposes of mainly mental work and organization of our agriculture and industry. With the progress of small-scale mechanisation in agriculture, adoption of improved types of seeds and plants, fertilisation etc. technical skill will be increasingly in demand in the field of agriculture. In the field of industry though, not in quantum as much, but, in quality and calibre, perhaps, better skillful leadership will be called to service, for, with the execution of great river-valley projects through the length and breadth of the country, it is reasonably expected that availability of cheap electricity will introduce Swiss rural life of small-scale industries in the Indian countryside as well as Western prototypes of great factories in our cities. All the above clearly anticipate that the universities have got progressively to cater to the needs of rapid scientific developments in the country. We would therefore invite a change of emphasis from general arts and pure science to applied science, technology, engineering and the like.

Some problems concerning psychological and social training of the students have got also to be noted. Facilities for recreation in the midst of work may be more scientifically arranged. Provision for refreshment, informal meetings of friends, light music and visual education etc. are a few methods apart from provision for parks, gardens, games and so on. We would favour lessening of holidays (an UNESCO sub-Committee recently expresses for general adoption of such a view as well) in Indian universities. Even with holidays we do not think they should be viewed as no-work days just to while away the time in utter idleness. Some creative work, in the field of social reform e.g. observance of austerity, love for Swadeshi, recognition of dignity of women, abolition of caste system etc. or even excursions in plains and mountains may be made which will if undertaken in the proper spirit, sublimate one's mind and make one's heart leap in joy when the spirit is rendered daring before the vast panorama of Indian life from the Capa Camorin to Himalayas. In such a jovial mood as it is after holidays the mind is most receptive and reflective on anything thrown to its catch. Furthermore a sense of community feeling is the inevitable result of the above pattern of outdoor living in excursions and picnics. A sense of corporate life is also fostered by Students' Unions and allied cultural study circles wherein really they learn the first lessons of citizenship and the art of leadership (apart from the intellectual sustenance they derive therefrom). For this, we would like such bodies to be immensely popularised but not 'imposed'—they must be left to the students and to their

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

cooperative endeavour with interested and keenly responsive teachers in charge.

But all the above will not be of much avail if the body does not step in quickly after the mind. Almost all Indian Universities have got limited provision for ancient Yogic exercises, modern games—western and eastern, training in the National Cadet Corps. A few others have been of late provided for a few auxiliary NCC which to some extent serves the purposes of the original NCC. And then, the inauguration of the Territorial Army which is more akin to the regular army in its composition, in the scope of its training and in the role assigned to it, has also taken place. Nevertheless there is no denying the fact that very inadequate measures have been taken for physical and military training *pari pasu* University education. Demand for greater attention in this regard has been often voiced by leaders of public opinion for reasons of normal disciplining of the youthful exuberence and the peculiar necessity of the nation at present. We are convinced that greater considerations will have to be made on this aspect of the whole scheme of a student's training because body-building, observance of the principles of hygiene are of first-rate importance to any nation that does not decide to be a stunted and emaciated people.

Before we close we would like to say a few words on how best to maintain the sanctity of University Education. No University can successfully perform its duties if it lacks a reasonable degree of academic freedom. In India where a politician is a Pontiff in every sanctuary it becomes terribly difficult to keep politics away from the temple of learning. Political parties must refrain from penetrating into the administration, management and day-to-day problems of University life. And also the intervention of the state should be the least possible. As a matter of fact the practice of University autonomy is well-established in Western democracies. The Chinese Communists might burn the classics or the vanguard of the Soviet proletariate, their Communist Party, might decide what is to be taught in the Universities but that is not the way a seeker of truth should pursue his course. If the temple of learning is comely and beautiful,free and fearless, let the wind blow from any side for they will tear away the cobwebs and supply fresh air and energy to the devotees therein and make them fuller and richer in body, mind and soul to face trials and tribulations of life with calmness and sobriety.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# कालिदास की करुणा

डी० डी० शर्मा रिसर्च स्कालर, संस्कृत विभाग
का० हि० वि० वि०

जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः ।
नास्ति येषां: यशःकाये जरामरणजं भयम् ।।

संस्कृत साहित्य के मूल में कुछ ऐसे अजस्र प्रवाही स्रोत हैं जो कि अपनेमें इस विशाल साहित्य सागर की विभिन्न धाराओं को छिपाये हुए हैं। किसी भी धारा के मूल स्रोत को जानने के लिये हमें उसी उद्गम की ओर जाना होगा। यह कहना असत्य न होगा कि लौकिक साहित्य का जन्म ही कवि की करुणा पुकार के साथ हुआ। वही 'मा निषाद' की करुणा धारा ही धीरे धीरे साहित्य सागर की ओर बढ़ने लगी। समय समय पर उसमें आकर मिलने वाली धाराओं ने उसे आगे बढ़ने में योग दिया। इस दिशा में कविकुलगुरु कालिदास का सहयोग प्रत्यक्ष और महान् था, जिसने कि साहित्य की 'दृश्य' और 'श्रव्य' दोनों ही धाराओं को इस हृदयस्पर्शी रस से परिपूर्ण कर उसमें एक अद्भुत प्रवाह ला दिया। महाभारत के निर्वेदात्मक वातावरण से निकलने वाले पाठक ने जब इस महाकवि की श्रृङ्गार और करुणा से लहराती हुई धाराओं का पान किया होगा तो वह अपनी निर्वेदजन्य विरक्तता को भूल कर फिर एक बार संसारी बन गया होगा; उसे फिर से इस संसार में प्रेम और सरसता के दर्शन हुए होंगे। धन्य है वह युग प्रवर्तक कवीश्वर ! जिसने एक बार जगत्-प्रवाह को ही बदलने का बीड़ा उठाया। उस विनाशपूर्ण महाभारत के रक्तपात और अत्याचार से उकताए हुए मानव को माधुर्य और सौन्दर्य का दर्शन कराया।

वर्तमान विचार धारा में कालिदास को प्रेम और श्रृङ्गार का ही प्रतिनिधि कवि माना जाता है किन्तु बात वास्तव में ऐसी नहीं। उस महाकवि की प्रतिभा को एक ही अङ्ग में सीमिति करना उसके साथ अन्याय करना होगा। साहित्य के सभी क्षेत्रों में उनका अचार्यत्व समान ही है। उनका 'कवि कुल गुरु' विशेषण ही इस बात का द्योतक है कि वे श्रृङ्गार ही नहीं अपितु सभी रसों के गुरु (आचार्य) हैं। यद्यपि साहित्य क्षेत्र में भास की देन इनसे पूर्व की है किन्तु वह 'कविता कामिनी के केवल हास मात्र हैं। कवित्व की समस्त कलाओं का 'विलास' तो कालिदास में ही आकर उल्लसित होता है। तब यह कैसे शंका की जा सकती है कि करुण या अन्य किसी रस में उनकी सफलता न मिली हो। यह सत्य है कि श्रृङ्गार और विशेष कर विप्रलम्भ श्रृङ्गार में उन्हें अद्वितीय सफलता मिली है किन्तु करुणा की धारा प्रवाहित करने में भी उन्हें बेजोड़ ही कहना होगा। चाहे उनका करुण रस भवभूति के करुण की भांति विक्षिप्तावस्था तक न पहुंचा हो किन्तु उसमें मानव हृदय के कोमलतम भावों को सुकुमार हाथों से छूने की पूर्ण क्षमता है तथा कालिदास को उसके एकाङ्गी नहीं बल्कि सर्वाङ्गीण रूप को चित्रित करने में प्रशंसनीय सफलता मिली है। एक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओर रघुवंश में महाराज 'अज' को अपनी प्रेयसी के वियोग में विलाप करते हुए सुनते हैं तो दूसरी ओर कुमार सम्भव में 'रति' को अपने प्रियतम 'कामदेव' के लिए कुररी के समान करुण क्रन्दन करते हुए। इस प्रकार उस 'रससिद्ध कवीश्वर' ने स्नेह के दोनों ही आलम्बनों को लेकर करुण की पुष्टि की है।

कितना मर्मस्पर्शी है वह दृश्य जब कि भगवान् शंकर के द्वितीय नेत्र से उद्भूत अग्नि से दग्ध 'भस्मावशेष मदन' को देख कर पतिप्राणा रति मूर्च्छित हो जाती है। नव वैधव्य की असह्य वेदना का अनुभव करने के लिये ब्रह्मा के द्वारा जगाई जाने पर जब यह बाला चेतना को प्राप्त करती है तो देखती क्या है कि उसके समक्ष पुरुषाकार भस्म का एक ढेर पड़ा है। उसे देख कर वह विह्वल होकर विलाप करने लगती है। वह विलाप इतना हृदय विदारक है कि अचेतन प्रकृति भी उसके साथ रोने लगती है। वह कहती है—हे नाथ! तुम्हारे जिस शरीर से विलासियों के शरीर की तुलना की जाती थी उसे इस दशा में देखकर भी मेरी छाती फट नहीं गई। वास्तव में स्त्रियों का हृदय कितना कठोर होता है। तथा च

क्वनु मां त्वदधीनजीवितां विनिकीर्यः क्षणभिन्नसौहृदः।
नलिनीक्षतसेतुबन्धनो जलसंघात इवासि विद्रुतः ॥ ४.६ ॥

अर्थात् जिस प्रकार तीव्र गति युक्त जल-प्रवाह उसमें बहने वाली कमलिनी को कूल पर फेंक शीघ्रता से निकल जाता है उसी प्रकार केवल तुम्हारे ही आश्रय पर जीवित रहनेवाली मुझ अभागिनी से नाता तोड़ कर तुम भी चल दिए। फिर कहती है—मैंने तुम्हारी इच्छा के प्रतिकूल कभी कोई कार्य नहीं किया; कभी तुम्हारी कोई बात नहीं टाली, फिर अकारण ही मुझ विलखती हुई को दर्शन क्यों नहीं देते।" इसी प्रकार कितनी ही अतीत की प्रणय घटनाओं का स्मरण करती है जो कि उसकी शोकाग्नि को प्रदीप्त करने में धृत का कार्य करती हैं। फिर उलाहना देती है :—

हृदये वससीति मत्प्रियं यदवोचस्तदवैमि कैतवम्।
उपचारपदं न चेदिदं त्वमनङ्गः कथमक्षता रतिः ॥४.९॥

(तुम जो मीठी मीठी बातें बनाया करते थे कि तुम मेरे हृदय निवास करती हो, विदित होता है कि वह सब केवल मुझे प्रसन्न करने के लिए झूठ बोला करते थे। अन्यथा यदि ऐसी बात न होती तो यह कैसे हो सकता कि तुम्हारा शरीर जल कर भस्म हो जाय और मुझे कुछ भी न हो) अब तुम्हारे बिना घने अन्धकार से पूर्ण रात्रियों में विजली की कड़कड़ाहट से भयभीत हो उठने वाली कामिनियों को उनके प्रियों के घर तक कौन पहुँचावेगा? अब तुम्हारे अभाव में कामनियों का मदिरापान, चन्द्रमा का उदय होना तथा कोयल की कूक से गूंजता हुआ आम का बौर सब निष्फल हैं। सुरत काल की बातों का स्मरण कर मेरा हृदय विदीर्ण होता जा रहा है। हे कामकेलि-चतुर! तुमने अपने हाथों से मेरा जो वसन्ती शृङ्गार किया था वह तो अभी ज्यों का त्यों रखा है किन्तु तुम्हारा वह सुन्दर शरीर न जाने कहां चला गया! इत्यादि। उसका पति प्रेम ऐसा अगाध और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रेष्ठ है कि वह कामदेव के बिना क्षण भर भी जीवित रहना अपने लिये कलंक समझती है और उसी के साथ भस्म हो जाने को उद्यत हो जाती है। उस समय कामदेव के सखा वसन्त को वहां आया देख कर वह फूट फूट कर रोने लगती है। अपने प्रिय से सम्बन्धित व्यक्तियों या वस्तुओं को देख कर शोक के वेग का दूने प्रवाह के साथ उमड़ना एक स्वाभाविक ही बात है। वसन्त से कहती है कि मैं अवश्य ही अपने पति का अनुगमन करूंगी। क्योंकि :—

शशिना सह याति कौमुदी सह मेघेन तडित् प्रलीयते।
प्रमदा पतिवर्त्मगा इति प्रतिपन्नं हि विचेतनैरपि ।। ४.३३।।

(चांदनी चन्द्रमा के साथ चली जाती है और विजली बादल के साथ ही विलीन हो जाती है। जब अचेतन पदार्थों में भी इस प्रकार पति का अनुगमन होता है तो मैं चेतन होकर उसका अनुसरण क्यों न करूं।) इस प्रकार वह रो-रो कर अपने प्राणनाथ के सखा वसन्त से चिता बनवा कर उसमें अग्नि लगाने के लिये अनुनय विनय करती है। कहती ह कि हम दोनों का लाथ ही तर्पण करना और श्राद्ध के लिये नई कोपलों सहित आम्र मञ्जरी अवश्य लाना क्योंकि वह उन्हें बहुत प्रिय थी।

इस प्रकार महाकवि ने अद्भुत सफलता पूर्वक नारी हृदय के शोक को पाठकों के समक्ष उँड़ेल कर रख दिया है। सहृदय पाठक स्वयं अनुभव करेंगे कि इस विलाप में नाम मात्र को भी कल्पना वा अत्युक्ति का सहारा नहीं लिया गया है। नारी हृदय के शोक-संवेगों का जितना स्वाभाविक तथा मनोवैज्ञानिक चित्र यहां चित्रित किया गया है उतना शायद ही कहीं और मिल सकेगा। अनिरञ्जना से दूर रख कर करुणा की नैसर्गिक छटा की रक्षा की गई है। कौन ऐसा हृदयहीन व्यक्ति होगा जो कि फूट-फूट कर रोती हुई रति को देख कर द्रवित न हो उठेगा और उस अभागिनी के दुर्भाग्य पर थोड़ी देर के लिये दो आंसू न बहा देगा ? यह है कवि के हृदय की रसानुभूति जो कि करुणा के क्षेत्र में भी वही 'विलास' दिखलाती जो कि शृङ्गार के क्षेत्र में।

रघुवंश के अष्टम सर्ग के अध्ययन से पता चलता है कि महाकवि ने केवल नारी हृदय की वीणा के कोमल तारों को ही नहीं वल्कि कठोरता के आवरण से ढके हुए पुरुष की हृदय बीणा के तारों को भी करुण स्वर में झनझनाने में समान ही सफलता प्राप्त की है। नारी पुरुष के लिये केवल भोग की वस्तु नहीं वल्कि वह उसके जीवन में सार्थकता लाने वाली प्रेरणा है और उसके बिना जीवन किस प्रकार भार मालूम होने लगता है इसी को कालिदास ने 'अज-विलाप' के द्वारा दिखलाने का प्रयत्न किया है। पुरुष अपनी प्रेयसी से केवल बलिदान चाहता ही नहीं वरन् स्वयं भी कर सकता है। वियोग में जितनी विकलता नारी को हो सकती है उससे किसी प्रकार भी कम पुरुष को नहीं। इस शाश्वत तथा नैसर्गिक भावना का प्रत्यक्ष चित्र वहां पर उपस्थित किया गया है।

महाराज रघु की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र अज ने राज्य-भार संभाला तथा प्रजापालन करने लगे। वे अपनी प्रेयसी इन्दुमती से अत्यधिक स्नेह करते थे। एक दिन वे उसके साथ राजोद्यान में विहार कर रहे थे कि उसी समय नारद मुनि भगवान् शंकर की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


आराधना करने के लिये, आकाश मार्ग से, गोकर्ण धाम को जा रहे थे। उनकी वीणा के सिरे पर स्वर्गीय पुष्पों से निर्मित एक माला लटक रही थी जो कि हवा के झोकों से खिसक कर रानी इन्दुमती के वक्षस्थल पर आ गिरी। उसके पड़ते ही रानी प्राणहीन होकर भूमि पर गिर पड़ी और उसके साथ ही महाराज अज भी मूर्छित होकर वहीं पर गिर पड़े। सेवकों के द्वारा उपचार किए जाने पर राजा को तो चेतना आ गई किन्तु रानी को नहीं। तब उस प्रेमी राजा ने अपनी प्रियतमा को गोदी में रख लिया और विलाप करना प्रारम्भ कर दिया। कवि उसीका वर्णन करता है :—

विललाप स वाष्पगद्गदं सहजामप्यपहाय धीरताम्।
अभितप्तमयोऽपि मार्दवं भजते कैव कथा शरीरिणाम् ॥८.४३॥

(उनका स्वाभाविक धैर्य जाता रहा, गला भर आया, नेत्रों से अविरल अश्रुधारा बह चली, और वे फूट-फूट कर रोने लगे। यह स्वाभाविक ही था। जब तीव्र आंच को पाकर लोहा भी पिघल जाता है तो इस महान वियोगाग्नि से उनका कोमल हृदय द्रवित हो उठा इसमें क्या आश्चर्य!) वे रोते हुए कहते जाते हैं :—हाय! क्या फूलों से भी किसी की मृत्यु हो सकती है? यदि ऐसा ही है तो कहना चाहिए कि दुर्भाग्य किसी भी रूप में मृत्यु को ला सकता है। अथवा मालूम होता है कि कोमल वस्तु को नष्ट करने के लिये दैव कोमल वस्तु का ही प्रयोग करता है क्योंकि देखा जाता है कि कमलिनी को नष्ट करने के लिये पाला ही पर्याप्त होता है। पुनः तर्क से निराश होकर दैव के समक्ष अपनी असमर्थता प्रकट करते हुए कहते हैं :—

स्रगियं यदि जीवितापहा हृदये किं निहिता न हन्ति माम्।
विषमप्यमृतं क्वचिद्भवेदमृतं वा विषमीश्वरेच्छया ॥८.४६॥

(यदि इस माला में ही मारने की शक्ति है तो लो मैं इसको हृदय पर रख लेता हूं; लेकिन मुझे क्यों नहीं मारती। (अतः निश्चित है कि) ईश्वर की इच्छा ही बलवती है, क्योंकि उसकी इच्छा से कहीं तो विष भी अमृत हो जाता है और कहीं अमृत भी विष।) अतः मुझे तो ऐसा मालूम होता है कि :—

अथवा मम भाग्य विप्लवादशनिः कल्पित एष वेधसा।
यदनेन तरुर्न पातितः क्षपिता तद्विटपाश्रिता लता ॥८. ४७॥

(यह मेरा ही दुर्भाग्य कि विधाता ने इस माला को ऐसा वज्र बनाकर मारा कि जिससे वृक्ष तो बच गया और उसपर लिपटी हुई लता नष्ट हो गई।) फिर इन्दुमती को संकेत पूछने लगते हैं—हे प्रिये, तुम तो अपराध हो जाने पर भी कभी मेरा तिरस्कार नहीं करती थीं फिर आज क्योंकर एकाएक मुझ से बोलना तक नहीं चाहतीं? क्या तुम मुझे झूठा प्रेमी समझ कर मुझसे विना पूछे ही परलोक को चली गईं? इत्यादि। इस प्रकार विवेक शून्य होकर उससे प्रश्न करने लगते हैं; अपने प्राणों को धिक्कारने लगते हैं कि वे एक बार जाकर फिर क्यों इस वियोग को देखने के लिए लौट आए!

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


कितनी करुणा आती है उस प्रेमी पर जो कि अभी कुछ क्षण पूर्व अपनी प्रेयसी के साथ आनन्द-पूर्वक बिहार कर रहा था और अचानक ही उस युग्म में से एक सर्वदा के लिये महामौन धारण कर लेता है। जब कि संसार से विरक्त महर्षि वाल्मीकि का हृदय क्रौञ्च-मिथुन में से एक का बध देखकर शोकाभिभूत हो उठता है और वही 'शोक श्लोकत्व' को प्राप्त कर सकता है तो क्या कालिदास के लक्ष्यीभूत पाठक का हृदय इस प्रणयी युग्म में से एक के नष्ट होने पर दूसरे के करुण क्रन्दन को सुनकर द्रवीभूत नहीं हो सकता ? मानव हृदय विशेष रूप से प्रणय-संवेदनशील तो पाया ही जाता है। कैसी विडम्बना है भाग्य की ! कितना नश्वर है यह मानव जीवन ! अभी उसके मुख पर से सम्भोग की थकावट से उत्पन्न पसीने की बूदे भी नहीं सूखीं; और वह चल बसी (८.५१) ज्यों-ज्यों अतीत की सुखमयी घटनाओं तथा अपनी प्रेयसी के गुणों का स्मरण करते हैं त्यों त्यों शोकाग्नि प्रदीप्त होती जाती है। कहते हैं कि—'देखो चन्द्रमा से रात्रि का पुनः मिलन हो जाता है; और रात्रि के बीत जाने पर चकवा भी अपनी प्रेयसी चकवी को पा लेता है, अतः उन्हें वियोगजन्य दुःख थोड़े ही समय के लिये होता है; परन्तु तुमतो मुझे सदा के लिये छोड़कर चली जा रही हो, बताओ मैं क्यों कर न विरहाग्नि में जलकर भस्म हो जाऊँ (९.५६) वास्तव में 'इन्दुमती से विमुक्त होते ही उनका धैर्य लुप्त हो गया, आनन्द जाता रहा, गाना बजाना दुःखदाई हो गया, ऋतुएँ आकर्षणहीन हो गईं, सजाव श्रृंगार व्यर्थ हो गया और शय्या शूनी हो गई (८.६६) क्यो न हो भला ऐसा ? वह तो उसकी—"गृहिणी सचिवः सखी मिथः प्रियशिष्या ललिते कला विधौ" थीं। वह इतना रोया कि उसे देखकर वृक्ष और लताएँ भी अश्रुपात करने लगीं। जब उन्होंने नगर में प्रवेश किया तो उनकी दशा इतनी करुणाजनक हो गई थी कि नगर भर की स्त्रियाँ फूट फूटकर रोने लगीं। मानो आज का शोक इनकी आँखों से बह निकला हो।

उपर्युक्त वर्णन में कितनी सबल तथा भावपूर्ण भाषा में कवि ने प्रेमी के हृदय के करुणापूर्ण उद्गारों की व्यञ्जना की है। विलाप एकदम स्वाभाविक है। कहीं भी उसे बढ़ा-चढ़ा कर चित्रित करने की चेष्टा नहीं की गई है। रस की पुष्टि के लिये बीच-बीच में उद्दीपन विभाव के रूप में अतीत की श्रृङ्गारिक घटनाओं का स्मरण कराया गया है। कवीश्वर ने आनन्द के वातावरण के बीच अचानक विपत्ति का पहाड़ गिराकर उसकी अनुभूति को कई गुना तीव्र कर दिया है। कहां तो महाराज अज कुछ ही क्षण पूर्व उस अलौकिक सौन्दर्य की प्रतिमा इन्दुमती के साथ प्रमद बन में विलास क्रीड़ा में मग्न, आनन्द लोक में विचरण कर रहे थे और कहां एक क्षण बाद ही उनको हृदयेश्वरी उन्हें विलखता छोड़कर मृत्यु की गोद में सर्वदा के लिये सो जाती है। कैसी हृदय द्रावक है यह घटना। कौन ऐसा संवेदनाशील व्यक्ति होगा जिसका हृदय इस घटना का स्मरण कर द्रवित न हो उठेगा। प्रतीक रूप से 'अज' और 'रति' का शोक समस्त मानव जाति के प्रेमियों का ही शोक है।

कालिदास ने केवल दो प्रेमियों के वियोग जन्य शोक ही नहीं बल्कि परिस्थिति गत शोक का भी सुन्दर चित्रण किया है। वे कवि-कुल-गुरु न ठहरे। इसलिये उन्हें तो अपने उत्तरवर्ती शिष्य वर्ग के लिये सभी तरह का नमूना तैयार करता था। इस प्रकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परिस्थितियों से उत्पन्न शोक का दर्शन हमें रघुवंश के १४ वें सर्ग में सीता-परित्याग के अवसर पर होता है। बेचारी पूर्णगर्भा, पतिप्राणा सीता को लक्ष्मण, राम की आज्ञानुसार, छल से लेजाकर गंगा के उस पार हिंसक जन्तुओं से पूर्ण वियावान जंगल में छोड़ आते हैं। कितनी महान व्यथा हुई होगी उस पतिव्रता को जब उसने लक्ष्मण के मुख से अपने विषय में जनापवाद तथा परित्याग की बात सुनी होगी। कितनी विकलता हुई होगी उस गर्भवती को जिसने अपने आप को, मूर्च्छा से उठने के बाद, सुनसान बीहड़ बन में अकेली पाया होगा। इसका अनुमान लगाना सहज नहीं। प्रतीत होता है परम कारुणिक महाकवि भी जगज्जननी सीता को अधिक देर तक दीन और असहाय अवस्था में बिलखती हुई न देख सके। इसलिये वे यथा शीघ्र उन्हें सान्त्वना देने को व्यग्र हो उठे। और करुणा सागर महर्षि वाल्मीकि को वहां बुला लाए। फिर भी लक्ष्मण के लौटने और वाल्मीकि के पहुंचने में जितना भी थोड़ा समय लगा उसी में कवि ने संक्षेप में संकेतात्मक और व्यञ्जनात्मक भाषा में अपने हृदय की करुणा को प्रकट कर ही दिया है। वे कहते हैं ज्यों ही लक्ष्मण उनके सन्देश को ग्रहण कर उनकी आंखों से ओझल हुए त्यों ही विपत्ति के भार से व्याकुल सीता जी, डरी हुई कुररी के समान फूट फूट कर रोने लगीं (१४.६८) यहां पर 'कुररी के समान' कह कर उपमा के आचार्य ने अधिक वर्णन की आवश्यकता न रखकर सीता की समस्त व्यथा को हृदय-संवेदन बना दिया है। उनके रोने का अनुमान तो इसी से लगाया जा सकता है कि वहाँ की चराचर प्रकृति उनके साथ रोने लगती है—

नृत्यं मयूराः कुसुमानि वृक्षाः दर्भानुपात्तान्विजहुर्हरिण्यः।
तस्याः प्रपन्ने समदुःखभावमत्यन्तमासीद्रुदितं वनेऽपि ॥

अर्थात् उनका रोना सुनकर मोरों ने नाचना बन्द कर दिया, वृक्ष अश्रुधारा के रूप में अपने फूलों को गिराने लगे और हरिणियों ने मुख में भरी घास का कौर गिरा दिया। सीता जी के दुःख की संवेदना से सारा बन ही रोने लगा। इससे अधिक कवि किन शब्दों में करुणा की उद्भावना कर सकता था। इस संक्षिप्त वर्णन में नेत्रों से अश्रुधार भले ही न बहे पर हृदय अवश्य ही करुणा से गद्‌गद् हो उठता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि कालिदास ने केवल विप्रलम्भ शृङ्गार के अङ्ग के रूप में ही नहीं बल्कि स्वतंत्र रूप से भी करुण रस का आस्वादन कराने में प्रशंसनीय सफलता प्राप्त की है। कहीं कहीं अधिक विस्तृत वर्णन में न जाकर संकेत मात्र से ही उसे दर्शाने की चेष्टा की है। भगवान् राम के 'महाप्रयाण' के समय उनके पीछे पीछे चलने वाली जनता के आंसुओं से समस्त मार्ग को गीला करवाकर इसी संकेतात्मक शैली से काम लिया है (१५.९९)

वास्तव में संस्कृत साहित्य का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं जिसमें कि कालिदास ने अपनी नैसर्गिक प्रतिभा के बल पर किसी रस को पुष्टि की चरमावस्था तक न पहुंचा दिया हो। उनकी दृष्टि जिस ओर उठती है उसी ओर अलौकिक रस धार बहा डालती है। शाकुन्तल के चतुर्थ अंक में उनका करुण रस इस उच्च भूमि को प्राप्त हो गया है कि वहां जड़ और चेतन का भेद ही मिट गया है। इस जड़ और चेतन के अपूर्व मिलन को देख कर ही किसी भावविभोर आलोचक ने निचोड़ रूप में कह दिया—



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri 

कालिदासस्य सर्वस्वमभिज्ञानशकुन्तलम् ।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम् ।।

वह 'सर्वस्व' क्या है यह किसी भी पाठक से छिपा नहीं। स्पष्ट ही आज से शताब्दियों पूर्ण के समालोचक ने उच्च स्वर से महाकवि के 'करुण' रस के महत्त्व को श्रेष्ठ स्वीकार किया था। शकुन्तला की विदाई का दृश्य निःसन्देह करुण रस का ऐसा चित्र है जैसा कि सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य में ढूढने पर भी न मिलेगा। यही तो इस विश्वविख्यात नाटक की आत्मा है, निसर्ग-कन्या शकुन्तला पतिगृह को जानेवाली है। उसके बचपन की स्मृतियों को अपने धूलिकणों में छिपानेवाला आश्रम, वृद्ध पिता कण्व, बालसंगिनीप्रिय सखियां, उसके ही हाथों से पाली हुई बन-ज्योत्स्ना, अनाथ मृग छौना एवं आश्रम के अन्य-पशुपक्षी जितने भी आज तक उसके संपर्क में आए वह उन सबसे नाता तोड़कर जा रही है। जड़, चेतन सबके साथ उसका ऐसा सौहार्द हो गया है कि उसके विदाई का समय आते ही सभी व्याकुल हो उठते हैं। भला क्यों न हों वे व्यग्र! उसका नैसर्गिक स्नेह सबमें अनुप्राणित हो चुका है। कण्व ऋषि के आश्रम का कण कण दुःखी है, यहां तक कि संसार से विरक्त महर्षि की दशा देखिए। वे कहते हैं—'आज शकुन्तला चली जाएगी, यह विचार आते ही मेरा हृदय बैठा जा रहा है। आंसुओं के रोकने से गला इतना रुंध गया है कि मुख से शब्द भी नहीं निकलते, और इसी चिन्ता से नेत्रों से कुछ दिखाई भी नहीं पड़ता। जब मेरे जैसे बनवासी को पुत्री की विदाई पर इतनी व्यथा हो रही है तो भला उन बेचारे गृहस्थियों को कितना दुःख होता होगा जब कि वे अपनी पुत्री को पहले पहल विदा करते होंगे। इसके बाद महर्षि स्वयं ही प्रकृति से शकुन्तला की विदाई के लिये अनुमति मांग रहे हैं। "पातुं न प्रथमं०" हे तपोवन वृक्षों! तुम्हारी प्यारी शकुन्तला आज पतिगृह को जा रही है, तुम सब उसे जाने की अनुमति दो'। कण्व की इस वाष्परुद्ध कण्ठ की वाणी को सुनकर स्वीकृति स्वरुप व्याकुल कोयल कूक उठती है। समस्त आश्रम करुणा की छाया से अच्छादित हो जाता है।

महर्षिका वात्सल्यस्नेह बार बार उमड़ रहा है। उसकी कल्याणमय यात्रा के लिये शुभ कामना करते हैं। बन देवियां उसे अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देती हैं और उसके श्रृंङ्गार के लिये सुन्दर वस्त्रभूषण भेंट करती हैं। इस प्रकार वियोग की लहर थोड़े से समय में ही समस्त तपोवन को आप्लावित कर लेती है। शकुन्तला की विदाई की सूचना पाते ही हरिणियां मुख में चबाए हुए घास के कौरों को भी उगल देती हैं, मोरो ने नाचना छोड़ दिया है और लताओं के पीले पीले पत्ते इस प्रकार झड़ रहे हैं मानो उनके आंसू गिर रहे हैं। थोड़ी ही दूर आगे बढ़ती है तो उसे अपनी बहन के समान प्यारी वनज्योत्स्ता की याद आ जाती है। और उसे देखते ही वह उसे गले लगा कर प्यार करती है। यह एक अद्भुत ही स्नेह बन्धन का दृश्य है। अनाथ मृगछौना, जिसे उसने मां की तरह पाला पोसा था उसे जाते देख आखों में आंसू डबडबाए चुपचाप उसके पीछे चलने लगता है। कितनी वेदना बरसती है उस मृग छौने की भोली आखों से जिसने कि मातृ विहीन होने पर भी शकुन्तला के हाथों मां के प्यार की अनुभूति की थी। बाल सहचरी अनुसूया और प्रियंवदा का शोक तो अनुमानगम्य ही है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


इस अंक में अचेतन प्रकृति को भी रुला देनेवाली करुणा वास्तव में करुणा है, वह महाकवि की करुण व्यञ्जना का ज्वलन्त उदाहरण है, उत्तर राम चरित में तो "अपि ग्रावा रोदित्यापि दलति वज्रस्य हृदयम्" के द्वारा पत्थरों के रोने का संकेत ही मिलता है किन्तु शाकुन्तल में प्रत्यक्ष ही सचराचर जगत शकुन्तला की विदाई पर रोता हुआ दिखाई देता है। श्री उपाध्याय जी के शब्दों में—अन्तः करण की करुण दशा को व्यक्त करने वाली प्रकृति की यह मूक वाणी सच्चे हृदय के अतिरिक्त किसे सुनाई पड़ती है। प्रकृति में मानव बियोग का यह आन्दोलन विना किसी मार्मिक कवि के अन्तश्चक्षु के किन नेत्रों से प्रत्यक्ष किया जा सकता है; मनुष्य तथा प्रकृत का यह दर्शनीय वियोग किस रसिक की हृदय तंत्री को निनादित नहीं करता ?" करुणा की दृष्टि से 'शकुन्तला प्रत्याख्यान' का दृश्य भी कम द्रावक नहीं। प्रकृति के निश्छल वातावरण के बीच पली हुई शकुन्तला के प्रति हमारी कितनी सहानुभूति हो जाती है जब कि हम उनकी बड़ी बड़ी अभिलाषाओं पर तुषारपात होते हुए देखते हैं। ऐसे समय में क़ौन ऐसा हृदय हीन होगा जो कि रो न उठेगा।

उनका 'मेघदूत' भी करुणा के वातावरण से खाली नहीं। इसमें कालिदास ने मानव हृदय के सुक्ष्म से सूक्ष्म और कोमल से कोमल भावों को स्पन्दित करने में अभूत पूर्व सफलता प्राप्त की है। मेघदूत का प्रथम श्लोक ही हृदय में करुणा का स्रोत प्रवाहित करने लगता है। उस विरही यक्ष के साथ कवि की इतनी सहानुभूत है कि वह उसका परिचय देता है 'कश्चित्' (कोई बेचारा) कह कर। वह वास्तव में करुणा का पात्र है। उसे वियोग की इतनी वेचैनी है कि वह थोड़े दिनों के लिये एक आश्रम पर टिक ही नहीं सकता। 'रामगिर्याश्रमेषु' कह कर। कवि ने यही व्यञ्जित किया है कि उसका मन उसे एक स्थान पर चैन से बैठने ही नहीं देता था और वह आश्रम से आश्रम पर भटकता फिरता था। अग्नि, जल, वायु और धुएं के मेल से बना हुआ बादल भी जब उसकी मर्मस्पर्शिनी वेदना को सुनकर द्रवित हो उठता है और उसके कष्ट को दूर करने के लिये प्रयत्नशील हो जाता है तो करुणासागर कालिदास का तो कहना ही क्या। जरा उसकी दयनीय दशा का हाल तो देखिए। वह कहता है:—

मामाकाशप्रणिहितभुजं निर्दयाश्लेषहेतो
लंब्धायास्ते कथमपि मया स्वप्नसंदर्शनेषु।
पश्यन्तीनां न खलु बहुशो न स्थली देवतानां
मुक्तास्थूलासमकिसलयेष्वश्रुलेशाः पतन्ति ॥

(हे मेघ तुम मेरी प्रेयसी से कहना—जब कभी मैं स्वप्न में तुम्हें देखकर गाढ़ आलिङ्गन के लिये ऊपर भुजाएँ फैलाता हूँ तो उस समय बन के देवता भी मेरे इस उन्मादपूर्ण अभिनय पर तरस खाकर मोती के समान बड़े बड़े आँसू वृक्षों के कोमल पत्रों पर ढुलकाया करते हैं। क्या यह चित्र भवभूति के "अपिग्रावा" की तुलना पर नहीं रखा जा सकता। मेरा तो विश्वास है कि यदि यह उससे श्रेष्ठ नहीं तो किसी रूप में निम्न भी नहीं। इसी प्रकार उसकी विरह विधुरा यक्षिणी भी तो "करुणस्य मूर्तिरथवा शरीरिणी विरहव्यथा" के ही रूप में हमारे सामाने आती है। संक्षेप में यही कहना पर्याप्त होगा कि सम्पूर्ण मेघदूत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


करुणा के मूलाधार पर टिका हुआ है। यही करुणा है जो कि मेघ के पाठक के मन को मुग्ध कर डालती है।

अब एक विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि कालिदास में इतना अधिक तथा उच्च कोटि का करुणरस विद्यमान होते हुए भी इसके आचार्यत्व का श्रेय भवभूति को ही क्यों मिला ? इसका एक कारण तो यह हो सकता कि कवि ने अधिकतर इसको स्वतंत्र रूप में न लेकर विप्रलम्भ का पोषक बनाया है। तथा दूसरा यह भी हो सकता है कि यह कालिदास का 'श्रेष्ठतम' न होकर 'श्रेष्ठतर' रस है। अन्यों की तुलना में श्रेष्ठ रहने पर भी अपनी तुलना में पीछे रह जाता है। जो भी हो कम से कम इतना तो अवश्य है कि यदि पक्षपात रहित दृष्टि से देखें तो हम देखेंगे कि करुण रस की व्यंजना में कालिदास भी उतने ही सफल हुए हैं जितने कि भवभूति। दोनों में जो अन्तर दिखाई देता है यह केवल उनकी शैली का है। कालिदास ने व्यञ्जना प्रणाली से थोड़े से चुने हुए शब्दों द्वारा अधिकाअधिक भावों को व्यञ्जित करने की चेष्टा की है और भवभूति ने विपुल वाग्विस्तार के साथ वाच्यार्थ-प्रधान प्रणाली को अपनाया है। दोनों में से किसी को छोटा बड़ा नहीं कहा जा सकता। हृदय के कोमल मनोवेगों को तरङ्गित करने में दोनों में से कोई भी किसी से कम नहीं। कालिदास के करुण रस का आस्वादन करने के लिये लेख में संकेतित प्रकरणों का सङ्गोपाङ्ग अध्ययन विशेष सहायक होगा। सहृदय पाठक स्वयं ही निर्णय दे सकेंगे। कि वास्तव में कालिदास की करुणा कितनी पवित्र और उच्च भूमि पर स्थिति है।

---

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# आंध्र वाङ्मय का काल-विभाजन

## वेंकट सुब्बाराव धवल

वैज्ञानिक युग के प्रभाव के कारण ही, शायद, आज विद्वज्जन भारतीय भाषाओं के साहित्य-इतिहासों को अवैज्ञानिक सिद्ध करते हैं। आन्ध्र वाङमय का इतिहास भी इससे बच नहीं पाया है। लेकिन जिस प्रकार प्रान्तीय साहित्यों के इतिहास-ग्रन्थ विद्वानों में मतभेद होते हुए भी, आज लिखे और माने जा रहे हैं, उसी प्रकार आन्ध्र वाङमय के इतिहास को अवैज्ञानिक होने पर भी मान्यता देनी पड़ती है। आन्ध्र वाङमय के इतिहास-काल विभाजन को जानने के पूर्व आन्ध्र भाषा और वाङमय सम्बन्धी कुछ निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों से परिचित होना अत्यन्त आवश्यक है।

तेनुंगु, तेलुंगु :—श्रीशैल, महेन्द्र गिरि और विन्ध्यपर्वत नामक तीन पर्वतों या नगों से आवृत होने से आन्ध्र देश तेनुंगु देश कहलाता है और आन्ध्र प्रान्त के उत्तर, पश्चिम और दक्षिण सीमाओं पर द्राक्षाराम, श्रीशैल और कालहस्ति नामक तीन पुण्य क्षेत्र (तीर्थ स्थान) हैं। इन तीनों स्थानों में तीन देवता-लिंग हैं। वे क्रमश: भीमेश्वर, मल्लिकार्जुन और कालहस्तीश्वर कहलाते हैं। इस प्रकार तीन लिंगों से आवृत देश होने से यह त्रिलिंग देश भी कहलाता है। त्रिलिंग से तेलुंगु और त्रिनग से तेनुंगु शब्द बनते हैं। कुछ विद्वान तेनूंगु की उत्पत्ति तेने अगु (मधुर भाषा) से और तेलुगु की तेलि-तेलियु (जानना) धातु से मानते हैं। तेलंगाणा, तैलंग, तैंलंगा आदि अपभ्रंश रूप हैं। पहले ये सब शब्द देशसूचक ही थे, बाद में भाषा सूचक और बहुवचन प्रयोग से, अर्थात्, अन्त में 'लु' जोड़ने से उस देश के निवासियों का भी अर्थ बोध करने लगे। आन्ध्र भी उनका समानार्थक है।

**प्राचीनता और उपभाषाएँ :**—आन्ध्र शब्द महाभारत और ऐतरेय ब्राह्मण काल में भी मिलता है। उस समय आन्ध्र शब्द का अर्थ देश ही तक सीमित था, भाषा का बोधक नहीं था। उत्तर भारत के स्वयंवरों और राज कार्यों में अन्यों की तरह आन्ध्र देश के लोग भी भाग लेते आ रहे थे। इसके प्रचुर प्रमाण संस्कृत वाङमय में अनेक मिलते हैं। इसके बाद अपभ्रंश काल में आन्ध्र शब्द के स्थान पर त्रिनग या त्रिलिंग के अपभ्रंश रूप ही प्रयोग करते पाये जाते हैं। हिन्दी साहित्य के आदि काल के मैथिली कोकिल विद्यापति ने (१४ वीं सदी) सब जन मिट्ठा देसिल् वयना में जौनपुर का वर्णन कीर्तिलता के द्वितीय पल्लव में करते हुए आन्ध्र राजाओं को इस प्रकार सम्मिलित किया है—

तेलंगा बंगा चोल कलिंगा रावापुत्ते मण्डीआ।······निअ भासा जम्पइ·········आदि।

दक्षिणापथ के कुछ विद्वानों का मत है कि पाँचवीं सदी के पूर्वार्द्ध में ही तेलंगाणा से आन्ध्र अलग हुआ था। लेकिन इतिहासकारों का मत है कि चन्द्रगुप्त मौर्य के समय दोनों अलग हुए थे और चालुक्य वंश के राजाओं द्वारा प्राकृतमय तेलुंगु राजभाषा बनाई गई थी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उप-भाषा के सम्बन्ध में भी विद्वानों में एक मत नहीं है। कुछ विद्वानों का मत है कि ऐतरेय ब्रह्मण काल में कुछ जातियाँ आकर आज के (गंजाम्—उड़ीसा प्रान्त में पड़ता है) और विशाखपट्टनम् जिलों के पहाड़ी इलाकों में बस गयी थीं। इसके अतिरिक्त कोंड, चंचु, सबर, गदब आदि जातियाँ भद्राचलम्, श्रिकाकुलम् और हैदराबाद आदि के पहाड़ी और जंगली इलाकों में आज भी हैं। आदि द्रविड़, आदि आन्ध्र सूचक जातियाँ आज भी आन्ध्र में हैं। सब अपभ्रष्ट या तेलंगु के प्राचीन रूप ही बोलते हैं। अतः उपर्युक्त दोनों के आधार पर कुछ विद्वान उनकी भाषा को तेलुंगु के प्राचीन रूप या उप-बोलियों के अन्तर्गत मानने के पक्ष में हैं। श्री लिंगम लक्ष्मा जी ने उनका व्याकरण और लिपि बनाई। लेकिन कुछ विद्वान तमिल के प्राचीन रूपों से और कुछ प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं से तेलुंगु के प्रारूप मिलाते हैं। बड़ग, कुरुंब, गोलटी, तुलु तोड़ा, आदि बोलियों सहित कन्नड भाषा को (हल कन्नड) अच्च तेलुंगु प्राचीन तेलुंगु की उप-भाषाओं के अन्तर्गत लाना चाहते हैं। इसका प्रमाण कन्नड़ भाषा की अलग लिपि, तमिल मलयालम् की तरह न होकर लिंग, वचन, कारक, वाक्य रचना, छन्द, उच्चारण आदि में अन्यों की अपेक्षा तेलुंगु से कन्नड की अधिक सारूप्यता ही है। अच्च तेलुंगु से हल कन्नड़ अलग होकर तेलुंगु से लिपि और अन्य अनेक विशेषताओं को लेकर और संस्कृत से भाषा साहित्यों को लेकर नव कन्नड भाषा हल कन्नड़ भाषा से अलग हुई, और समृद्ध होती जा रही है। एक प्रकार से अनेक उप-भाषाएं तेलुंगु के अन्तर्गत हैं और दूसरी तरफ एक भी उप-भाषा तेलुंगु की नहीं है। किन्तु माण्डलिक भेद अनेक हैं।

**भाषा भेद**—श्री वागनुशासन नन्नय द्वारा अपने 'आन्ध्र शब्द चिन्तामणि' में तेलुंगु के चार भेद स्पष्ट किए गए हैं। वे तद्भव (तज्जा) तत्सम (समा), देश्या और ग्राम्य इस प्रकार हैं—प्रकृति द्वयजा तज्जा, तुल्यातुसमा, प्रवाहिनी देश्या, अनियमात् ग्राम्यम् हि यत्वपभ्रंशः। आचार्य अधर्वग ने अन्य देशी भेद भी माना है।

आन्ध्र के विद्वान अपने साहित्य-इतिहास को आन्ध्र वाङमय चरित्र कहते हैं। अतः मेंने भी उनके प्रिय शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके काल-विभाजन के पक्ष-विपक्षों को निष्पक्ष से लिखा है।

समाज और साहित्य की गति-विधि को पहिचान कर साहित्यिक प्रवृत्तियों के रहस्यों का उद्घाटन करते हुए अपने इतिहास को एक पूर्व निर्धारित कसौटी पर परखने की शास्त्रीय पद्धति आचार्य डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी आदि हिन्दी साहित्य के इतिहासकारों की एक विशेष देन है। इस प्रकार का प्रयत्न अन्य साहित्य के इतिहासकारों ने नहीं किया है। इस शास्त्रीय पद्धति को छोड़कर शेष सभी विशेषताएँ आन्ध्र वाङमय के प्रथम इतिहासकार श्री कन्दुकूरि वीरेश लिंगम जी पन्तुलु में पायी जाती हैं। उनका "आन्ध्र कवुल चरित्र" अर्थात् "आन्ध्र कवि जीवन वृत्त" आन्ध्र वाङमय में हर साहित्यिक दृष्टि से एक विशेष स्थान रखता है। उन्होंने आन्ध्र कवियों को प्राचीन कवुलु, मध्ययुगीन कवुलु, आधुनिक कवुलु तीन वर्गों में बाँटा है। यह ग्रन्थ तीन भागों में लिखा गया है। इसमें काल-क्रम के अनुसार कवियों को लेकर उनके जीवन-वृत्त, कृतियों, संकलित या अनूदित ग्रन्थ, साहित्यिक विशेषताएँ और ग्रन्थ-समर्पण प्राप्त राजा आदि को आचार्य रामचन्द्र जी शुक्ल की तरह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विवेचन करके दिया है। उनके इस भगीरथ प्रयत्न के ठोस आधार और प्रमाण कवियों के आश्रयदाता, दरबारी चिट्ठे, शिलालेख, दानपत्र, समकालिक कवियों के उद्धरण और अन्य साहित्यिक रचनाएँ हैं। इन्हीं सबके आधार पर श्री कन्दुकूरि वीरेश लिंगम जी पन्तुलु ने कवियों का काल-निर्णय किया है।

लेकिन कुछ विद्वान इनके आन्ध्र कवुलु चरित्र को कविजनों का जीवन-वृत्त कहकर इतिहास की कोटि से उसी प्रकार अलग रखना चाहते हैं जिस प्रकार आचार्य शुक्ल ने पूर्ववर्ती फ्रांसीसी इतिहासकार गार्सा द तासी से लेकर मिश्र-बन्धुओं तक का इतिहास कार्य हिन्दी साहित्य में कविवृत्त संग्रह ही कहकर इतिहास की कोटि से हटा दिया है; लेकिन इतने प्रबल प्रमाण आन्ध्र वाङमय में उनके परवर्ती आचार्यों के पास नहीं हैं।

दूसरी बात यह है हिन्दी साहित्य का इतिहास हिन्दी शब्द सागर की भूमिका के रूप में असम्पूर्ण होने से समय-समय पर परिष्कृत और परिवर्द्धित किया गया है। इस प्रकार का परिष्कार और परिवर्द्धन अन्यों की तरह आन्ध्र वाङमय इतिहास ग्रन्थों में भी नहीं हुआ है।

इसके बाद दूसरा नाम "कवि जीवतमुलु" अर्थात् कविजीवन के रचयिता श्री गुरुजाड श्रीराममूर्ति जी पंन्तुलु का आता है। हिन्दी साहित्य इतिहास की तरह आन्ध्र वाङमय चरित्र भी कवि-जीवन-वृत्तों से ही विकसित हुआ है। आपने महाभारत के रचयिताओं या अनुवादकों को भारत कवि, आन्ध्र रामायणों के रचयिताओं को रामायण कवि और प्रबन्ध रचयिताओं को प्रबन्ध-कवि कहकर कवियों को तीन वर्गों में बाँटा है।

इनके वर्गीकरण पर कुछ विद्वानों का आक्षेप है कि यह इतिहास ग्रन्थ नहीं हो सकता। कारण कि उनका वर्गीकरण का आधार वैज्ञानिक तो है नहीं, साथ ही कवियों के समय का भी ध्यान नहीं रखा गया है। यद्यपि उनके समय तक आन्ध्र में भारतों की रचना होते समय कोई रामायण का रचयिता नहीं हुआ हो और रामायणों के समय में प्रबन्ध कवि भी अपवाद से हुए हों, तथापि ग्रन्थों की विषय-वस्तु के आधार पर कवियों की सूची बनाने को यह कोई पुस्तकालय की आलमाइरी नहीं है!

अस्तु; इसके बाद अनेक विद्वानों ने आन्ध्र वाङमय का युग विभाजन अपनी अपनी दृष्टि से किया है। सर्वश्रीचिलुकूरि नारायण राव जी, चिलुकूरि वीरभद्रराव जी, नागेश्वर राव जी, के सीतारामय्या जी, लक्ष्मीरंजनम् जी आदि आन्ध्र वाङमय के युग-विभाजन में कर्णधारों की तरह माने जा रहे हैं। मान्यवर गन्टिजोगि सोमयाजुलु जी ने अपने 'आन्ध्र भाषा विकास' में प्राचीन युगों के ऊपर भी बहुत प्रकाश डाला है।

कुछ विद्वान नन्नय युग, तिक्कन युग, एईन युग, श्री नाथ युग, श्री कृष्णदेवरायलु युग, क्षीण युग, आधुनिक युग नामक आठ युगों में आन्ध्र वाङमय को बाँटते हैं। श्री काशीनाथ नागेश्वर राव जी इसके कर्णधार हैं। कुछ लोगों ने आन्ध्र देश के इतिहास के काल-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विभाजन ही को कुछ हेरफेर करके वाङमय-युग-विभाजन के नाम से घोषित कर दिया है। वे इस प्रकार हैं :—

आन्ध्र वाङमय का युग-विभाजन ईस्वी युग के अनुसार किया गया है। मैंने ५७ जोड़कर संवत् बनाया है।

| | | |
|---|---|---|
| १—अज्ञात युग पूर्वार्ध | | ५५७ तक |
| ,, ,, उत्तरार्ध | ५५७ से | १०५७ तक |
| २—पौराणिक युग | १०५७ से | १२५७ तक |
| ३—काकतीय युग | १२५७ से | १४३७ तक |
| ४—कर्नाटक युग प्रवन्ध युग | १४३७ से | १५५७ तक |
| ५—कृष्णदेवरायलु युग | १५५७ से | १७०७ तक |
| ६—मध्य युग | १७०७ से | १८५७ तक |
| ७—संधियुग या नवयुग | १८५७ से | १९५७ तक |
| ८—आधुनिक काल | १९५७ से | ——— |

यह आन्ध्र वाङमय का युग विभाजन नहीं हो सकता। इसमें काकतीय आदि राजवंशों के आधार पर देशी इतिहास का काल विभाजन किया गया है। अतः इसमें कुछ भी साहित्यिक प्रवृत्तियों का ध्यान नहीं किया गया है। इसलिये साहित्यिक धाराएँ अति व्याप्ति और अव्याति दोषों से ग्रस्त हैं। इनकी बाकी विशेषताओं को श्री कोराड रामकृष्णय्या जी के और अन्यों के काल विभाजन से जाना जा सकता है।

अस्तु, पूर्ववर्ती सभी विद्वानों से असन्तुष्ट होकर श्री कोराड रामकृष्णय्या जी ने अपनी रुचि के अनुसार आन्ध्र वाङमय चरित्र को छ युगों में बाँटा है, जो इस प्रकार हैं—

| | | |
|---|---|---|
| १—अज्ञात युग या प्राङनन्नपार्य युग | | सं० १०५७ तक |
| २—भाषान्तरीकरण युग या कवित्रय युग | १०५७ से | १४०७ तक |
| ३—संधियुग या श्रीनाथ युग | १४०७ से | १५५७ तक |
| ४—प्रबन्ध युग या रायलु युग | १५५७ से | १७५७ तक |
| ५—संधियुग या दक्षिण देशीय वाङम युग | १७५७ से | १९५७ तक |
| ६—आधुनिक युग | १९५७ से | ——— |

उपर्युक्त छ युगों में प्रथम अज्ञात युग है और इस नामकरण के अज्ञात शब्द से ही अर्थ स्पष्ट हो रहा है। आप के मत से कोई विशेष साहित्यिक रचनाओं के न मिलने से ही इसका नाम अज्ञात युग रखना उचित है।

दूसरा भाषान्तरीकरण युग या कवित्रय युग संवत् १०५७ से १४०७ तक माना जाता है। इसे कुछ विद्वानों ने पौराणिक युग भी कहा है। यहाँ पौराणिक शब्द का अर्थ पुराणों से सम्बन्धित है न कि प्राचीनता का सूचक। इसे भाषान्तरीकरण युग कहने का कारण है कि इसमें महाभारत आदि ग्रन्थों का अनुवाद मात्र होकर किसी मौलिक ग्रन्थ की रचना का नहीं होना ही है। इस युग के प्रवर्तक और आन्ध्र महाभारत के रचयिता तीन कवि-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


आदि कवि नन्नय, कवि ब्रह्म तिक्कन, प्रबन्ध-परमेश्वर एर्राप्रगड–हुए हैं। अतः आन्ध्र के अधिक विद्वान अलग-अलग तीन युग न चलाकर तीनों का सम्मिलित एक युग चलाने के पक्ष में हैं। इसलिये यह कवित्रय युग कहलाता है।

आपने तीसरे युग का नाम संधि युग या श्रीनाथ युग रखा है। इसका समय सं० १४०७ से १५५७ तक माना जाता है। गत भाषान्तरीकरण युग और भविष्य के प्रबन्ध युग के बीच के समय को संधियुग मानना आप उचित समझते हैं। जिस प्रकार आंग्ल भाषा के साहित्य-इतिहास में चार्ल्स, टेनिसन्, शेक्सपियर आदि के नाम से युगों का नामकरण हुआ है, उसी प्रकार श्रीकोराड रामकृष्णय्या जी कवि-सार्वभौम श्रीनाथ के नाम से इस युग को चलाना चाहते हैं।

चौथा युग प्रबन्ध युग है। यह संवत् १५५७ से १७५७ तक माना गया है। कारण कि इस युग के आन्ध्र वाङमय की श्रीवृद्धि हंपी विजयनगरम् के राजा श्री कृष्ण देवरायलु द्वारा हुई है। रायलु का युग साहित्य और राजनीति का स्वर्ण युग है। भारतीय इतिहास के भक्तिकाल का स्वर्णयुग आन्ध्रवाङमय के उस रायलु के स्वर्ण युग में आ जाता है। भक्तिकाल के अष्ट-छाप की तरह इस युग में भी आठ महाकवि हुए हैं। वे 'अष्टदिग्गज' के नाम से आन्ध्र वाङमय में प्रसिद्ध हैं। अष्ट छाप भक्तिकाल के स्वर्ण युग में होकर पुष्टिमार्गीय वैष्णव भक्ति सम्प्रदाय से अनुप्राणित है और आन्ध्रवाङमय के अष्टदिग्गज रायलु के स्वर्णयुग में राजपोषित महाकबि हैं। इस प्रकार अष्टछाप या अष्टदिग्गज तेलुगु और हिन्दी साहित्य के स्वर्णयुगों ही में हुए। तामिल या कन्नड़ आदि अन्य प्रान्तीय साहित्यों के स्वर्णयुगों में या कम से कम अन्य युगों में भी नहीं हुए हैं। उसी समय रायलु ने यह घोषित किया कि देशभाषालन्दु तेलुंगु लेस्स, अर्थात् आधुनिक भारतीय भाषाओं में तेलुंगु सर्वोपरि है। अतः आज भी यह सत्य प्रतीत होता है। अस्तु, बीरार, बीदर, बीजापुर, गोलकोडा ओर अहमद नगर के आक्रमण के बाद भी उस स्वर्णयुग के खण्डहर और साहित्यिक कृतियाँ अवशेष हैं। आज वे खण्डहर ही बताते हैं कि उस युग के साहित्य की इमारत कितनी बुलन्द थी,।

श्री कोराडा जी का पाँचवाँ युग पुनः एक संधियुग आता है। इसका समय संवत् १७५७ से १९५७ तक माना जाता है। उनके अनुसार यह आवश्यक इसलिये है कि उन दो शताब्दियों में दक्षिण देश अर्थात् मदुरा, तेंजूर आदि से कुछ साहित्यिक धाराओं ने आन्ध्र वाङमय पर प्रभाव डाली हैं। इसलिये इसे दक्षिण देशीय वाङमय युग कहना आप उचित समझते हैं। दूसरी बात है कि इस समय आधुनिक युग के कुछ नये लक्षणों का आभास मिलने से इसे संधियुग भी कहा गया युग है।

श्री कोराड़ा जी का षष्ट युग आधुनिक है। यह संवत् १९५७ से प्रारंभ होता है। यह काल उनके वर्गीकरण का अन्तिम युग है। इस प्रकार उनके आन्ध्र वाङमय में छ युग हैं।

श्री कोराड रामकृष्णय्य जी और उनके पूर्ववर्ती आचार्यों के आन्ध्र वांङमय युग विभाजन पर कुछ विद्वानों की आपत्तियाँ इस प्रकार हैं।


CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


श्री कोराड़ा जी ने अपनी रुचि के अनुसार आन्ध्र वाङमय को छ युगों में बाँटा है। अन्य विद्वानों ने साहित्यिक प्रवृत्तियों को न पहचान कर राजाओं, राजवंशों, भाषा-भेदों, ऐतिहासिक युगों आदि के आधार पर साहित्य के युगों का विभाजन किया है। अतः इन वर्गीकरणों का कोई अकाटच प्रमाण या वैज्ञानिक आधार नहीं है। बहुत से विद्वानों ने अपने विभाजन के एक युग का दो-दो नाम रखा है। इससे उनके अन्दर ही स्वयं एक द्वन्द्व उत्पन्न हो गया, अन्यों की आलोचना के बारे में क्या कहना है। श्री कोराडा जी ने आन्ध्र वांङमय को एक महासौध का रूपक वाँधा है। उसके मंजिल, सोपान मार्ग, कमरों की नक्कशी आदि सुन्दर, प्रांजल और मनोहर भाषा में वर्णित हैं। यह वर्णन भावुकता का पूर्ण परिचय देता है। अयोध्या के रूपक बाँधने से तुलसी बाबा की शोभा अवश्य बढ़ जाती है, लेकिन किसी साहित्यकार के युग-विभाजन का प्रमाण या तर्क यह रूपक नहीं हो सकता।

उनके युग-विभाजन का दूसरा, चौथा और छठा युग वाङमय सौंध के तीन मंजिल माने गए हैं। तीन मंजिलों के बीच में दो सोपान मार्ग अनिवार्य संधियुग कहा गया है। उस सौंध की नींव एक अज्ञात युग है। इस प्रकार कुल छ युग हुए हैं। वे एक जगह कहते हैं कि उनका यह महासौंध संस्कृत के समतल पर ही खड़ा है और दूसरी जगह लिखते हैं कि अज्ञात युग पूरा उसकी नींव है। अगर किसी धरातल पर एक झोपड़ी को खड़ा कर दिया जाय तब क्या पृथ्वी के ७९१३ मील व्यास को उस झोपड़ी की नींव कहने मात्र से हवा की झोंका से उसे गिरने से रोका जा सकता है? दूसरी बात है कि अगर एक लिफ्ट पर बैठकर उनके महासौध की छत पर जाया जाय तो उनके सोपान-मार्गों की अनिवार्यता कहाँ है? क्या पूरा सौध एक ही संधियुग से समाप्त नहीं हो जायगा? कोई तर्क न देकर रूपक पर सौधों को खड़ा करने से यही हालत होती है।

अस्तु, श्री कोराडा जी के छ युगों में पहला अज्ञात युग और अन्तिम आधुनिक युग हैं। ये तो आज के सभी भाषा साहित्य के लिए ग्रन्थों के दो साधारण अनिवार्य युग हैं। हमारे अज्ञान के कारण इतिहास में भी एक अज्ञात युग बना दिया गया है। इसे छोड़कर जहाँ से सामग्री मिलता है वहीं से युगों को आरंभ करने से कुछ कल्पित युग भी कम हो जायेंगे और आरोपित कलंक भी मिट जायगा। अगर साहित्य के आचार्यों द्वारा अज्ञात को भी साहित्य की एक मूल प्रवृत्ति मानी जाय तभी उस अज्ञात युग का नाम ठीक पड़ेगा। दूसरे युग से ही प्रारंभ करके सच्ची बात कहना कोई अपमान नहीं है। संस्कृत प्राकृतों से सम्बन्ध को भूल जाने से ही ऐसा हुआ होगा। आशा है आन्ध्रपरिशोधन विभाग, आन्ध्र विश्व-कलापरिषद् आदि इस अज्ञात युग पर प्रकाश डालेंगे।

दूसरी बात यह है कि अज्ञात युग के अन्त होते ही आदि कवि, आन्ध्र कविता पितामह और वागनशासन कहलाने वाले श्री नन्नय भट्टारक अवतरित हो जाते हैं। श्री नन्नय ने महाभारत के दो पर्व और चार अश्वासों का आन्ध्र पद्यानुवाद किया है। आन्ध्र भाषा का सर्वप्रथम व्याकरण "आन्ध्र शब्द चिन्तामणि" इनकी दूसरी अमूल्य कृति है। यह संस्कृत भाषा में लिखी गयी है। इस प्रकार वाक् का अनुशासन करने से वागनुशासन नन्नय नाम सार्थक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


हुआ। आज भी श्री नन्नय की कृतियाँ और व्याकरण अकाट्य है। इस व्याकरण का अवशिष्ट द्वितीय ग्रन्थ अथर्वणाचार्य का "अथर्वण कारिकावली" है। श्री नन्नय कृत "आन्ध्र शब्दचिन्तामणि" की तेलुंगु में श्री अप्पकवि ने और संस्कृत में श्री अहोबल पति ने व्याख्याएँ की हैं। उन आचार्यों के नाम से ही उन ग्रन्थों के नाम भी पड़े हैं, अर्थात् "अप्पकवीयम्" और "अहोबलपंडितीयम्"। श्री वागनुशासन नन्नय के बाद कविकोकल, उभय-कवि-मित्र कहलानेवाला श्री तिक्कन और प्रबन्ध-परमेश्वर, शंभुदास कहलाने वाला श्री एर्रन साथ ही इस अज्ञात युग के बाद आकर महाभारत के आन्ध्रीकरण को पूर्ण करते हैं। आन्ध्रवाङमय में कवित्रय शब्द से श्री नन्नय, श्री तिक्कन और श्री एर्रन (या एर्राप्रगड) को ही समझना चाहिए। इन्हीं के नाम से कवित्रय युग नाम पड़ा है और महाभारत आदि का आन्ध्रीकरण होने से इसे भाषान्तरी करण युग भी कहा गया है।

क्या अज्ञात युग के अन्त होते ही कोई भाषा-साहित्य महाभारत के जटिल और रहस्यपूर्ण तत्वों को सुन्दर और स्पष्ट अभिव्यक्त करने योग्य हो जायगा? अगर पूर्वपक्षी इससे सहमत हैं तो राष्ट्र भाषा हिन्दी में आंग्ल भाषा के सभी रहस्यों को अभिव्यक्त करने का सामर्थ्य का स्वीकार क्यों नहीं करते? आज की राष्ट्र भाषा कोई अज्ञात युग के बाद ही नहीं आई। अगर अज्ञात युग के बाद के आन्ध्र वाङमय सर्व शास्त्र सम्पूर्ण और पंचम वेद महाभारत के रहस्यों को स्पष्ट अभिव्यक्त करने में समर्थ है, तो स्वतन्त्रता संग्राम के बाद आई हुई यह राष्ट्रभाषा हिन्दी भी आंग्लभाषा का स्थान ले सकती है। यदि पूर्व पक्षी अज्ञात युग के तुरन्त बाद आने वाला किसी वाङमय संस्कृत ग्रन्थों के उन रहस्यों का उद्घाटन नहीं कर सकता तो इस पक्ष में आन्ध्र वाङमय का अज्ञात युग गलत है। यह क्रमिक विकास का बोधक या सूचक नहीं है। महाभारत के रहस्यों की आन्ध्रवाङमय ने स्पष्ट अभिव्यक्ति की है। इसे कोई भी विद्वान अस्वीकार नहीं कर सकते। इस कवित्रय युग का पूर्व युग अज्ञात युग होने से आन्ध्र वाङमय पर एक आरोपित कलंक है। श्री कोराड जी के उन "नन्नय पूर्व आन्ध्रवाङमय स्थिति" की विशेषताओं में जोड़ कर एक क्रमिक विकास को दिखाने से ही यह हट सकता है। यूनानी साहित्यकार अरस्तू और अफलातून के पूर्व ही अज्ञात युग नहीं था। वैदिक वाङमय के पूर्व ही अज्ञात युग नहीं था। पाणिनी एवं पतञ्जलि के पूर्व ही संस्कृत व्याकरण शास्त्र में अज्ञात युग नहीं था। उनके पूर्व १३ वैयाकरण हो चुके थे। उनसे आन्ध्र वाङमय तो प्राचीन नहीं है न? इसमें अज्ञात युग नहीं रख सकते हैं। अतः किसी भी महान् विचारक का प्रादुर्भाव अज्ञात युग में या तुरन्त बाद नहीं हो सकता। विचार तो अवश्य नये होते हैं। अगर इस प्रकार होता है तो उसके पूर्व का युग अज्ञात युग नहीं होगा।

उनका दूसरा युग भाषान्तरीकरण युग या कवित्रय युग कहा गया है। इस युग में महाभारत का अनुवाद होने से और किसी मौलिक गन्थ की रचना न होने के कारण श्री कोराडा जी ने इसे भाषान्तरीकरण युग कहा है। इस प्रकार के अनुवाद उस युग में कम हुए। मध्ययुग में और आज भी अधिक होते आ रहे हैं। उदाहरण देना व्यर्थ है। अतः मध्यकाल और आधुनिक युग को भी भाषान्तरीकरण युग कहना पड़ेगा। इस प्रकार उनके दूसरे युग का एक नाम अतिव्याप्ति दोष से ग्रस्त है। दूसरी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


बात है कि भाषान्तरीकरण युग को मानने पर भी अनुवाद तो कोई साहित्य की प्रवृत्ति नहीं है भले ही कुछ साहित्यिकों की हो। नहीं तो सन् १८८५ से लेकर १९४७ तक का कांग्रेस इतिहास का समय को भाषाण युग कहना पड़ेगा। कारण है कि भारतीयों की अन्त:प्रवृत्ति स्वतन्त्रता प्राप्त करना न होकर बहि प्रवृत्ति भाषण देना ही है। कोई यह मानने की बात नहीं? इसलिए भाषण युग और भाषान्तरीकरण युग नहीं चला सकते हैं; मुख्यतः साहित्य के क्षेत्र में इसका निषेध है।

इस युग का दूसरा नाम कवित्रय युग भी है। कुछ विद्वानों ने तीनों कवियों के नाम पर अलग-अलग युग चलाये हैं। आपने इसे कम से कम एक युग में सम्मिलित कर दिया है। यह अच्छा ही हुआ। इसका उत्तर भी एक वाक्य में स्पष्ट है। किसी भी साहित्यिक प्रवृत्ति के आधार पर, न कि कुछ व्यक्तियों के नाम पर साहित्य का विजाजन होना चाहिए। राजनीतिक युग इस प्रकार चल सकते हैं। इसलिए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने भारतेन्दु युग न कह कर भारतेन्दु का छाप मात्र कहा है। "भारतेन्दु युग" परवर्ती आचार्यों की देन है। इस कसौटी पर बहुत से युग नहीं उतर सकते हैं। श्रीनाथ युग, रायलु युग आदि नहीं चल सकते हैं। प्रबन्ध युग भी ठीक नहीं है क्योंकि प्रबन्धों की रचना मात्र से एक युग चलायें तो कहानी, नाटक उपन्यास आदि भी युग प्रवर्तक क्यों नहीं होंगे?

उनका पाँचवाँ युग जो संधियुग है, उसे दक्षिण देशीय वाङमय युग कहा गया है। यदि कुछ साहित्यिक धाराओं के बाहर से आने पर उन धाराओं की उत्पत्ति स्थान से उस युग का नाम रखना उचित है तो आधुनिक युग के वादों की बाढ़ पाश्चात्य देशों से आने के कारण आधुनिक युग का नाम पश्चिमी देशीय वाङमय युग रखना पड़ेगा। कुछ लोगों ने इसे क्षीण युग कहा है। उनके मत में पिछली धाराओं का क्षीण होना ही इसका एक मात्र कारण है। आने वाले युग लक्षणों का आभास होने से उसे संधियुग कहा गया है। प्रायः कुछ इतिहासकारों को कुछ नहीं सूझा तो वे १५० या २०० वर्ष के समय का एक संधियुग बनाते हैं। यह खाइयों को भरने का एक तरीका मात्र है। उस समय की अनिर्दिष्ट लोक-प्रवृत्तियों या स्वतोव्याघातों को एक संधियुग मानने लगें तो हिन्दी साहित्य के इतिहास में हर दो कदमों के बीच एक संधियुग खड़ा हो जाता। लेकिन आचार्य डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी और आचार्य रामचन्द्र शुक्ल आदि हिन्दी साहित्य के इतिहासकारों की उन अन्तर्वाहिनी साहित्यिक धाराओं की प्रवृत्तियों को पहचानने से ही हिन्दी साहित्य में कोई "क्षीण युग" या "संधियुग" बीच-बीच में नहीं खड़ा हो पाया है। साहित्य के इतिहास के आदि में संधि काल के मानने में डा० रामकुमार वर्मा का तर्क कुछ उचित है, लेकिन बीच-बीच में तीन-तीन संधियुगों को खड़ा करने वाले आन्ध्र वाङमय इतिहासकारों को नहीं उचित है। इस पर आन्ध्र भाषा-वाङमय परिशोधन विभाग और मान्यवर गन्टिजोगि सोमयाजुलु आदि विद्वानों से आशा है कि वे इस युग-विभाजन को वैज्ञानिक बनायेंगे।

---

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# मानवता के कवि—श्री गुप्त जी

## श्री वासुदेव शरण अग्रवाल

श्रद्धेय श्री मैथिली शरण जी गुप्त भागवतीय मानवतावाद के प्रतीक युग-कवि हैं। अर्वांचीन विचार धारा के अनुसार मानव विश्व का केन्द्र है। व्यक्ति और समाज के कार्य-कलाप मानव के कल्याण के लिए ही होने चाहिए यही इस युग का स्वच्छ आदर्श है। यह दृष्टिकोण तत्काल ही प्रत्येक के लिए मनःपूत हो जाता है। इसे स्वीकार करने के लिए मन जैसे भीतर से उमंगता है। भारतीय संस्कृति में भागवती परम्परा अपना विशेष स्थान रखती है। भागवतों के दृष्टिकोण का सार यही था—

नारायणो नरश्चैव सत्वमेकं द्विधाकृतम्। उद्योग पर्व

अर्थात् एक ही महान् जीवन तत्व समष्टि और व्यष्टि में व्याप्त है। विराट विश्व में उसकी संज्ञा नारायण है। व्यक्त केन्द्र में वही नर है। नर और नारायण दोनों में एक ही शक्ति की धारा है। दोनों अभिन्न हैं। जैसे वृत्त का केन्द्र और उसकी परिधि दोनों एक ही गणितीय तत्व के दो रूप हैं, एक अव्यक्त है दूसरा व्यक्य है। ऐसे ही नारायण का व्यक्त रूप नर है। भागवतों ने स्पष्ट घोषणा की कि नर और नारायण परस्पर सखा हैं—

नारायणं नरसखं शरणं प्रपद्ये। (भागवत ११।७।१८)

नर और नारायणण की मैत्री का क्या अर्थ है, इसका समाधान यही है कि जो एक व्यक्त की शक्ति है उसका स्रोत समष्टि या समाज की शक्ति में है। दोनों में प्रवाह की एक ही धारा है। व्यक्ति समाज का अन्तरंग सखा है। प्राचीन शब्दों में कहें या नये युग की शब्दावली का आश्रय लें बात एक ही है।

नर-नारायण के इस नित्य और अभीष्ट संम्बन्ध का हमारे युग की विचारधारा पर क्या प्रभाव पड़ता है, इस का उत्तर है नर की स्वकेन्द्र में प्रतिष्ठा, उसकी वह चारों ओर छिटकने वाली महिमा जिसका वारापार नहीं है। अतएव नर पूज्य है, अभिवाद्य है। हमारे समस्त मानस संकल्पों का वह मध्यवर्ती विन्दु है। जिस संस्था या योजना के मध्य में नर या मानव लक्ष्य भूत नहीं है वह शून्य है। उसमें शक्ति का दूसरा छोर मानों जुड़ा ही नहीं। अतएव वह एकांगी या अधूरी रहती है। नये युग में विश्व के चिन्तन की हिलोरें उठती है और बारंबार मानव के चरणों का स्पर्श करती है। यही मानव का भव्य स्वरूप आज निखर रहा है। जैसे वेदव्यास ने किसी समय कहा था—

गुह्यं ब्रह्म तदिदं ब्रवीमि नहिं मानुषात् श्रेष्ठतरं हि किंचित्।

अर्थात् ज्ञान का यह रहस्य तुम से कहता हूँ। मानव से बढ़कर मूल्यवान तत्व यहाँ और कुछ नहीं है। यही भागवती दृष्टि का निचोड़ है। इसके अनुसार मानव का जीवन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri 

सोद्देश्य और व्यक्ति की गरिमा दोनों ही सिद्ध होती है। ऐसा ज्ञात होता है कि अर्वाचीन युग के मानव सम्बन्धी विचार-सूत्र की अभिव्यक्ति ही वर्तमान काव्य की दिशा निर्धारित कर रही है। देश-देश में युग कवि इन आदर्शों की वाङमयी आराधना कर रहे हैं और नए नए शब्दों द्वारा विचार-जगत् में नया आलोक भर रहे हैं। प्रगति विश्व का स्वभाव है। यहाँ निरन्तर आगे बढ़ते ही जाना है। विचार और कर्म दोनों क्षेत्रों में पड़ाव डाल कर बैठ रहना यहाँ न किसी के लिए संभव है न इष्ट अतएव जिनके उदार अन्वेषणशील मन युग के महिमाशाली सत्य को पहचान कर उसे शब्दों में ढालते हैं वे ही युग कवि है। श्री मैथिली शरण जी गुप्त सच्चे अर्थों में युग कवि हैं।

किन्तु उनका मानवतावाद विश्व-शक्ति के साथ जुड़ा हुआ है। उस विराट शक्ति की ही संज्ञा ईश्वर है। वह सक्रिय तत्व अनादि और अनन्त है। अनेक समाज काल के अनन्त घरातल पर प्रकट हो रहे और लीन हो रहे हैं। उन सबके उद्भव और परिवर्तन का जो स्रोत है वह सर्वोपरि अनन्त और अक्षय है। उस ध्रुव तत्व की उपासना के विना अर्थात् उसे प्रत्यक्ष किए बिना मानव के निजी स्वरूप की महिमा सम्भव ही नहीं है। सामाजिक धरातल पर उसे ही हम जीवन का महान् सत्य कहते हैं। प्रतिपल उसी की अभिव्यक्ति का नाम मानवी जीवन है।

गुप्त जी के काव्य के विषय भारतीय संस्कृति की देन हैं। प्राचीन साहित्य के स्रोत उनके काव्यों में अपना प्रवाह उँड़ेल रहे हैं। सत्य और अनृत, तम और ज्योति, देव और असुरों के प्राचीन संघर्षों की कथायें भारतीय काव्य में जैसे पहले उद्भूत हुई थीं वैसे ही आज भी आगे आ रही हैं। यह एक अक्षय विषय है। इसका कभी अन्त नहीं हो सकेगा। हां, इसकी व्याख्याएं नई नई होती रहेंगी। आज भारतीय कवि अपने अपने मानस-भवन में उसी प्राचीन आदर्श की आरती उतार रहे हैं। वही उनकी सरस्वती है। सत्यमेव इस आदर्श लोक के भारत की भारती वही है, अर्थात् अनृत का पराभव और सत्य की विजय।

गुप्त जी के काव्य की मूल प्रेरणा उसी आदर्श लोक से जन्म लेती है। उसमें मनुष्य के कल्याण की प्रतिष्ठा है किन्तु उस कल्याण का जो स्वरूप है वह स्थूल भोगों की आराधना के लिए नहीं। वह तो अनन्त करुणात्मक कर्म, दया संयम, तप, सेवा, परोपकार आदि की उपासना के लिए है जो लोक संवर्धन के मान्य तत्व है। गुप्त जी की विचार धारा में मनुष्य और समाज में संघर्ष नहीं। वहां व्यष्टि और समष्टि दोनों का समन्वय है, अर्थात् नर और नारायण दोनों का शाश्वत सख्य भाव है। राम क्या और किस लिए, यह प्रश्न गुप्त जी के लिए वास्तविक है। अनादि अनन्त देवतत्व या चैतन्य की संज्ञा राम है। वही अव्यक्त है और वही व्यक्त होता है। गोसाईं जी ने भी रामाख्यमीशं हरिं कहते हुए अपनी परिभाषा की व्याख्या की है। किन्तु वह राम अव्यक्त ही रहें तो विश्व के लिए अनबूझ पहेली रहेगी। राम स्वयं अपने व्यक्तित्व को गुणों के सांचे में ढालते है और मानव उन गुणों के प्रभाव को प्रत्यक्ष देखकर आस्थावान बनता है और अपनी पृथिवी को देवों के स्वर्ग से बढ़ कर मानते हुए उसकी वन्दना करता है—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


स्वर्ग से भी आज भूतल बढ़ गया,
भाग्य-भास्कर उदय गिरि पर चढ़ गया।
हो गया निर्गुण सगुण साकार है,
ले लिया अखिलेश ने अवतार है॥

राम चरित की यह सशक्त व्याख्या गुप्त जी के काव्य का प्राणवंत स्वर है। वे अपने राम के लिए महता कंठेन घोषणा करते हैं—

भव में नव वैभव प्राप्त कराने आया,
नर को ईश्वरता प्राप्त कराने आया।
संदेश यहां मैं नहीं स्वर्ग का लाया,
इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया॥

भूतल या कर्ममयी पृथिवी के साथ अटूट बंधन यही मानव की मर्यादा है। यहीं के दुःख-सुखों की गांठ हमें खोलनी है और धरती के ही सुख से सुखी होना है। कवि का काव्य उस खग कुमार के समान है जो ललित स्वर में गाता हुआ व्योम में ऊपर उठता है किन्तु जिसकी सुरीली तान का लक्ष्य अपना घोंसला ही है, मानों अपनी ही पत्नी और पुत्रों को रिझाना उसके गान की सफलता है। मानव-परायण समक्षवाद गुप्त जी के काव्य की महती रसवत्ता है—

अलक्ष्य की बात अलक्ष्य जाने,
समक्ष को ही हम क्यों न मानें?

उनके काव्य की स्वच्छ सरलता का हेतु यही है कि वे समक्ष या प्रत्यक्ष जीवन के लिए ही अपनी सारी आस्था समर्पित करते हैं और इसी के संस्कार द्वारा एस दूसरे लोक की भावना करते हैं जो आदर्श के रूप में नित्य है और हमारी आशाओं का केन्द्र है।

गुप्त जी के काव्य-मानस की प्रेरणा और प्रवृत्ति का स्त्रोत चतुर्विध है। अतीत संस्कृति और कला का प्रेम उसका एक अंश है। वर्तमान युग के प्रति आस्था और राष्ट्रीयता उसका दूसरा चरण है। समक्ष जीवन और उसके साथ जुड़ा कर्ममय प्रवृत्तिमार्ग या कवि के शब्दों में कहें तो 'गेह-गौरव' वाद उसका तीसरा अंश है। मानव की गरिमा या अनुभव या महिमा के प्रति आस्था और आशा एवं उसी आधार पर मानवतावाद या व्यष्टि का समष्टि में पर्यवसान या भागवती परिभाषा में नर-नारायण का समन्वय, यह दृष्टि कोण उसका चौथा अंश है। इन चारों का जहां सम्मेलन होता है वहीं गुप्त जी के काव्य का प्रतिष्ठा विन्दु है। यह देखकर आश्चर्य होता है कि किस प्रकार नये विचारों का उजला गुप्त जी ने अपने काव्यों के प्राचीन ठाठ में भरा है। उन्होंने न केवल उदात्त अतीत के गीत गाए हैं बरन् वे आगे आने वाले और भी अधिक उदात्त जीवन का उत्कंठित आलिंगन करते हैं—

मैं अतीत ही नहीं भविष्यत् भी हूं आज तुम्हारा।
कर्म के प्रति वे कितने आस्थावान् हैं—
कल तक नाम जपा है हमने आज करेंगे काम। (दिवोदास)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


ऊपर जो आकाश का शून्य वितान है, उस ओर देखने से अब कुछ काम न सरेगा। मेघ जलों की कृपा से नहीं किन्तु पृथिवी पर भरे हुए अगाध जल स्रोतों के उपाय से मानव अपने खेतों को सींच कर आत्म निर्भर बन जाना चाहता है—

ऊपर शून्य तको क्यों, नीचे भरे सिंधु गम्भीर,
करो सींचने का उपाय ही, अक्षय है निज नीर ।।

स्वर्ग के राजा इन्द्र की ओर न देखकर मानव अब अपने ही समीप बहती हुई गंगा की ओर दृष्टि डाल रहा है। अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वह नये नये आविष्कार कर रहा है। निज कर्तव्य से ही उसे सन्तोष प्राप्त हो रहा है। ये कार्य ही उसके नूतन यज्ञयाग हैं। दूर स्वर्ग के कुछ धुंधले दृश्य देखकर नये युग का मानव अपने समक्ष-जीवन की भव्यता या सौन्दर्य को नहीं खोना चाहता। दिवोदास के ये शब्द नये युग के भालपट्ट पर अंकित उसकी ललाट-लिपि हैं—

रहे सदा सब के समक्ष यह मेरा लेख,
हम न भव्यता भी खो बैठें दूर दिव्य कुछ देख ।।

मानव का भाग्य अब देवों के भाग्य से भी अधिक पल्लवित है। मानव ने इस जीवन को पर्व बना दिया है। दिवोदास का मानव पुरुषार्थ और कर्म सिद्धि का गर्वीला पुतला है। राम के आदर्श से उसका मेल नहीं हुआ। अतएव गर्व से फूल कर वह विनाश के मार्ग पर बढ़ जाता है। सच ही मानव ने अपने पुरुषार्थ की कोई सीमा नहीं मानी। नर आज देवराज पद का अधिकारी बन गया है। पर देवों के स्थूल भोगों के लिए देवों जैसा स्थूल मन भी चाहिए। आसुरी मन से देवधाम की प्राप्ति असम्भव है। नहुष का यही सार्थक संदेश है—

सीमा यही है पुरुषार्थ की पुरुष के ?
मुद्रा हुई उत्सुकसी मुख की नहुष के।
नर अधिकारी आज देवराज पद का,
किं वा वह लक्ष्य हुआ हाय ! सुरपद का।
मानता हूं भूल गया नारद का कहना–
दैत्यों से बचाए निज देवधाम रहना।

किन्तु नहुष का स्वर्ग से पतन मानव की अन्तिम पराजय का सूचक नहीं। उसे भविष्य के लिए सावधान करने का हेतु है। जैसा कवि ने स्वयं कहा है—नहुष के आख्यान में यह स्पष्ट दिखाई दिया कि मनुष्य बार बार ऊँचे उठने का प्रयत्न करता है और मानवीय दुर्बलताएं बार बार उसे नीचे ले आती हैं। मनुष्य को उन पर विजय पानी होगी तब तक जब तक वह पूर्णता प्राप्त न कर ले—

गिरना क्या उसका उठा ही नहीं जो कभी,
मैं ही तो उठा था आप गिरता हूं जो अभी।
फिर भी उठूंगा और बढ़ के रहूंगा मैं
नर हूं पुरुषार्थ हूं मैं चढ़ के रहूंगा मैं ।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यद्यपि यह दृढ़ आशावाद और संकल्प मानव के कर्म की टेक है, किन्तु मानव ही मानव है। देवता उसकी सफलता से सिहाते और असफलता पर हंसते हैं, और असुर उसे कभी चैन से नहीं बैठने देते—

देव सदा देव तथा दनुज दनुज हैं,
जा सकते किन्तु दोनों ओर मनुज हैं।

मानव की समस्याएं देखने में अनेक किन्तु मूल में एक है, अर्थात् काम, क्रोध, लोभ मोहरूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्ति और अन्तर्द्वन्द का अन्त। नहुष रूपी मानव का पतन इसी कारण होता है। स्वर्ग में भी इन अन्तर्जगत के तस्करों से पीछा नहीं छूटता। ये ही वहां के असुर हैं, जो रह रहकर मानव के स्वभाव का विलोप करते हैं।

किन्तु यह मानव की चिरन्तन समस्या है, जिससे वह जूझता रहा है और आगे भी यदि जीवित रहा, तो जूझता रहेगा। मानव का तात्कालिक संकट वह आत्मविनाश है, जिसका अभिनय वह विश्व के रंगमंच पर करने चला है। दिवोदास के मानव ने यह सोचा था—

हम मनुष्य होकर क्या चाहें ?
देवों से भी अधिक क्यों न यह अपना भाग्य सराहें ?
निज सुयोग पर गर्व जनाएं,
इस जीवन को पर्व बनाएं।

मानव की जो साध थी, सब उसे प्राप्त हुई है। जल, थल, नभ, में जो अबाध गति वह चाहता था, वह उसे मिल गई है—

बाष्प और विद्युत् हैं किंकर से उसके
उसके समक्ष खड़ी अचला सी चंचला !
हाथ में रसायन है और सिद्धि साथ है
भौतिक विभव देखा ऐसा कब किसने ?

मानव का यह स्वस्थ रूप और उसके विनाश का चीत्कार 'पृथिवी-पुत्र' नाम की कविता में सुनाई पड़ता है। सचमुच इस लघु काव्य में विश्व मानस के नवीनतम अनुभवों का विस्फोट हुआ है। 'पृथिवी पुत्र' विश्वसाहित्य की कृति है। न केवल एक देश किन्तु सारी मानव जाति की सबसे बड़ी समस्या पर इसमें आत्मनिरीक्षण किया गया है। युद्ध से युद्ध को समाप्त करने का दर्प सीधा पागलपन है। इसी लिए माता भूमि अपने पुत्र से कहती है—

बालक भला था आज पागल हुआ है तू।
नाम कुछ और हाय काम कुछ और है॥

सचमुच नाम मानव का और काम दानव का—यही आज मानव की स्थिति है। माता के अभिशाप से घबड़ा कर पुत्र प्रश्न करता है—

तो क्या चाहती है तू बता दे अभी मुझको।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


इस प्रश्न का उत्तर किसी एक देश के विकास में नहीं, मानव जाति के विकास में है। मानव जाति इतिहास की दीर्घकालीन यात्रा के जिस मोड़ पर पहुँची है, वहां प्रातःकालीन क्षितिज पर उदित होते हुए बाल सूर्य के समान विश्व मानव का जन्म हो रहा है। हमें जो राष्ट्रीयता इष्ट रही है उस सबका सफल पर्यवसान मानवतावाद में प्रस्फुटित हो रहा है। उसकी सच्ची स्वीकृति और अवलम्बन से ही अब जीवन की सफलता संभव होगी—

जो सबको लेकर चल सके सच्चा वही समर्थ है :

और भी,

लाख विचार व्यर्थ होंगे यदि हो न एक आचार।
मन से नहीं किन्तु तन से ही जाना होगा पार।

पृथिवी अपने नवजात शिशु को अब विश्व मानव के रूप में देखना चाहती है। देश-देश से इसी आदर्श के स्वर ऊँचे उठ रहे हैं। अचिर भविष्य में विश्वमानव को विश्व सेवा का व्रत लेना ही होगा—

माताभूमि—तुझको बड़े से बड़ा देखा चाहती हूँ मैं
मेरे जात ! सारे जन्तुओं में मुख्य तू ही है,
किन्तु छोटा होकर ही कोई बड़ा होता है।
मिथ्या दर्प छोड़ने का साहस हो तुझमें
तो व्यक्तित्व अपना समष्टि में मिला दे तू
देश, कुल, जाति किंवा वर्ग भेद भूल कर
जा तू विश्व मानव हो सेवा कर सब की।
भीति नहीं प्रीति यथा रीति तेरी नीति हो
उठ बढ़ ऊँचा चढ़ संग लिए सब को।
सबके लिए तू और तेरे लिए सब हों।

पृथिवी पुत्र में मानव की विफलता या अप्राप्त अभिलाषा है। उसकी पूर्ति युधिष्ठिर के इस आदर्श में सामने आती है—

युधिष्ठिर—राम, अब मैं यह कहता हूँ मन से—
कामना नहीं है मुझे राज्य की वा स्वर्ग की,
किं वा अपवर्ग की भी, चाहता हूँ मैं यही
ज्वाला ही जुड़ा सकूँ मैं अपनों के दुःख की
भोगूँ अपनों का सुख, मेरा पर कौन है ?
सब सुख भोगें सब रोग से रहित हों—
सब शुभ पावें, न हो दुखी कहीं कोई भी।

अपार करुणा से भरा हुआ यह वही मानव का मन है, जिसे वैष्णव धर्म में भगवद् भक्त का चित्त और महायान धर्म में बोधिचित्त कहा गया था। प्रह्लाद जैसे भक्तों ने भगवान् के चरणों में अनुराग रखते हुए और मानवों के हित में चित्त की वृत्ति दृढ़ करते

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुए कहा था—"मुझे राज्य नहीं चाहिए, स्वर्ग नहीं चाहिए और मोक्ष भी नहीं चाहिए। त्रिविध दुःखों से संतप्त प्राणियों का दुःख किस प्रकार दूर हो मेरी यही कामना है।" महायान बौद्ध धर्म के शब्दों में मानव के लिए जीवन की प्रेरणा का जो स्रोत है वह एकमात्र करुणा भावना से मानव की समस्याओं का समाधान करना है। जीवन की प्रेरणा देने वाला जो सत्य मनुष्य के लिए है उसका प्रयोजन न राज्य है न स्वर्ग है, न इन्द्रपद या चक्रवर्ती राजाओं का पद है। उसका एकमात्र उद्देश्य यही है कि मानव को मानवोचित उत्तम प्रज्ञा प्राप्त हो और मन की उस स्वच्छ वृत्ति से वह उन्हें जो इन्द्रियों में आसक्त हैं, आत्मनिग्रह के लिए प्रेरित कर सके, जिन्हें कोई धैर्य देने वाला नहीं है उन्हें आश्वस्त कर सके, जो वृद्ध हैं उन्हें बन्धन-मुक्त कर सके और जिनका चित्त शान्त नहीं है उन्हें सुखी कर सके।[१]

देवी रूपावती की पृष्ठभूमि में जो यह करुणा की भावना थी वह किसी सम्प्रदाय विशेष की सम्पत्ति नहीं, वह तो मानव की शाश्वत भावभूमि है जिसका देश और काल में अन्त नहीं है। युधिष्ठिर उसी सनातन मानव के प्रतिनिधि हैं। 'जयभारत' में इसी शाश्वत आदर्श की विजय कवि को इष्ट है। मनुष्य की जो साधना है वह अधिक से अधिक मानवता का कौन सा स्तर प्राप्त कर सकती, युष्ठिर में उसी का दृष्टान्त है। कवि के अनुसार स्वर्ग में भी वैसा देव पुष्प दुर्लभ है, जैसा युधिष्ठिर के रूप में इस पृथिवी पर खिल सकता है। स्वयं कृष्ण द्रौपदी से कहते हैं—

नर साधना से अधिक नरकुल को युधिष्ठिर से मिला।
क्या स्वर्ग में भी सुलभ यह जो सुमन धरती पर खिला?

गुप्त जी के मानवीय आदर्श का यह आधा ही चित्र है। उसका दूसरा आधा भाग गृहस्थ की महिमा का प्रतिपादन एवं प्रवृत्तिमार्ग की आवश्यकता का आग्रह है। मानव अपने कल्याण का चतुर्भुजी स्वस्तिक बनाना चाहता है। सर्वप्रथम अपने निजी केन्द्र में, दूसरे उस परिवार के लिए जिसकी परिधि में उसका जीवन पल्लवित, पुष्पित और प्रतिफलित होता है, तीसरे उस समाज या राष्ट्र के जीवन में जिसका वह अंग है और चौथे उसे विश्वमानव के लिए जिसके साथ उसका निःसीम संबन्ध है, सर्वथा कल्याण की भावना एवं सर्वविध स्वस्तिक का निर्माण होता है। मानवीय विकास के चारों रूप गुप्त जी की काव्य भावना का अभिन्न अंग है। इस सामग्री का बहुविध अध्ययन सम्भव है। अर्वाचीन युग के लिए भारतीय संस्कृति की नई व्याख्या गुप्त जी के काव्य की महती विशेषता है।

---

[१] येन सत्येन मया दारकस्यार्थाय उभौ स्तनौ परित्यक्तौ, न राज्यार्थं, न भोगार्थं, न शक्रार्थं, न राज्ञां चक्रवर्तिनां विषयार्थं, नान्यत्र अहं अनुत्तरां संबोधिं अभिसंबुद्धय, अदान्तानानयेयम्, अमुक्तान् मोचयेयम्, अनाश्वस्तान् आश्वासयेयम्, अपरिनिर्वृतान्, परिनिर्वापयेयम्। (दिव्यावदान, रूपवती अवदान, पृ० ४७३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# पंडित राज के मत में काव्य का आत्मा

## शालिग्राम उपाध्याय—संस्कृत महाविद्यालय

संस्कृत साहित्य में काव्य के आत्मा के संबन्ध में बहुत कुछ विचार किया गया है। किसी ने रस को, किसी ने रीति को, किसी ने वक्रोक्ति को तथा किसी ने भोग को, किसी ने ध्वनि को, किसी ने असंलक्ष्यक्रम व्यंग्य को एवं किसी ने औचित्य को काव्य का आत्मा माना है। संस्कृत के अनेक लक्षण ग्रंथों के अनुवाद होने पर भी अनेक विद्वानों को यह जिज्ञासा बनी ही रहती है कि पंडित राज जगन्नाथ ने काव्य का आत्मा किसे माना है। इस प्रश्न पर विचार करना ही इस लेख का उद्देश्य है।

कुछ लोगों का यह कहना है कि पंडित राज के मत से व्यंग्य ही काव्य का आत्मा है। इसकी पुष्टि में वे लोग उपमालंकार निरूपण से पहले अलंकार सामान्य का लक्षण, जिसे पंडितराज ने लिखा है उद्धरण स्वरूप में देते हैं—

"अथास्य प्रागभिहित लक्षणस्य काव्यात्मनो व्यंग्यस्य रमणीयताप्रयोजका अलंकारा निरूप्यन्ते—"

इस पंक्ति का अर्थ भी वे करते हैं कि जिसका लक्षण पहले कहा जा चुका है, इस प्रकार का काव्य का आत्मारूप जो व्यंग्य उसकी रमणीयता के प्रयोजक अलंकारों का निरूपण अब किया जाता है।

यहाँ पर "काव्यात्मनो व्यंग्यस्य" से काव्य का आत्मा व्यंग्य समझ कर वे लोग स्पष्ट अक्षरों में कहते हैं और लिखते हैं कि काव्य का आत्मा केवल रस नहीं है प्रत्युत रस, वस्तु और अलंकार त्रिविध व्यंग्य है। वस्तुध्वनि और अलंकार ध्वनि को काव्यात्मा मानने के लिये वे लोग यह दलील देते हैं कि पंडितराज ने काव्यलक्षण निरूपण के समय लिखा है—

"यत्तु रसवदेव काव्यमिति साहित्यदर्पणे निर्णीतम्, तन्न। वस्त्वलंकारप्रधानानां काव्यानामकाव्यत्वापत्तेः।"

अर्थात् यह जो साहित्यदर्पण में निर्णय किया गया है कि रस से युक्त को ही काव्य कहते हैं, वह नहीं हो सकता। क्योंकि ऐसा मानने पर वस्तु और अलंकार प्रधान काव्यों में अव्याप्ति दोष होने लगेगा, जिसे सभी लोग काव्य मानते हैं।

उपर्युक्त दोनों पंक्तियों के आधार पर वे लोग यह स्वीकार करते हैं कि पंडितराज ने त्रिविध व्यंग्य को काव्य का आत्मा माना है, केवल रस को नहीं।

यद्यपि स्थूल दृष्टि से विचार करने पर यह संदेह बना ही रहता है परन्तु सुक्ष्म दृष्टि से पर्यालोचन करने पर रसगंगाधर का मत भी स्पष्ट झलकने लगता है। वस्तुतः "काव्यात्मनो व्यंग्यस्य" का अर्थ काव्य का आत्मा त्रिविध व्यंग्य नहीं लिया जा सकता। वहाँ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काव्य का आत्मा केवल रस ही लिया जा सकता है। यद्यपि इस अवस्था में यह प्रश्न किया जा सकता है कि क्या रस की ही रमणीयता के प्रयोजक अलंकार होते हैं, अथवा वस्तु व्यंग्य एवं अलंकार व्यंग्य के भी ? क्योंकि आगे चल कर रस गंगाधरकार ने स्वयं इन दोनों के पृथक् पृथक् उदाहरण भी दिये हैं। परन्तु त्रिविध व्यंग्य को भी काव्य का आत्मा मान लेने पर गला नहीं छूट सकता क्योंकि पंडितराज ने तो न केवल व्यंग्य के ही अपितु वाच्य वस्तु रमणीयता के प्रयोजक एवं वाच्यालंकाररमणीयता के भी प्रयोजक अलंकारों को माना है। वाच्यवस्तु का उपस्कारक उपमालंकार का उदाहरण पंडितराज ने दिया है—

"अमृतद्रवमाधुरीभृतः सुखयन्ति श्रवसी सखे गिरः।
नयने शिशिरी करोतु मे शरदिन्दुप्रतिमं मुखं तव ॥"

यहाँ पर नयन का शिशिरीकरण रूप वस्तु वाच्य है। इसमें मुख का शरदिन्दु के समान होना उसका उपस्कारक है। यह तो बात हुई वाच्यवस्तु के उपस्कारक अलंकार की। अब वाच्यालंकार के उपस्कारक अलंकार का उदाहरण देखिए :—

"शिशिरेण यथा सरोरुहं दिवसेनामृत रश्मि मण्डलम् ।
न मनागपि तन्वि शोभते तव शेषेण तथेदमाननम् ॥"

यहाँ पर दीपकालंकार वाच्य है, और उसकी उपकारिका उपमा है। इस विषय में तो संदेह भी नहीं किया जा सकता कि अलंकार का उपस्कारक अलंकार कैसे होगा ? यद्यपि रसादि ध्वन्यमान होने के नाते प्रधान हैं, फिर अलंकार भी रसादि के समान ध्वन्यमान होते हैं। अतः वे भी प्रधान हो गए और इस प्रकार से वे अलंकार्य भी हो गए। अतः वाच्य अलंकार भी कभी मुख्य होने के नाते अलंकार्य हो सकते हैं। उनके उपस्कारक भी अलंकार हो सकते हैं। इस विषय में विवाद का स्थान नहीं। जिस प्रकार से बाजार में स्थित कर्णफूल में जटित रत्न, बाजारू कर्णफूलों की शोभा बढ़ाते हैं, और जब वे कर्णफूल नायिका के कानों में लगते हैं तो रत्न साक्षात् और परम्परा कर्णफूल की शोभा बढ़ाते हुए कान की शोभा बढ़ाते हैं। उसी प्रकार अलंकार भी अलंकार की शोभा बढ़ाते हैं। इस तरह से यह बात ठीक नहीं जँचती कि पहले त्रिविध व्यंग्य की रमणीयता के प्रयोजक अलंकारो को मानकर बाद में व्यंग्येतर की भी रमणीयता के प्रयोजक अलंकारों का उदाहरण दिया जाय। अतएव उस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करने के लिए "काव्यात्मनो व्यंग्यस्य" इस स्थल में सामान्य रूप से रस को ही लिया जायगा, जो रसगंगाधरकार को इष्ट है। रस के अतिरिक्त वस्तु व्यंग्य और अलंकार व्यंग्य तथा वाच्यवस्तु और वाच्यालंकार की भी रमणीयता के प्रयोजक अलंकार होते हैं। इसमें रसगंगाधरकार को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं। जब वहाँ "व्यंग्यस्य" से रस को लिया जायगा तभी नागेशभट्ट के भी अनकूल होगा। "रसगंगाधर" के एकमात्र संस्कृत टीकाकार पं० नागेशभट्ट ने वहाँ (व्यंग्यस्य में) भेद अर्थ में षष्ठी विभक्ति मानी है, जिससे यह अर्थ किया जाता है कि काव्य का आत्मा जो व्यंग्य भेद अर्थात् रस, उसकी रमणीयता के प्रयोजक अलंकार होते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्रिविध व्यंग्य को काव्य का आत्मा मानने वालों की दूसरी दलील भी ठीक नहीं जँचती। वस्तु और अलंकार प्रधान को काव्य मांनने का यह तात्पर्य नहीं लगाया जा सकता कि काव्य का आत्मा वस्तुध्वनि एवं अलंकार ध्वनि भी हैं। पंडितराज ने काव्यत्त्व तो लक्षणामूला ध्वनि—अर्थान्तर संक्रमितवाच्य एवं अत्यन्त तिरस्कृतवाच्य में भी माना है तो उसे क्यों नहीं काव्य का आत्मा कहते? एवं जहाँ अर्थ चमत्कृति से उपस्कृत शब्द चमत्कृति हो उस अधम काव्य में एवं व्यंग्यचमत्कार समानाधिकरण वाच्यचमत्कार अर्थात् गुणीभूत व्यंग्य में भी काव्यत्मत्व चला जायगा, जो त्रिविध व्यंग्य को भी काव्य का आत्मा मानने वालों के मत के विरूद्ध हो जायगा। पंडितराज ने तो रस निरूपण के अवसर पर स्पष्ट कर दिया है कि काव्य का आत्मा (काव्य में परमरमणीय) रसध्वनि है :—

"एवं पञ्चात्मके ध्वनौ परमरमणीयता रसध्वने स्तदात्मा रसस्तावदभिधीयते।" अर्थात् "तीन अभिधा मूलध्वनि और दो लक्षणामूलध्वनि में रस ही परमरमणीय है और वही ध्वनि का आत्मा है, अतः उसका निरूपण किया जा रहा है।" उपर्युक्त पंक्ति से यही सिद्ध होता है कि पंडितराज रस को काव्य में आत्मस्थानी मानना चाहते हैं। इसीलिये (काव्य का आत्मा रस मानने के ही कारण) गुण विवेचन के समय आत्मा को निर्गुण मानकर गुणों को चित्तवृत्ति रूप एवं रसप्रयोज्य माना है :—"किं चात्मके निर्गुणतयात्मरूप रसगुणत्वं माधुर्यादीनामनुपपन्नम्।"

ध्वन्यालोककार ने भी "काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति बुधैः" से भूमिका प्रारम्भ करके अन्त में यही सिद्ध किया है कि काव्य में परमरमणीय अत एव आत्मस्वरूप रस ही है। क्योंकि "काव्यस्यात्मा स एवार्थस्तथा चादि कवेः पुरा। क्रौञ्चद्वन्द्व वियोगोत्थः शोकः श्लोकत्वमागतः।" यहाँ "स एवार्थः" से प्रतीयमान का तृतीयप्रभेद रस ही लिया जायगा। इसलिये कि इस कारिका से पहले "तृतीयोऽपि प्रभेदो वाच्याद्भिन्न एव स्थितम्।" लिखकर रसप्रभेद को वाच्य से भिन्न सिद्ध किया गया है। इसलिये जो कहते हैं कि ध्वनिकार ने प्रतीयमान अर्थ को काव्य का आत्मा माना है, उनका कहना भी उचित नहीं। ध्वन्यालोककार ने तो रसनिरूपण के लिये ही सर्वप्रथम सहृदयश्लाध्य अर्थ को काव्य का आत्मा माना है, जिसके वाच्य और प्रतीयमान दो भेद होते हैं—

"योऽर्थः सहृदय श्लाघ्यः काव्यात्मेति व्यवस्थितः।
वाच्य प्रतीयमानाख्यौ तस्य भेदावुभौ स्मृतौ॥"

फिर प्रतीयमान अर्थ को काव्य में रमणीय अङ्गना के लावण्य के समान माना है और उसके वस्तु, अलंकार और रसध्वनि तीन भेद मानकर तीसरे रस रूप भेद को वस्तुतः काव्य का आत्मा माना है। वस्तु और अलंकार ध्वनि में काव्यात्मत्व मानना तो केवल भूमिकामात्र है। जैसे आत्मा के निरूपण के लिये दार्शनिकों ने सर्व प्रथम स्थूल शरीर को, फिर इन्द्रियग्राम को बाद में मन को मानते हुए उसके वास्तविक स्वरूप को स्पष्ट किया है। उसी प्रकार से अर्थ से चल कर रस में काव्यात्मत्व मानने में ऐतिहासिकता एवं उसकी भूमिका मात्र है। इसी का उल्लेख ध्वन्यालोक के सर्व प्रसिद्ध एवं सर्वमान्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टीकाकार श्री अभिनव गुप्त पादाचार्य ने "काव्यस्यात्मा स एवार्थः" इस कारिका की व्याख्या के अवसर पर लोचन में किया है—

"एवं प्रतीयमानं पुनरन्यदेव" इतीयता ध्वनि स्वरूपं व्याख्यातम्। अधुना काव्यात्मत्वमिति हासव्याजेन च दर्शयति—काव्यस्यात्मेति। स एवेति प्रतीयमानमात्रेऽपि प्रक्रान्ते तृतीय एव रसध्वनि रिति मन्तव्यं, इतिहासबलात् प्रक्रान्तवृत्ति ग्रन्थार्थबलाच्च। तेन रस एव वस्तुतः आत्मा, वस्त्वलंकारध्वनि तु सर्वथा रसं प्रति पर्यवस्येते इति वाच्यादुत्कृष्टौ तावित्यभि प्रायेण "ध्वनिः काव्यस्यात्मेति सामान्येनोक्तम्।"

(अर्थात् इस प्रकार से "प्रतीयमानं पुनरन्यदेव" इस कारिका के द्वारा ध्वनि स्वरूप की व्याख्या की गई। अब इतिहास के बहाने काव्य का आत्मा दिखलाया जा रहा है—"काव्यस्यात्मा स एवार्थः" "काव्य का आत्मा वही अर्थ है" यहाँ पर 'स एव' अर्थात् 'वही है' इस शब्द के द्वारा प्रतीयमान मात्र अर्थ के उपस्थित होने पर भी उसमें तीसरा भेद रसध्वनि ही मानना चाहिए। क्योंकि इतिहास के द्वारा और उपस्थितवृत्ति के द्वारा रस रूप प्रतीयमान अर्थ ही लिया जा सकता है। अतः रस ही वस्तुतः काव्य का आत्मा है, वस्तु ध्वनि और अलंकार ध्वनि तो सर्वथा रस में ही पर्यवसित होते हैं, हाँ, वे वाच्य से उत्कृष्ट भले ही हैं। इस अभिप्राय से "काव्यस्यात्मा ध्वनिरिति बुधैः" ये शब्द सामान्यतया उक्त हैं।)

आगे वृत्ति ग्रंथ में स्वयं आनन्दवर्धनाचार्य ने यह स्पष्ट किया है कि अनेक प्रकार के अर्थ, शब्द एवं रचना के विस्तार के सुंदर जो काव्य उसका वही—प्रतीयमान रसरूप अर्थ ही सारभूत है अर्थात् आत्मा है :—"विविध वाच्यवाचकरचना प्रपंचचारुणः काव्यस्य स एवार्थः सारभूतः।" और इसीलिए ध्वनिकार ने शीघ्रही रस का ही उदाहरण दिया है। उसके भी आगे उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रतीयमान के अन्यभेदों के होने पर भी रसभाव मुख से ही वह उपलक्षित होता है।

इस उपर्युक्त विवेचन से यह सिद्ध किया गया कि ध्वनिकार ने भी रस को ही काव्य का आत्मा माना है और उसमें संदेह का रंचमात्र भी स्थान नहीं। व्यक्ति विवेककार ने भी इसे स्वीकार किया है कि काव्य का आत्मा रसादि रूप अर्थात् रस भावादि असंलक्ष्यक्रम व्यंग्य है, इसमें किसी का विरोध नहीं—

"काव्यस्यात्मनि संज्ञिनी रसादिरूपे न कस्यचिद्विमतिः।"

—व्यक्ति विवेक

मम्मट ने भी काव्य में आत्मस्थानी रस को ही माना है। इसीलिए ओज, माधुर्य और प्रसाद इन तीनों गुणों को शौर्यादि गुणों के समान आत्मा का गुण माना है, जो आत्मा रूप रस के साक्षात् उत्कर्षाधायक होते हैं। उन्होंने अलंकारों को शब्दार्थों की शोभा बढ़ाते हुए आत्मा रूप रस की परंपरा शोभा बढ़ाने वाले कटक कुंडल के समान माना है। गुण का लक्षण करते हुए लिखा है—

"ये रसस्याङ्गिनो धर्मा शौर्यादय इवात्मनः।
उत्कर्ष हेतवस्ते स्युरचलस्थितयो गुणाः॥"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात् जो अङ्गीभूत रस के उत्कर्ष हेतु होते हैं वे, जिस प्रकार शौर्यादिगुण आत्मा के उत्कर्षक होते हैं वैसे ही होने के कारण गुण कहलाते हैं। रस के साथ उनकी अचल स्थिति है, अर्थात् वे रस के बिना नहीं रह सकते, उसके साथ उनका अविनाभाव संबन्ध है। इसी प्रकार से अलंकार का लक्षण करते हुए मम्मट ने लिखा है—

"उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित् ।
हारादिवदलंकारास्ते ऽनुप्रासोपमादयः ॥"

अङ्गीभूत रस के स्थित रहते हुये जो अङ्गों (शब्दार्थों) के माध्यम से रस की शोभा का उत्कर्ष करें वे तो हारादि अलंकारों के समान होने के कारण अनुप्रास, उपमादि अलंकार हैं।

इस प्रकार से हम देखते हैं कि काव्य के आत्मा के संबन्ध में ध्वन्यालोककार, लोचनकार, व्यक्तिविवेककार, काव्यप्रकाशकार एवं रसगंगाधरकार में किसी प्रकार का वैमत्य नहीं है। वे सभी एक स्वर से काव्य का आत्मा रसादिरूप असंलक्ष्य क्रमव्यंग्य को मानते हैं। हाँ, पंडितराज ने व्यंग्य की ही रमणीयता के प्रयोजक अलंकारों को न मानकर वाच्यवस्तु और वाच्यालंकार की भी रमणीयता के प्रयोजक अलंकारों को माना है।

उपर्युक्त विवेचन से यह निश्चित हो जाता है कि रसगंगाधरकार ने काव्य का आत्मा रस ही माना है, जिससे आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, महिमभट्ट, मम्मट और साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ महापात्र भी सहमत हैं। उन्होंने त्रिविध व्यंग्य को काव्य का आत्मा नहीं माना है। ध्यान रहे कि सभी आचार्यों ने रस से असंलक्ष्यक्रम व्यंग्य को लिया है।

---

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# चरक संहिता और कवि अश्वघोष

## अत्रिदेव विद्यालंकार

कवि अश्वघोष का समय निश्चित करने में चरक संहिता का विशेष महत्त्व है। यह विचार बहुत समय से प्रसिद्ध है कि कनिष्क की राज्यसभा में अश्वघोष थे और कनिष्क के राजवैद्य का नाम चरक था। चरक कौन था यह प्रश्न पृथक् है। चाहे इसने चरक संहिता का प्रति संस्करण किया अथवा दूसरे चरक ने यह भिन्न प्रश्न है।

उपलब्ध चरकसंहिता के बहुत से वचन, उपमायें, दार्शनिक शब्द अश्वघोष की रचना में मिलते हैं। हमारे सामने इस समय अश्वघोष की दो ही रचनायें हैं, एक सौन्दरानन्द काव्य और दूसरा बुद्ध चरित। दौर्भाग्य से बुद्धचरित का मूल सम्पूर्ण नहीं मिलता; आधे भाग का अनुवाद ही मिलता है। इतनी सामग्री के आधार पर ही बहुत कुछ जानकारी मिलती है।

लेखक के समय या उसके विचारों की जानकारी के लिये उसके कार्य-रचना से उत्तम और सबल प्रमाण दूसरा नहीं होता। इसलिये अश्वघोष की रचनाओं की चरक संहिता से तुलना करके देखने में बहुत सी बातें स्पष्ट हो जाती हैं। साथ ही जब हम देखते हैं कि कालिदास जैसे पिछले कवियों ने तथा उसके पीछे के दार्शनिक जगत में वे शब्द एक दम से लुप्त हो गये; उनका चलन एक दम से समाप्त हो गया।

इस प्रकार का एक शब्द **'धातुसाम्य'** है। आयुर्वेद में (चरक में) धातु साम्य का अर्थ स्वस्थता-प्रकृतिस्थ है। इस अर्थ में यह शब्द सुश्रुत संहिता में नहीं मिला। चरक संहिता में अत्रिपुत्र ने यह शब्द मुक्त रूप में व्यवहार किया है; यथा—

······कार्यं धातु साम्यमिहोच्यते।
धातुसाम्य क्रिया चोक्ता तन्त्रस्यास्य प्रयोजनम्॥ सू. १।५३.

चिकित्सा का कार्य ही धातु साम्य है; इस तंत्र का प्रयोजन भी धातु साम्य ही। धातुओं की विषमता नाम ही विकार रोग है [विकारो धातु वैषम्यमू–सू. अ. ९]। धातुसाम्य होना ही कुशल-मंगल है।

इसीलिये भगवान बुद्ध जब अराड् के पास पहुंचे, तब उन्होंने बुद्ध का कुशल मंगल पूछने में धातु साम्य शब्द का ही प्रयोग किया—

तावुभौ न्यायतः पृष्ट्व धातु साम्यं परस्परम्।
दारव्योर्मध्ययोर्वृष्योः शुचौ देशे निषेदतुः॥ बु. च. १२

एक दूसरे का धातु साम्य-कुशल मंगल पूछने के वाद वे दोनों दो वृक्षों के बीच में पवित्र-साफ़ स्थान पर बैठ गये।



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


कालिदास यह अन्य दूसरे कवियों की रचना में कुशल मंगल के अर्थ में धातु साम्य के स्थान पर कुशल शब्द मिलने लगता है [ अव्यापन्नः कुशलमबले पृच्छति त्वां वियुक्तः- मेघदूत; क्वचित्ते कुशलम्-इत्यादि ]। धातु साम्य शब्द चरक संहिता के पीछे सुश्रुत संहिता में भी नहीं मिलता।

अश्वघोष की उपमायें भी चरक संहिता के साथ मिलती हैं; ये उपमायें भी पीछे के कवियों की रचना में नहीं मिलती। उदाहरण के लिये—

(१) **चित्रघट की उपमा**—मंगल कार्यों में कच्चे घड़ों पर चूना पोत कर उस पर चित्रकारी की जाती है, इनको मंगल घट कहा जाता है। ये मंगल घट सिवाय मंगल कार्य के किसी अन्य काम नहीं आते इनसे जल कार्य नहीं लिया जा सकता। इन्हीं घटों को उपमा अत्रिपुत्र ने कालमृत्यु और अकाल मृत्यु का निश्चय करने में दी है। यदि इन घटों को सुरक्षित रूप में रक्खा जाये तो बहुत समय तक रहते हैं; और यदि सुरक्षित रूप में न रक्खें-ठीक देख भाल न करें तो जल्दी ही टूट जाते हैं; यही बात आयु के साथ है। यदि आयु की सुरक्षा की जाये तो मृत्यु काल में होती है और ठीक प्रकार से न की जाये तो अकाल में मृत्यु होती है।

अश्वघोष ने भी शरीर की उपमा मिट्टी के घड़े से ही दी है यथा—

शरीरमामादपि मृन्मयाद् घटादिदं तु निःसारतमं मंत मम।
चिरं हि तिष्ठेद् विधिवद् धृतो घटः समुच्छ्रयोऽयं सुधृतोपि भिद्यते॥
सौ. ९।११

केवल आयु और शरीर शब्द का ही भेद है। अत्रिपुत्र ने आयु की उपमा मिट्टी के घड़े से की है, कवि ने शरीर की उपमा की है।

२—**चित्र प्रदीप** की उपमा भी इसी प्रकार की है। चित्र में बने प्रदीप से प्रदीप का काम नहीं होता; न तो वह प्रकाश देता है और न दूसरे दीपक को जलाने में समर्थ होता है। इसी प्रकार से वीर्य रहित नपुंसक पुरुष का जीवन अत्रिपुत्र ने बताया है। जिस प्रकार से चित्र में चित्रित प्रदीप देखने मात्र के लिये ही प्रदीप है; उसी प्रकार से संतान रहित पुरुष भी देखने मात्र को ही पुरुष है।

कवि अश्वघोष ने भी बनावटी भिक्षु की उपमा चित्र प्रदीप से की है, उसका साधु वेश केवल दिखावा है—

पाणौकपालमवधाय विधाय मौण्ड्यं
मानं निधाय विकृतं परिधाय वासः।
यस्योद्भवो न धृतिरस्ति न शान्तिरस्ति
चित्रप्रदीप इव सोऽस्ति च नास्ति चैव॥ सौ. ७।४८.

चरक संहिता की शब्द रचना एवं भावों के साथ कवि की शब्द रचना और भाव बिल्कुल मिलते हैं। देखिये वसन्त वर्णन—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


कवि अश्वघोष की रचना—

निरीक्षमाणस्य जलं सपद्मं वनं च फुल्लं परपुष्टजुष्टम् ।
कस्यास्ति धैर्यं नवयौवनस्य मासे मधौ धर्मसपत्नभूते ॥ सौंदरा ४।२३

अत्रिपुत्र की रचना मिलाइए—

सुखा सहायाः परपुष्टघुष्टाः फुल्ला वनान्ताः विशदान्नपानाः ।
वयो नवं जातमदश्च कालो हर्षस्य योनिः परमानराणाम् ॥

इसमें परपुष्टधुष्टा=परपुष्टजष्टम्; फुल्ला वनान्ता=वनं च फुल्लं; वयो नवं=नवयौवनस्य; जातमदश्च कालः=धर्मसपत्नभूते; ये शब्द एक ही सांचे के ढले दीखते हैं; धर्मसपत्नभूते=जातमदश्चकालः—ये दोनों शब्द वस्तुस्थिति को स्पष्ट करते हैं ।

इनसे भी बढ़कर दार्शनिक शब्द रचना है। ये शब्द ऐसे हैं; जिनके नाम और इनकी व्याख्या सिवाय अत्रिपुत्र और कवि अश्वघोष की रचना के सिवाय कहीं भी आप को देखने में नहीं मिलेगी। दर्शनशास्त्र में भी ये शब्द इस अर्थ में कहीं भी नहीं बरते गये। आस्तिक और नास्तिक दोनों दर्शनों के विद्वानों ने इन शब्दों पर विचार नहीं किया। केवल चरकसंहिता और अश्वघोष की रचना में ही इनका प्रयोग है और वह भी एक ही अर्थ में। यथा—

संसार में प्रवृत्ति और निवृत्ति एवं मोक्ष का उपाय बताते हुए अत्रिपुत्र ने अग्निवेश को कहा—"मोह, इच्छा, द्वेष, धर्म, अधर्म, कर्म इनके कारण से प्रवृत्ति होती है। इनके कारण से अहंकार, **संग, संशय, अभिसंप्लव, अभ्यवपात, विप्रत्यय, अविशेष** और **अनुपाय** होते हैं: जिस प्रकार से बड़ी शाखाओं वाला वृक्ष छोटे वृक्ष को दबा लेता है; उसे पनपने नहीं देता, उसी प्रकार से ये सात पुरुष को घेर लेते हैं और मोक्ष में प्रवृत्त नहीं होने देते। इनसे दबा मनुष्य अपने वास्तविक रूप को नहीं पहिचान पाता। इनमें—

जाति–रूप वित्त–वृत्त–बुद्धि–शील–विद्या–अभिजन–वय–वीर्य–प्रभाव से मैं सम्पन्न हूँ—बड़ा हूँ—ऐसा समझना **अहंकार है** [ धर्मकीर्ति ने प्रमाणवार्त्तिक में कहा है—स्नान से धर्म मानना, जाति का अभिमान—ये ध्वस्त प्रज्ञावालों की मूर्खता के चिन्ह हैं ]।

मन-वाणी-कर्म से मोक्ष के लिये काम न करना **संग** है। कर्मफल, मोक्ष, पुनर्जन्म, पुरुष आदि हैं या नहीं यह **संशय** है। सब अवस्थाओं में अपने को ब्रह्म से अभिन्न मानना, मैं बनाने वाला हूँ, स्वभाव से ही मैं सिद्ध हूँ, शरीर-इन्द्रय-बुद्धि-स्मृति में अपने को राशि पुरुष समझना **अभिसंप्लव** है। माता-पिता-भाई-पत्नी, पुत्र-बन्धु; मित्र-भृत्य मेरे हैं और मैं इनका हूँ—**अभ्यवपात** है। कार्य में अकार्य, शुभ-अशुभ–हित-अहित में विपरीत बुद्धि, का होना **विप्रत्यय** है। ज्ञान-अज्ञान में; प्रकृति-विकृति में; प्रवृत्ति और निवृत्ति में एक समान बुद्धि रखना **अवशेष** है। प्रोक्षण, अनशन, अग्निहोत्र, त्रिषवण, अभ्युक्षण, आवाहन यजन, याजन, सलिल प्रवेश, अग्नि प्रवेश आदि कार्यों का करना **अनुपाय** है।

जिस प्रकार से वृक्ष पक्षियों के बैठने का स्थान होता है; उसी प्रकार से धी, धृति, स्मृति, अहंकार से भरा, दुनियाँदारी में फंसा, अभिसंप्लव बुद्धि वाला; अन्यथा दृष्टि एवं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


अविशेष ग्राही, विमार्ग में जाने वाला यह मनुष्य मन-शरीर के सब दोषों के कारण सब दुःखों से पीड़ित होता है। इस प्रकार अहंकार आदि दोषों से विभ्रमित मनुष्य प्रवृत्ति को नहीं छोड़ता; यही प्रवृत्ति पाप का मूल है [ शा० अ० ५।१० ]।

भगवान बुद्ध को भी अराड् ने इसी उपदेश को इसी प्रकार दिया है; कवि अश्वघोष के शब्दों में पढ़िए—

विप्रत्ययादहङ्करात्संदेहादभिसंप्लवात् ।
अविशेषानुपायाभ्यां संगादभ्यवपाततः ॥
तत्र विप्रत्ययो नाम विपरीतं प्रवर्त्तते ।
अन्यथा कुरुते कार्यं मन्तव्यं मन्यतेऽन्यथा ॥
ब्रवीम्यहमहं वेद्मि गच्छाम्यहमहं स्थितः ।
इतीहैवमहंकारस्त्वनहंकार वर्त्तते ॥
यस्तु भावानसंदिग्धानेकी भावेन पश्यति ।
मृत्पिण्डवद संदेह संदेहः स इहोच्यते ॥
य एवाहं स एवेदं मनो बुद्धिश्च कर्म च ।
यश्चैवेष गणः सोऽहमिति यः सोऽभिसंप्लवः ॥
अविशेषं विशेषज्ञ प्रति बुद्धा प्रबुद्धयोः ।
प्रकृतिनां च यो वेद सोऽविशेष इति स्मृतः ॥
नमस्कारवष्टकारो प्रोक्षणाभ्युक्षणादयः ।
अनुपाय इति प्राज्ञैरुपायज्ञः प्रवेदितः ॥
सज्जते येन दुर्मेधा मनोवाग्बुद्धि कर्मभिः ।
विषयेष्वपनभिष्वङ्ग सोऽभिष्वङ्ग इति स्मृतः ॥
ममेदमहमष्येति यद् दुःखमभिमन्यते ।
विज्ञेयोऽभ्यवपातः स संसारे येन पात्यते ॥ बुद्ध० च० १२।२४–३२

ये वचन अत्रिपुत्र के प्रवृत्ति मार्ग से मिलते हैं। इससे इतना स्पष्ट है कि भगवान बुद्ध के समय ये वचन इन्हीं अर्थों में प्रवृत्त थे। जिनको कि कवि अश्वघोष और प्रति-संस्कर्त्ता चरक ने एक समान सुरक्षित किया।

इसके सिवाय पुनर्जन्म की विवेचना भी दोनों में एक समान है; चरक संहिता में पुनर्जन्म सिद्ध करने का प्रयत्न किया है, अश्वघोष ने भी पुनर्जन्म की समीक्षा की है। इससे इतना स्पष्ट है कि उस समय यह प्रश्न सन्देह का विषय था। क्योंकि बहुत से दर्शन पुनर्जन्म को नहीं मानते थे; उनकी दृष्टि में यही जीवन है; मृत्यु के पीछे फिर कुछ नहीं रहता। इसलिये इस सन्देह को अत्रिपुत्र और अश्वघोष दोनों ने दूर करने का यत्न किया है। अश्वघोष के शब्द देखिये—

पुनर्भवोऽस्तीति च केचिदाहुर्नास्तीति के चित् नियत प्रतिज्ञाः ।
एवं यदा संशयितोऽयमर्थस्तस्मात्क्षमं भोक्तुमुपस्थिताश्रीः ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


अस्तीति केचित्परलोक माहूर्मोक्षस्य योगं न तु वर्णयन्ति ।
अग्नेर्यथा ह्यौष्णमपां द्रवत्वं तद्वत्प्रवृत्तौ प्रकृतिं वदन्ति ।।

सौ० ९.५५; ५७

चरक संहिता में पुनर्जन्म का विचार सूत्र० अ० ११ में किया गया है।

इनके सिवाय आकाश को छोड़कर शेष चार भूतों का विचार; बालों की श्रेष्ठता, चैत्ररथवन, चरक संहिता में वर्णित यज्जः पुरुषीय अध्याय सम्बन्धी विचार अश्वघोष की रचना में पूर्णतः प्रतिविम्बित हैं। जिनके आधार पर बिना संशय के कहा जा सकता है कि अश्वघोष और चरक का समय एक ही हैं; और सम्भवतः ये दोनों समकालिन और एक ही राजा (कनिष्क) के आश्रित हों।[१]

इस समानता को देखकर अश्वघोष को कालिदास से अवश्य पूर्ववर्त्ती कहना पड़ता है। कालिदास की रचना में चरक संहिता की झलक नहीं। परन्तु कालिदास की रचना दृढ़बल से पूर्ण किए चरक संहिता के भाग से बहुत मिलती है। दृढ़बल का समय तृतीय शती का उत्तरार्द्ध या चतुर्थ शती का प्रारम्भ है।[२] कनिष्क का समय ईसा की प्रथम शती या उससे पूर्व का समय सामान्यतः माना जाता है।

में विश्वास करता हूँ कि विद्वत् जन इस पर विचार करने की कृपा करेंगे। अभी तक यह प्रकरण सर्वथा अछूता रहा।

---

[१] **'संस्कृत साहित्य में आयुर्वेद'** भारतीय ज्ञानपीठ—बनारस से प्रकाशित—पुस्तक से इसमें सहायता ली है, इसके लिये आभारी हूँ।

[२] देखिए अत्रिदेव विद्यालंकार का आयुर्वेद का वृहत् इतिहास।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# "पार्श्वनाथ विद्याश्रम आदि विद्यासंस्थाएँ"

## 'दलसुख मालवणिया'

बनारस हिन्दूयूनिवर्सिटी का ध्येय प्रारम्भ से ही रहा है कि भारतीय प्राचीन विद्याओं का भी आधुनिक विद्याओं के साथ अध्ययन-अध्यापन और संशोधन हो। इस दृष्टि से सेन्ट्रल हिन्दू कालेज़ के अतिरिक्त संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना महामना पं० मालवीय जी ने की थी। उस महाविद्यालय में भारत के चुने हुए विद्वानों को अध्यापक के स्थान में बिठाने का उनका प्रयत्न था। प्राचीन भारत की सभी विद्याओं का प्रबन्ध उन दिनों आर्थिक कठिनाई के कारण संभव नहीं था फिर भी महामना का इस दिशा में प्रयत्न अवश्य रहा। फलस्वरूप वे जैनज्ञानपीठ के लिए श्वेताम्बर जैन कोन्फरेन्स से अनुदान प्राप्त कर के पं० सुखलाल जी संघवी को जैन दर्शन के अध्यापकपद पर नियुक्त करने में समर्थ हुए। पं० सुखलाल जी बनारस में आये किन्तु उनकी प्रकृति के अनुसार वे केवल अध्यापन से सन्तुष्ट होकर बैठने वाले नहीं थे। उनकी प्रेरणा से यूनिवर्सिटी के सान्निध्य में ई० १९३७ में पार्श्वनाथ विद्याश्रम की स्थापना अमृतसर के लाला हरजसराय जी आदि ने की। यह संस्था हिन्दूयूनिवर्सिटी में जैनदर्शन और धर्म के अध्येताओं के लिए रहने आदि का प्रबन्ध तो करती ही है साथ ही छात्रवृत्ति भी देती है। संस्कृत महा-विद्यालय में जैन दर्शन की शास्त्री और आचार्य परीक्षाओं के छात्रों को तथा बी० ए० और एम० ए० में जैनदर्शन को वैकल्पिक विषय लेने वाले छात्रों को मासिक १० रुपये से लेकर २५ रुपये तक और विशेषावस्था में पचास रुपये तक भी छात्रवृत्ति दी जाती है। इसके उपरान्त पी० एच० डी० के लिए जैनधर्म या दर्शन से संबन्धित किसी भी विषय में संशोधन करने वाले छात्र को मासिक ७५ रुपये से लेकर १५० रुपये तक देने की भी व्यवस्था की गई है। और पी० एच० डी० के थीसिस को मुद्रित करने की भी व्यवस्था है।

पार्श्वनाथ विद्याश्रम की ओर से विशिष्ट विद्वानों को आमंत्रित करके यूनिवर्सिटी में व्याख्यान दिलवाने का प्रबन्ध भी किया है। वे व्याख्यान संस्था द्वारा प्रकाशित भी होते हैं। जैन साहित्य निर्माण योजना समिति के नाम से पार्श्वनाथविद्याश्रम ने डा० वासुदेवशरण की अध्यक्षता में एक समिति कायम की है। यह समिति जैन साहित्य के इतिहास के निर्माण में विविधि विषय के विद्वानों के सहकार से दत्तचित्त है। यह इतिहास ३००० पृष्ठों का होगा और म० महावीर से लेकर आधुनिक काल तक जो विविध विषय का महत्त्वपूर्ण साहित्य जैनाचार्यों ने लिखा है उसका विवरण उसमें दिया जायेगा। चार खण्डों में संपन्न होने वाले इस बृहत्काय इतिहास का मुद्रण कार्य ई० १९५९ में प्रारम्भ हो जायेगा।

आश्रम म शतावधानी रत्नचन्द्र पुस्तकालय है जिससे ६००० से भी अधिक पुस्तकें भारतीय और विदेशी धर्म और दर्शन, इतिहास और समाज शास्त्र आदि विषय की संगृहीत की गई हैं। और प्रत्यके वर्ष में इसमें वृद्धि की जाती है। यह पुस्तकालय सब के लिए खुला है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



श्रमण नाम की एक मासिक पत्रिका भी प्रकाशित होती है ।

## जैन कल्चरल रिसर्च सोसायटी

हिन्दूयुनिवर्सिटी के पोलिटिक्स के भूतपूर्व प्रोफेसर डा० बूलचन्द्र जी के सत्प्रयत्न से १९४६ में पं० सुखलाल जी आदि ने मिलकर जैनकल्चरल रिसर्च सोसायटी की स्थापना की थी। यह संस्था यूनिवर्सिटी में पी० एच० डी० की डिग्री के लिए संशोधन करने वाले छात्रों को यदि वे जैन धर्म या दर्शन से संबद्ध किसी विषय को लेते हैं तो फेलोशिप देकर उनको प्रोत्साहन देती है। तथा असांप्रदायिक दृष्टि से लिखे गये संशोधनात्मक और मौलिक साहित्य को प्रकाशित भी करती है। अब तक छोटी पत्रिकाओं के रूप में इस संस्था द्वारा ३० निवन्धों का प्रकाशन हुआ है तथा छोटी वड़ी १३ पुस्तकें भी प्रकाशित की गई हैं जिनमें डि० लिट् डिग्री के लिए लिखा गया महानिबंध भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विद्वानों को आमंत्रित करके यूनिवर्सिटी में व्याख्यानों का आयोजन भी किया जाता है।

## प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी

जैन आचार्यों द्वारा लिखा गया प्राकृत भाषा का साहित्य भारतीय संस्कृति के अध्येताओं के लिये बहुमूल्य सामग्री से संपन्न है। किन्तु आधुनिक पद्धति से संशोधित होकर उसका शतांश भी प्रकाशित नहीं हुआ है। इस कमी को दूर करने की दृष्टि से राष्ट्रपति डा० राजेन्द्रप्रसाद जी के सत्प्रयत्न से ई० १९५३ में प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी की स्थापना नई दिल्ली में हुई थी। और इसके प्रथम अध्यक्ष हिन्दू यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य नरेन्द्रदेव थे। उनके निधन के बाद कुछ समय तक श्री डा० भगवानदास अध्यक्ष रहे। और अब उस सोसायटी का कार्यालय बनारस में ही आ गया है ओर उसके अध्यक्ष हिन्दू यूनिवर्सिटी के कुलपति श्री डा० वेणीशंकर झा हैं।

सोसायटी द्वारा हाल में ही "अंगविज्जा नामक ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। यह ग्रन्थ तो ज्यौतिष विषय से संबद्ध है किन्तु यह भारतीय प्राचीन संस्कृति के अध्येताओं के लिये विविध विषय की सामग्री का भंडार है। वस्त्र, पात्र, नौका, प्राचीन मुद्रा, शिल्प, स्थापत्य आदि से संबद्ध नामों की सूचियाँ इसमें जो दी गई हैं वे अन्यत्र दुर्लभ हैं।

सोसायटी द्वारा शीघ्र ही प्रकाशित होने वाले अन्य गन्थ ये हैं—पउमचरिय, चउपन्न-महापुरसचरिय, प्राकृतपैङ्गलम्, सूत्रकृतांग चूर्णि और दशवैकालिक चूर्णि आदि।

---

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

# ज्योतिष सम्बन्धी एक महत्त्वपूर्ण दृष्टिकोण

पीलीभीत
रविवार २७-७-१९५८ ई०

प्रिय……

सप्रेम हरिस्मरण-सादर अभिवादन-कृपा पत्र मिला-एतदर्थ धन्यवाद। ज्योतिष सम्बन्धी मेरे दृष्टिकोण से आप जैसे विद्वान प्रभावित हो सके हैं, यह ज्ञात करके मुझको अत्यन्त हर्ष व सन्तोष हुआ। विक्टर ह्यूगो का कथन God makes His will visible through Events पूर्णतया सत्य है। परन्तु मैं तो इसको दूसरे अर्थ में रखना चाहता हूँ। God makes "Himself" visible through Events (By "Himself" I mean the Nirākāra)

हमारा मन निरन्तर किसी न किसी घटना (Events) को ही सोचा करता है। अमुक मुकदमा जीत जाएं। लाटरी निकल आए। मोटर मिल जाए। अमुक का नाश हो जाए। अमुक स्त्री सुन्दर है मिल जाए। पुत्र विद्वान हो। धनवान हो। सुन्दर मिले। आम खाने का मिले। अमुक व्यक्ति को फांसा जाए। उसके धन अथवा शक्ति का अपहरण किस किस प्रकार हो। अमुक बात हो जाए तो अच्छा है। बुरा है। आदि २। यह सब घटनाएँ ही तो हैं। जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं अथवा कर्म करते रहते हैं वह सब एक अटूट जंजीर है कि जिसकी प्रत्येक कड़ी कोई न कोई घटना होती है और ऐसी प्रत्येक कड़ी अर्थात् घटना की उत्पत्ति सत्, रज व तम इन तीनों में से किसी एक गुण पर अवलम्बित होती है। इन घटनाओं के गुण व स्वभाव के अनुकूल वातावरण बनता रहता है। जैसे २ घटनाएँ भूत में विलीन होती जाती हैं तैसे २ वातावरण भी बदलता रहता है। प्रत्येक घटना में निहित शक्ति (Effect) छिपी रहती है जिसके बल द्वारा घटनाओं के साथ २ वातावरण का रूप भी हमको बदलता दिखाई देता रहता है।

हमारे मन पर सत, रज व तम गुणों का प्रभाव निरंतर बना रहता है और भाग्य में लिखित या यह कहिए कि भगवान के निश्चित विधानानुकूल कर्मफल द्वारा प्रेरित उन्हीं तीनों गुणों के अधीन भावनाएँ जाग्रत होती हैं और ऐसी प्रत्येक भावना अपने स्थान पर एक घटना ही बन जाती है और प्रत्येक घटना सत, रज, तम इनमें से किसी भी गुण के समय समय पर जाग्रत होते रहने से ही मन में स्थान बनाती है। इस प्रकार हमारा मन घटनाचक्र में निरन्तर फँसे रहने के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं कर सकता। ज्योतिष के अध्ययन से हम इस घटना चक्र के अस्तित्व को समझ पाते हैं। कारण कि हमारा दृष्टि कोण (perspective) उसको पहिचानने व समझने के योग्य बन जाता है। एकबार घटना चक्र को समझ लेने के बाद धीरे धीरे उससे मोह भी छूटता जाता है और अन्त में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri


